डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 8, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 29 जून 2024, वर्ष-30, अंक-251, पृष्ठ-16 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 16



नीट पर चर्चा की मांग को लेकर लोकसभा में..

सेंसेक्स
79,032.73 -210.45

डॉलर
83.351 -0.099

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,650
01 किलो 87,940

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## दो टर्म लगातार विधायक रहे आलोक विधानसभा क्षेत्र में खींचना चाहते हैं विकास की लंबी लकीर

# क्षेत्र का चहुंमुखी विकास प्राथमिकता : आलोक चौरसिया

### सिंचाई, सड़क, बिजली, पानी जैसे गंभीर मुद्दों पर विधायक रहे हैं संघर्षरत

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधान सभा क्षेत्र से लगातार दो बार विधायक रहे आलोक चौरसिया विधानसभा क्षेत्र के चहुमुंखी विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं। सिंचाई, सड़क, बिजली, पानी जैसे गंभीर मुद्दों पर सदन से लेकर सड़क तक लगातार मुखर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में पिछले 10 सालों का कार्यकाल में कई पुल, पुलिया, सड़क, सिंचाई योजनाएं सहित केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को धरातल पर उतारने में विधायक की अहम भूमिका रही है। विधायक आलोक चौरसिया शुक्रवार को राष्ट्रीय नवीन मेल हिन्दी दैनिक अखबार के कार्यालय में पहुंचे। **स्थानीय संपादक राणा अरुण सिंह** से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अखबार के निरंतर प्रकाशन पर हर्ष व्यक्त किया। कहा कि मेदिनीनगर से दैनिक अखबार का निरंतर प्रकाशन होना बड़ी गर्व की बात है। इस दौरान स्थानीय संपादक ने विधायक से कई विषयों पर बाचतीच की। प्रस्तुत है प्रमुख अंश।



**रानमेल :** क्षेत्र में आपकी क्या प्राथमिकता है।

**जवाब :** देखिए, अपने पिता स्व. अनिल चौरसिया के विचारों व उनके द्वारा अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए एक मिशन के तहत लगातार काम कर रहे हैं। जनता के हर सुख दुःख में साथ रहने के कारण वह विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार विधायक का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। क्षेत्र की विकास करना पहली प्राथमिकता है।

**सवाल :** 10 सालों में आपकी क्या उपलब्धि रही?

**जवाब :** सड़क व सिंचाई के क्षेत्र में सबसे ज्यादा काम किया गया है। पलामू कृषि प्रधान जिला है। इस कारण उनका ज्यादा फोकस खेतों के विकास पर रहा है। सड़क, बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने के अलावा सिंचाई के साधन विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

**सवाल :** कौन सी ऐसी समस्या है, जिसका निदान तत्काल जरूरी है

**जवाब :** शाहपुर कोयल पुल पर जाम लगना। ग्रामीण क्षेत्रों में पक्की सड़क का निर्माण होना बेहद जरूरी है। कोयल पर एक और पुल निर्माण के लिए वह लगातार विधानसभा में आवाज उठाते रहे हैं। इसी तरह अपने स्तर से ज्यादातर गांव की सड़ाकों को पक्की कराने का काम करा रहे हैं।

**सवाल :** विधानसभा क्षेत्र में आप किसे अपना प्रतिद्वंदी मानते हैं

**जवाब :** हंसते हुए वह अभी तक अपना प्रतिद्वंदी किसी को मानते ही नहीं है। पिछले दोनों चुनाव का रिकॉड देख लिया जाए। जनता का आशीर्वाद हर चुनाव में ज्यादा मिलने से वोट प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है।

## एक नजर

### राजधानी में दिनदहाड़े डेढ़ करोड़ के जेवर की लूट, चली गोली

**रांची।** राजधानी के आभूषण दुकान लुटेरों के निशाने पर हैं। बेलगाम अपराधियों ने महज एक पखवारे के अंदर बजरा, पंडरा व लालपुर के आभूषण दुकानों में लूट की घटना को अंजाम दिया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों की बैठक में भी कानून व्यवस्था का सवाल उठाया था लेकिन इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिला। शुक्रवार को एक बार फिर अपराधियों ने जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के एक आभूषण दुकान को निशाना बनाया। लूटपाट के दौरान अपराधियों ने यहां गोलीबारी भी की है। घटना शुक्रवार की दोपहर बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में हुई। जहां दो बाइक पर सवार युवक ग्राहक बनकर आए और आभूषण दिखाने को कहा। इसी बीच उन्होंने हथियार निकाल लिया और लूटपाट करने लगे। लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने गोली चला दी जो दुकान मालिक ओम सोनी और उनके पिता रामनाथ को गोली लगी है। गोली ओम सोनी के पेट में लगी है। इसके बाद अपराधी काफी मात्रा में जेवर लूटकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने डीपी ज्वेलर्स से एक करोड़ 50 लाख से अधिक के शेष पृष्ठ 15 पर

## झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री को मिली जमानत

# 149 दिन बाद जेल से बाहर आए हेमंत

### बोले- षड्यंत्र रचकर मुझे पांच महीने जेल में रखा गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से बरियातू के बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को जमानत दे दी। हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली। इसके पूर्व 13 जून को सुनवाई के दौरान ईडी और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसपर शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। जमानत मिलने के बाद हेमंत सोरेन शाम करीब चार बजे होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से बाहर निकले। जेल से उनकी रिहाई 149 दिन के बाद हुई, जेल के बाहर पत्नी कल्पना सोरेन ने उनका स्वागत किया। इस दौरान राज्य सरकार के मंत्री हफीजुल हसन, झामुमो महासचिव विनोद पांडेय, प्रवक्ता तनुज खत्री सहित बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं की नारेबाजी के बीच हेमंत सोरेन ने हाथ जोड़कर सभी का आभार जताया। हाईकोर्ट से जमानत का आदेश जारी होने के बाद रांची सिविल कोर्ट स्थित पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में हेमंत के भाई बसंत सोरेन और कुमार सौरव ने 50-50 हजार के दो निजी मुचलके जमा किया। जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का रिलीज ऑर्डर जारी हुआ। रिलीज ऑर्डर बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारागार भेजा गया। उसके बाद उनकी रिहाई हुई। जेल से रिहाई के बाद हेमंत ने सबसे पहले अपने पिता शिबू सोरेन और माता रूपी सोरेन से उनके मोरहाबादी स्थित आवास शेष पृष्ठ 15 पर



### राज्य में 30 जून तक सक्रिय होगा मानूसन

**रांची।** राज्य में 30 जून तक पूरे झारखंड में मॉनसून के बादल छाने और बारिश होने की उम्मीद है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र बना है। वहीं, एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल होते हुए झारखंड व बिहार की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले कुछ हफ्ते से कमजोर पड़ा मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में हलचल होने और साइक्लोनिक सकुर्लेशन के तेजी से बढ़ने के कारण अगले एक-दो दिन में झारखंड में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय हो जायेगा। बारिश होने से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में वज्रपात होने की आशंका जतायी है। इससे जानमाल की क्षति हो सकती है।

# युवक ने भाभी को तलवार से काटा, मौत

### बच्चा रिम्स रेफर, आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पांडू थाना क्षेत्र के महगांवा गांव में एक सनकी युवक ने तलवार से अपनी भाभी पर वार कर हत्या कर दी। महिला पर तीन बार वार करने के बाद युवक गांव के एक डेढ़ वर्षीय बच्चे सूर्या गुप्ता पिता बिगन साव पर भी हमला किया। गर्दन पर तलवार से हमला किया गया। बच्चा उस वक्त अपनी मां की कंधे पर था। बच्चे को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया। वहां से उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। बच्चा के गर्दन पर 25 से 30 टांके लगा है। शुक्रवार को एमएमसीएच में मृत महिला की डेड बॉडी का पोस्टमार्टम किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताते चले कि गुरुवार की शाम 7.30 बजे आशीष विश्वकर्मा उर्फ उपेंद्र विश्वकर्मा पिता शंकर विश्वकर्मा नामक युवक ने अपनी चचेरी भाभी रेखा देवी (25), पति वशिष्ठ विश्वकर्मा पर तलवार से हमला कर देने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त घर पर केवल उसकी सास थी। वह भी बच्चे को लेकर छत पर गई थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी घर में घूसा और घटना शेष पृष्ठ 15 पर



## हाइवा ने मोपेड सवार बुजुर्ग दंपति को रौंदा, पांच घंटे बाद हटा सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के तेलमरवा घाटी में शुक्रवार की सुबह रमकंडा-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर हाइवा के रौंदने से मोपेड सवार बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग उग्र हो कर मुख्य सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे चैनपुर बीडीओ नीतीश भाष्कर, अंचलाधिकारी चन्द्रशेखर कुणाल ने मुआवजा व कार्रवाई का आश्वासन देकर करीब पांच घंटे बाद सड़क से जाम हटवाया। मृतक दंपति की पहचान गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के रोहड़ा गांव निवासी 60 वर्षीय महावीर साव, उनकी पत्नी 55 वर्षीय कौशल्या देवी के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों पति-पत्नी इलाज कराने रांची गये थे। रांची से शुक्रवार की सुबह पांच बजे मोपेड से रमकंडा लौट रहे थे। इसी दौरान तेलमरवा घाटी के पास तेज गति हाइवा उन्हें रौंद दिया। घटना में मोपेड के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने क्षत-विक्षत शवों को देखकर इसकी सूचना रामगढ़ पुलिस को दी। बताया जाता है कि बुजुर्ग दंपति ही घर पर रहते थे। परिवार के अन्य सदस्य बेटा-बहू सब छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में रहते हैं। सड़क जाम कर रहे लोगों ने रोड पर हाइवा के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि रोड पर आये दिन लगातार हाइवा के तेज शेष पृष्ठ 15 पर

### पीएलएफआई के एरिया कमांडर तूफान सहित दो नक्सली गिरफ्तार, चार सौ जिंदा कारतूस बरामद

**खूंटी।** एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामार टीम ने गुरुवार को रनिया थाना क्षेत्र के गढ़सीदम के जंगली क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाकर एक बाइक पर सवार प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में संगठन का नवनियुक्त एरिया कमांडर आंद्रियास कंडुलना उर्फ तूफान (23 ) और बंदगांव थानांतर्गत ग्राम गंजना जुराटोली गांव निवासी निमुस कंडीर उर्फ मास्टर (27) शामिल हैं। तूफान शेष पृष्ठ 15 पर

# राज्य कैबिनेट में 38 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## 200 यूनिट बिजली फ्री, राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

- **मुठभेड़ में शहीद होने पर पुलिस जवान को 60 लाख रुपये और जख्मी होने पर इलाज का पूरा खर्च मिलेगा**
- **मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना शुरू की जायेगी, इसके लिए राशन कार्डधारी होना अनिवार्य**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में 38 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। झारखंड में छठा वेतनमान पा रहे पुनरीक्षित कर्मचारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने की स्वीकृति दी गई। ड्यूटी के दौरान उग्रवादी हिंसा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों और केंद्रीय सेवा के पुलिसकर्मियों को विशेष मुआवजा दिया जायेगा। मुठभेड़ के दौरान मौत होने पर 60 लाख रुपये और जख्मी होने पर इलाज का संपूर्ण खर्च दिया जाएगा। इसके अलावा शहीद के बच्चों को पढ़ाई के लिए पांच लाख रुपये और शव को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए 50 हजार दिये जायेंगे। रोड एक्सीडेंट में मृत्यु होने पर 35 लाख और बच्चे की पढ़ाई का सारा खर्च दिया जायेगा। सांप काटने या मलेरिया से मौत पर 35 लाख रुपये तक दिये जायेंगे। बताया गया कि मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना शुरू की जायेगी। राज्य में अभी 33 लाख 44 हजार से अधिक लोगों को पांच लाख का बीमा कवर दिया जा रहा है। अब इसे बढ़ाकर 15 लाख रुपये तक कर दिया गया है। इसके लिए राशन कार्डधारी होना अनिवार्य है। आयुष्मान योजना में अलग से पांच लाख रुपये का बीमा मिल रहा है। इसका लाभ 28 लाख लोगों को दिया जा रहा है।

**नक्सली या आतंकी घटना में नागरिकों की मौत पर मुआवजे की** शेष पृष्ठ 15 पर




## आज | कल




## इंडिया



**सुनील बादल**

*माननीय उच्च न्यायालय ने ट्रैफिक सुधार के अनेक आदेश दिए पर सिर्फ हेलमेट जांच से मामला आगे नहीं बढ़ा। जमशेदपुर के निजी टाउनशिप एरिया को छोड़कर संभवतः किसी भी भी शहर में या तो नो एंट्री और सिटी बस का स्टॉपेज तय नहीं है या उसका पालन नहीं होता है।*

# झारखंड में अभी भी चलता है 'ऑटो' राज

पहली बार झारखंड आने वाले और दशकों बाद अपने राज्य को देखने वाले दोनों आश्चर्यचकित होते हैं सड़कों पर कब्जा कर दुकानें लगाना, बिना लाइसेंस या परमिट जब जहां इच्छा हो बाजार सजा देना, नो एंट्री में अनगिनत ऑटो रिक्शा, दबंग बस मालिकों की अवैध स्लीपर बसें, सड़क पर खड़े वाहन और सबसे बड़ी बात मनमाना किराया वसूलना, सबकुछ झारखंड बनने से पहले भी होता था और कुछ कड़क पुलिस अधिकारियों की धमक को अपवाद मान लिया जाए तो अभी भी जारी है। झारखंड उच्च न्यायालय ने फिर ट्रैफिक के मुद्दे पर फटकार लगाई है। पड़ोसी राज्य बंगाल और ओड़िशा में कभी भी जाएं तो सड़क और दुकान में स्पष्ट अंतर दिख जाएगा पर झारखंड की राजधानी रांची से लेकर सुदूरवर्ती कस्बों तक यही दृश्य पहले भी दिखते थे और आज भी दिखते हैं। कुछ अधिकारियों ने प्रयास किया भी पर माननीयों ने उनके कदम रोक दिए। माननीय उच्च न्यायालय ने ट्रैफिक सुधार के अनेक आदेश दिए पर सिर्फ हेलमेट जांच से मामला आगे नहीं बढ़ा। जमशेदपुर के निजी टाउनशिप एरिया को छोडकर संभवतः किसी भी भी शहर में या तो नो एंट्री और सिटी बस का स्टॉपेज तय नहीं है या उसका पालन नहीं होता है। हवाई अड्डे से लेकर सड़कों पर बेतरतीब पार्किंग करते और यात्रियों पर झपट्टा मारते टैक्सी वालों या ऑटो वालों ने जो बोल दिया सो किराया हो गया! जबकि किसी भी शहर की सभ्यता संस्कृति की तरह नियंत्रित और सुरक्षित सार्वजनिक यातायात व्यवस्था उसकी पहचान होती है। रांची से अनेक समानताएं वाले नगर बंगलुरु ने ऑटो के लिए अलग लेन बना रखा है और वहां के सभी सार्वजनिक वाहनों में चालक का फोटो लगा पहचान पत्र अनिवार्य है ताकि यात्री समस्या होने पर शिकायत कर सकें रेट चार्ट सभी लगा कर रखते हैं। यहां कोई भी ऑटो या टैक्सी चालक वर्दी नहीं पहनता और किसी के पास किराया चार्ट नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से यह खतरनाक है और किसी आपराधिक या आतंकवादी घटना के बाद ऐसे लोगों को पकड़ना संभव नहीं जो बिना टोकन नंबर या लाइसेंस नंबर मनमाने ढंग से वाहन चलाते हैं। रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डे पर नए यात्री जब प्रीपेड टैक्सी या ऑटो ढूंढते हैं तो अवाक रह जाते हैं जब उन्हें पता चलता है कि राजधानी रांची में ऐसी कोई व्यवस्था है ही नहीं! हाल यह है कि किसी ऑटो का कोई रूट निर्धारित नहीं है और यही हाल नगर बस सेवा का है। इटकी बेड़ो सहित दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली 'ग्रामीण नगर बस सेवा' और कुछ दबंग बस मालिकों के एसी बसों के साथ बिना परमिट के हजारों ऑटो नो एंट्री में धड़ल्ले से घुसते हैं और रांची में जाम का बड़ा कारण यह भी है। दोष सिर्फ ऑटो वालों का भी नहीं है उन्हें हर चौराहे पर स्थानीय दबंग युवकों को स्टैंड के नाम पर पैसा देना पड़ता है। पुलिस भी इससे आँखें मूंद लेती है। हजारों ऑटो परमिट धारी भी हैं पर उनके लिए मात्र एक न्यू मार्केट स्टैंड है जिससे उन्हें हर जगह पैसेंजर मिलते हैं और ऑटो बार बार रोकने से जाम लगता है। यही हाल लगभग पूरे राज्य का है। समय की मांग है कि ऑटो या सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था उसे अन्य राज्यों की तरह नियमबद्ध किया जाए।



# महेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज में नहीं होती पढ़ाई, चलती है बायोम कोचिंग

- **कॉलेज में पढ़ाई के लिए जगह नहीं, सिर्फ होता है नामांकन**
- **500 छात्राएं हैं नामांकित, वे सिर्फ परीक्षा के लिए ही आती हैं**




**संवाददाता, रांची**

यू तो रांची को झारखंड का एजुकेशन हब कहा जाता है लेकिन यहां शिक्षा के क्षेत्र में अजब-गजब कारनामे हो रहे हैं। बीच राजधानी में अनेकों शिक्षण संस्थान सरकारी नियम-कानून की धज्जियां उड़ाते हुए शिक्षा के नाम पर शुद्ध व्यवसाय कर रहे हैं। ऐसा ही मामला महेंद्र प्रसाद इंटर महिला कॉलेज में सामने आया है। कॉलेज के एक हॉल को छोड़ पूरा भवन बायोम नामक कोचिंग संस्थान को भाड़े पर दे दिया गया है। बायोम के निदेशक पंकज सिंह ने इसे स्वीकार भी किया है। फिलहाल महेन्द्र प्रसाद इंटर महिला कॉलेज में लगभग 500 छात्राओं ने नामांकन करा रखा है। इन छात्राओं के पढ़ने-बैठने की सुविधा का मौका मुआयना करने जब राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता कॉलेज पहुंचे तो उन्हें भवन के अंदर जाने और क्लास रूम देखने से बायोम के कर्मचारियों ने रोक दिया। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के मानक के अनुसार इंटर कॉलेज चलाने के लिए संस्था के पास कम से कम 600 वर्गफिट के 7 कमरे होने चाहिए। लेकिन यहां तो महज एक हॉल में ही सब कुछ हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस कॉलेज में केवल नामांकन होता है क्लास नहीं करवाया जाता, छात्राएं यहां केवल किसी काम से या फिर परीक्षा देने ही आती हैं। महेंद्र प्रसाद इंटर महिला महाविद्यालय को जैक से मान्यता प्राप्ता प्राप्त है। इस संबंध में जैक अध्यक्ष डॉ. एके महतो से पूछने पर उन्होंने कहा कि मेरा काम केवल परीक्षा लेना है। कॉलेज की अनियमितता के बारे में जिला शिक्षा अधिकारी ही बता सकते हैं। उनके कार्यालय से नकारात्मक रिपोर्ट आती है, तो हम कॉलेज का एफिलिएशन रद्द कर सकते हैं।

**दिनभर चलता है बायोम का क्लास :** राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने जब महेंद्र प्रसाद इंटर महिला कॉलेज पर नजर रखी तो पाया कि कॉलेज भवन में बायोम कोचिंग संस्थान का क्लास सुबह शुबह 7:30 से दोपहर 1:30 बजे तक और दोपहर 3:30 से देर शाम तक दो पालियों में चलता है। दोनो पालियों में लगभग 3000 बच्चे यहां पढ़ने आते है। पूरे कॉलेज परिसर में बायोम का कब्जा है। कॉलेज के कार्य के लिए केवल एक हॉल छोड़ रखा है। शेष पृष्ठ 15 पर

## एक नजर

### चेन्नई में मजदूर की बिल्डिंग से गिरकर मौत

**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत सह गांव के 50 वर्षीय नागेश राम मजदूर का निधन 25 जून को काम करने के दौरान बिल्डिंग से गिरने से मौत हो गई। पंचायत के मुखिया नाजमा खातून व सामाजिक कार्यकर्ता नावाजिश खान ने बताया कि मृतक के घर 26 जून को सूचना आने के बाद कोहराम मचा है। मृतक घर से 25 दिन पूर्व ही चेन्नई स्थित आरआर तुलसी कंस्ट्रक्शन कंपनी में सिविल कारपेंटर के रुप में मजदूरी करने गया था। घटना के बाद राजकीय रोयापेठ अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी की ओर शव घर आने की प्रतीक्षा की जा रही है। शव को वहां से रवाना कर दिया है। शुक्रवार की रात तक शव घर पहुंचने की संभावना है। उनके अंतिम संस्कार की तैयारी भी करा दी गई है।

### कांग्रेस ने शुरू की पंचायत यात्रा

**पाटन।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर पंचायत यात्रा कार्यक्रम कांग्रेस नेता अशोक पासवान व मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह के संयुक्त नेतृत्व में शुरू किया गया। दोनों नेताओं विभिन्न गांव में जाकर कर इंडिया गठबंधन के जनकल्याणकारी कार्यों को बताया। उन्होंने राज्य में 200 यूनिट बिजली मुफ्त झारखंड सरकार द्वारा दिया जा रहा है। 25 वर्ष से उपर गरीब महिलाओं प्रतिमाह 1000 उनके बैंक अकाउंट में दिया जा रहा है। अबुआ आवास योजना छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के गरीब परिवार को मिल रहा है। मौके पर ग्रामीणों के बीच अशोक पासवान ने कहा सरकारी योजनाओं को हर गरीबों के तक पहुंचाने का संकल्प कांग्रेस पार्टी ने लिया है। मौके पर संजय पासवान, लव सिंह, राकेश दुबे, राहुल कुमार उपस्थित थे।

# जल नल योजना में मुहल्ले वालों ने लगाया अनियमितता का आरोप, जांच की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्रों में केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो में पाइप लाइन बिछाने में संवेदक द्वारा सड़क के किनारे न बिछाकर बीच सड़क में बिछाने से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुहल्ले वालों ने एसडीओ से जांच कराने की मांग की है। मुहल्ले के शिवशंकर राम,प्रवीण कुमार, संजय कुमार सहित अन्य लोगों का कहना है कि पाइप बिछाने में निजी खर्च से बनाया गया सड़क खराब होने के साथ साथ नाली भी छतिग्रस्त कर दिया जा रहा है। उसकी मरम्मत संवेदक द्वारा नहीं कराया जा रहा है। इससे लोगों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि लोगों को नुकसान की भरपाई संवेदक को ही करना है। साथ ही नल जल योजनाओं में लगातार मिल रही गड़बड़ियों व अनियमितताओं पर जेई ने मुंशी को तोड़े गये नाली को ठीक कराने का निर्देश दिया है। इसके एक सप्ताह बाद भी ठीक नहीं कराया गया। लोगों ने अपने निजी खर्च से नाली का पाइप को बदला, जबकि अनिल बैठा का नाली उसी तरह छोड़ दिया गया है। इससे लोगों को आने जाने मे काफी परेशानी हो रही हैं। इस मामले में कार्यपालक पदाधिकारी ने भी ठीक कराने के लिए नगर प्रबंधक को सख्त निर्देश दिया है। कार्यपालक पदाधिकारी ने कह कि जिन इलाकों में नल जल योजना में गड़बड़ियां हो रही है, वैसे मामलों की तुरंत जांच कर दोषी ठेकेदारों व विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा करें, लेकिन इस दिशा में अबतक निरीक्षण करने भी स्थल पर कोई नहीं पहुंचा। शुक्रवार को बारिश की हल्की बूंदाबांदी से सड़क की स्थिति नारकीय हो जा रही हैं।

### तालाब जीर्णोद्धार कार्य में अनियमितता का आरोप



**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत के करीमनडीह में तालाब जीर्णोद्धार कार्य में अनियमितता का आरोप मुखिया नाजमा खातून ने लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद के कार्यपालक अभियंता को पत्र देकर किया है। उन्होंने बताया है कि 88 लाख रुपये की लागत से पिछले वर्ष जून 2023 में ही बरसात के समय ही संवेदक ने कार्य शुरू कराया था। उस वक्त भी ग्रामीणों के विरोध में संवेदक ने अधूरा कार्य छोड़ कर काम बंद कर दिया। जबकि विलंब से बारिश सितंबर 2023 में होने से लघु व मध्यम वर्ग के किसान सुखाड़ का सामना करते रहे। पुनः इस वर्ष भी अब तक वर्षा होने व वर्षा का पानी तालाब में भरने की प्रतीक्षा किया जा रहा है। इससे सरकारी पैसा का दुरुपयोग किया जा सके। तालाब में पानी आने के बाद जीर्णोद्धार कार्य संभव नहीं है। उन्होंने दो वर्ष से लंबित इस योजना को प्राक्कलन के मुताबिक ससमय पूरा कराने की मांग की है, जिससे गांव सहित आसपास के किसानों को अधिक से अधिक खेती करने के लिये तालाब में संचयित जल का उपयोग हो सके।

### अबुआ आवास के लाभुकों का प्रखंड में खुला शिकायत सेल

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र के अबुआ आवास के लाभुकों से प्रखंडकर्मी व प्रतिनिधियों द्वारा पैसे की उगाही का मामला सामने आने के बाद बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने गंभीरता से लेते हुए प्रखंड नाजिर के पास शिकायत दर्ज कराने का आदेश जारी किया है। इस संबध में जारी पत्र में कहा कि किसी भी स्वीकृत अबुआ आवास के लाभुकों से पैसे की उगाही, ससमय किस्त का भुगतान नहीं होने अथवा पिलिन्थ, डोर लेबल तक काम कराये जाने के बाद जियो टैग नहीं किये जाने की स्थिति में सीधे प्रखंड नाजिर प्राजंल कुमार के पास उन्हें शिकायत दर्ज कराने को कहा निर्देश दिया है। शिकायत सेल में प्रत्येक मंगलवार को अपराह्न तीन से चार बजे तक मामला दर्ज कराएगा। जिसका निदान उनके स्तर पर प्रत्येक बुधवार व शुक्रवार को समीक्षा बैठक में की जायेगी। साथ ही शिकायत में पाये गये दोषी कर्मियों के विरुद्ध निश्चित कार्रवाई किये जाने का भरोसा लाभुकों को दिया है। प्रशासन के उठाये गये इस सख्त कदम का स्वागत समाजसेवी डा. अजय जायसवाल, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय व राजीव कुमार शर्मा ने किया है।

## न्यूज बॉक्स

### पांकी के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में आठवीं पास छात्राओं को मिला साइकिल



**पांकी।** प्रखंड के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, जिला परिषद सदस्य निधि कुमारी, खुशबू कुमारी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, बीससूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह सहित अन्य अतिथियों के द्वारा सैकड़ों छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि कोई भी छात्राएं साइकिल से वंचित नहीं होंगे। सभी को नियमित विद्यालय जाने के लिए सरकार द्वारा साइकिल दिया जा रहा है। गांव के छात्र-छात्राओं की समस्या विद्यालय जाने की दूर की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़ें और अपने गांव प्रखंड जिला का नाम रोशन करें।

### अनियमित बिजली आपूर्ति में से ग्रामीण नाराज, आंदोलन की चेतावनी



**हरिहरगंज।** नगर पंचायत तथा प्रखंड क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हैं। अनियमित बिजली आपूर्ति से इलाके भर के तमाम बिजली उपभोक्ता सहित आम नागरिकों को इस भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली समस्या को देखते हुए भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने शुक्रवार को हरिहरगंज न्यू सब्जी बाजार स्थित नयन रेस्टोरेंट हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अनियमित बिजली आपूर्ति से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स सहित अन्य बिजली आधारित व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ने से दुकानदारों में मायूसी है। खेती करने वाले किसानों के धान के बिछड़े सुख रहे हैं। बिजली की लचर व्यवस्था से प्रखंड वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि बगल के प्रखंड तथा क्रेशर प्लांट को 20 से 22 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। जबकि हरिहरगंज को मात्र 6 से 8 घंटे ही बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बिजली आपूर्ति में सुधार करने का मांग पलामू जीएम से की है। उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आगामी 5 जुलाई के बाद चरण बद्ध तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी दी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिनेश पासवान, राजेश रंजन मिश्रा, विनोद पासवान, विजय प्रजापति, कृष्ण साव आदि शामिल थे।

## हुसैनाबाद में पूर्व नगर अध्यक्ष ने किया नये आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

**हुसैनाबाद।** शहर के वार्ड- 11 के मधुशाला रोड मोहल्ले में शुक्रवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार व पूर्व पार्षद ललिता देवी ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन फिता काटकर किया। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बनने से छोटे-छोटे बच्चों को अब शिक्षा ग्रहण करने दूर नहीं जाना पड़ेगा।उन्होंने कहा की महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नौनिहालों एवं गर्भवती धात्री व किशोरी महिलाओं के कल्याण के लिए पोषक आहार देते हुए उनके स्वास्थ्य का जो ध्यान रखा जाता है। यह अपने आप से अतुलनीय है। बच्चों को पूरक आहार देकर केंद्र व प्रदेश की सरकार प्रदेश एवं देश से कुपोषण का समूल नाश करना चाहती है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है की वह जागरूक बने और सरकार की सभी योजनाओं से अपने गांव व समाज के लोगों को लाभान्वित कराएं। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सैल प्रिया, कल्लू ठाकुर, दिनेश कुमार व संतोष ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने लगाया जनता दरबार, कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निपटारा

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड बोहीता पंचायत के कुलिया गांव में शुक्रवार को विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता ने जनता दरबार लगाया, जहां कई मामलों का निदान ऑन द स्पॉट किया गया। जनता दरबार में कई तरह की समस्याएं के साथ वृद्धा, विधवा पेंशन, आयुषमान कार्ड के कई मामलों का ऑन स्पॉट रफा दफा कर कई लोगों का बैंक का एकाउंट खुला। वहीं गमीणों के द्वारा विधायक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। गर्मी से बेहाल पानी की समस्या को देखते हुए बोरिंग गाड़ी को तुरंत चापाकल गाड़ने का निर्देश दिया। कुलिया में चार जल मिनार लगा है, पर अधूरा रहने के कारण पानी की भारी किलत है। इस संबंध में विधायक मेहता ने जब संवेदक से बात की तो संवेदक ने कहा कि पैसा मिलेगा तब काम करेंगे। संवेदक की बात को सुनकर विधायक आग बबूला हो गये। विधायक ने तुरंत जेई ददन राम को बुलाया, और पूछा कार्य अधूरा क्यों पड़ा है। जेई ने संवेदक से बात की। संवेदक ने साफ कहा कि पैसा मिलेगा तो काम करेंगे। इधर मौके पर पहुंचे एई ने संवेदक को फटकार लगाते हुए पांच दिनों के अंदर पानी सप्लाई का निर्देश दिया। वहीं ग्रामीणों ने डीलर के द्वारा कम राशन देने शिकायत की। विधायक ने सतबरवा एमओ को डीलर पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एमओ ने डीलर को निलंबित करने की अनुसंसा पत्रांक 17 दिनांक 28 जून को जिला आपूर्ति पदाधिकारी को लिखा।

## नगर परिषद ने चलाया नशा मुक्ति अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद ने शुक्रवार को नशा मुक्ति अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरूआत नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार व नगर मिशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से नशा मुक्ति के लिए शपथ दिला कर किया गया। नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने कहा कि नशा गलत आदत है,जो समय के साथ जानलेवा जख्म बन जाता है। यह आदत वित्तीय नुकसान के साथ समाज में मयार्दा का नुकसान भी करता है। प्रभात कुमार ने कहा कि नशा परिवार व समाज को खंडित करता है। परिवार और समाज को जोड़े रखने के लिए नशा का त्याग होना चाहिए। नगर मिशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने कहा कि नशे की लत न केवल व्यक्तिगत नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह समाज के विकाश में बहुत बड़ा बाधक है। इस दौरान समाज को जागरूक करने के लिए रैली भी निकाली गई। मौके पर नशे से एकजुट होकर लड़ने का संदेश दिया गया। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व जागरूक नागरिकों ने मानव श्रृंखला बना कर लोगों को नशा से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

### कार्यालय परिसर में पौधारोपण

पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसके तहत नप अधिकारियों, कर्मियों द्वारा कार्यालय परिसर में फलदार व छायादार पौधा लगाया गया। मौके पर नप के सभी कनीय अभियंता, सफाई सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, वाहन चालक व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## नशा मुक्ति कार्यक्रम को लेकर सभी विभागों को निर्देश दिया गया

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** छतरपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं की मुख्य भूमिका रही। ज्ञातव्य हो कि स्वास्थ्य विभाग के बैनर तले इस कार्यक्रम को सभी विभागों के सहयोग से जन-जन में जागरूकता लाकर नशा मुक्त समाज की स्थापना करने की दिशा में एक प्रयास है। इस दौरान छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि सरकार के सचिव के द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम को लेकर सभी विभागों को निर्देश दिया गया था कि इसमें जागरूकता लाने की दिशा में अपनी सहयोग सुनिश्चित करें। जिसका निर्वहन करते हुए छतरपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यक्रम की आयोजन किया गया। मौके पर छतरपुर सीडीपीओ शीला कुमारी ने बताया कि नशा मुक्त समाज की स्थापना करने से ही जीवन में उन्नति हो सकती है तथा मनुष्य स्वस्थ रहकर अपना जीवन यापन कर सकता है। नशा समाज की बहुत बड़ी बुराई है समाज के सभी लोगों को मिलकर मिटाना होगा। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपने-अपने विचार देते हुए बताया कि नशा इंसान को अंदर से खोखला कर देता है। बताया कि समाज के अधिकांश लोग मादक पदार्थ, सिगरेट तंबाकू इत्यादि के गंदे लत में आने से नशा से ग्रसित है जो समाज के लिए एक विशेष खतरा बनता जा रहा है। नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा तथा कम से कदम मिलाकर एक नशा मुक्त समाज की स्थापना करने में अपना योगदान सुनिश्चित करना होगा। इस मौके पर नशा छोड़ो समाज जोड़ो, नशे को कहो ना जिंदगी को कहो हां जैसे कई स्लोगन भी दिए।




## लापरवाही

### खुले बोर से कभी भी हो सकती है कोई अप्रिय घटना

# 40 जलमीनार का स्ट्रक्चर बना, पानी दे रहा मात्र पांच, ग्रामीणों में आक्रोश

- लाखों खर्च के बावजूद भी भीषण गर्मी में प्यासे रह गए लोग, हाल विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी पंचायत का

नवीन मेल संवाददाता



**विश्रामपुर।** पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर प्रखंड के सभी 10 पंचायतों में प्रधानमंत्री मोदी का महत्वाकांक्षी नल जल योजना ठेकेदारों की मनमानी व लूट खसोट नीति के कारण हाथी का दांत साबित हो रहा है। करोड़ों खर्च के बावजूद भी किसी पंचायत में यह योजना सफल होता नही दिख रहा। सभी मामले का सबसे आश्चर्यजनक पहलू यह है विभागीय अधिकारियों की चुप्पी,जो कई सवाल भी खड़ा कर रहा है। बताते चले कि नल जल योजना के तहत सभी पंचायतों के हर गांव में घर-घर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। पेयजल स्वच्छता विभाग के देखरेख में इस कल्याणकारी योजना को धरातल पर उतरना है, लेकिन विभागीय अधिकारियों व संवेदकों की मिली भगत से यह योजना सरकारी फाइलों में ही सिमटता दिख रहा है। इसका एक उधारण विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी पंचायत से समझने की जरूरत है। पंचायत में कुल 65 डीप बोर कर जलमीनार अधिष्ठापीत कर हर घर को नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराना था। यहां यह योजना पिछले साल में ही शुरू हुआ था। इस दौरान संवेदक ने 62 बोर तो करवाया,लेकिन कोई भी बोर मानक के अनुरूप नहीं हुआ। हर डीप बोर कम से कम 300 फीट करना था। लेकिन ठिकेदार ने मात्र 60 फिट से लेकर 150 फिट तक ही बोर कराया। बोर कराए गए 62 जगहों में से सिर्फ 40 पर जलमीनार का स्ट्रक्चर खड़ा किया गया। जिसमें मात्र पांच जलमिनार ही पानी सप्लाई कर रहा है। 22 बोर यूं ही खुला छोड़ा दिया है, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। वर्तमान हालात यह है कि करोड़ों खर्च के बावजूद भी इस भीषण गर्मी में पंचायत के लोग प्यासे ही रह गए। इस संबंध में युवा समाजसेवी पिंटू चौधरी ने पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर जांचोंपरांत दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मुखिया किरण देवी ने कहा कि ठेकेदार द्वारा बोरिंग से लेकर जलमीनार अधिष्ठापण तक मे घोर अनियमितता बरती गई है। सरकारी राशि के बंदरबांट में ठेकेदार और संबंधित दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। बाबत पूछे जाने पर प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि जांच के लिए एक टीम गठित की जायेगी। संबंधित विभाग को भी कार्रवाई के लिए लिखा जायेगा।





## एक नजर

### महिला ने जहर खाया

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ गांव निवासी राहुल कुमार की पत्नी बेबी कुमारी ने पारिवारिक विवाद में जहर खा लिया। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में एमएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहीं बेबी ने सुबह में परिवार के सदस्यों के साथ आपसी झगड़ा के बाद जहर खा लिया था।

### प्रखंड में 20 सूत्री की समीक्षा बैठक, लिए गए निर्णय

**पाटन।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को 20 सूत्री की आयोजित समीक्षा बैठक में अबुआ आवास, पेंशन, राशन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संबंध में बताया कि समय पर केंद्र नहीं खुलता है। मनरेगा जैसी योजना में अनियमिता की जा रही है। बैठक मे कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में बीडीओ अमित कुमार झा, 20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडेय, , बीपीओ प्रखंड कर्मी सहित सदस्य उपस्थित थे।

एनएच व फोरलेन निर्माण कार्य में तेजी लाने की केंद्रीय मंत्री से मिले पलामू सांसद

# सड़कों के निर्माण से आवागमन में जनता को सुविधा मिलेगी : सांसद

■ गढ़वा अन्नराज घाटी के पास स्वीकृत ब्लैक स्पॉट कार्य शीघ्र पूर्ण करने पर की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने संसद भवन में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात कर गढ़वा बाईपास निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने, एनएच 39 (75), एनएच 98 सड़क का फोरलेन निर्माण में तेजी लाने के साथ एनएच 343 गढ़वा अन्नराज घाटी के पास स्वीकृत ब्लैक स्पॉट व केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत स्वीकृत सड़कों का जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने से संबंधित विषयों पर चर्चा की। सांसद ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री बनने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत केन्द्रीय अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत नए सड़कों व ब्रिजों का निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। उसके तहत हुसैनाबाद में देवरीकला सोन नदी पर ब्रिज निर्माण, भवनाथपुर कैलान से बिशनपुर वाया बरडीहा तक रोड निर्माण व पंसा से हैदरनगर रोड निर्माण का कार्य शाामिल है। इसी तरह ब्रहमोरिया मोड़ से कजरूकला होते दुर्गा माइंस तक रोड़ निर्माण व विश्रामपुर महुगांई ईटको मोड़ तक रोड निर्माण शुरू कराने की मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास की पहली अवधारणा सड़क होती है। सड़कों पुल, ब्रिज के निर्माण से ही नए नए विकास के द्वारा खुलेंगे। इन सभी का निर्माण हो जाने के बाद क्षेत्र में विकास को और अधिक गति मिलेगी।



**सड़कों के निर्माण के संबंध में केंद्रीय मंत्री ने सांसद को आश्वस्त किया**

उपरोक्त सभी सड़कों के निर्माण के संबंध में केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया है। आगामी केंद्रीय बजट स्वीकृति के उपरांत उक्त सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान का अश्वासन दिया गया है। सड़कों के निर्माण से जनता को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

## प्रशासनिक आदेश भी बेअसर, शैक्षणिक संस्थानों के नजदीक बिक रहा तम्बाकू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के मान्यता प्राप्त निजी व सरकारी शैक्षणिक संस्थानों के निकट 100 मीटर की परिधि में बिना किसी भय के तंबाकू आधारित पदार्थो की बिक्री अभी भी बेधड़क हो रही है। क्या छोटे गुमटी क्या बड़े जनरल स्टोर सभी में गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू भरपूर मात्रा में मिल जाएगा। इस बाबत जिला प्रशासन ने एसडीओ के माध्यम से 13 जून को आदेश निर्गत किया था। जिसके अंतर्गत सभी निजी व सरकारी शैक्षणिक संस्थाओं के 100 मीटर की परिधि में तंबाकू आधारित गुटखा बीड़ी तथा सिगरेट आदि की बिक्री पर रोक लगाई गई थी। लेकिन कोई भी दुकानदानर इसका अनुपालन नहीं कर रहा। शहर के बीचों-बीच रेलवे स्टेशन के नजदीक रोटरी स्कूल के सामने 20 मीटर की दूरी पर खुलेआम गुटखा, सिगरेट की बिक्री हो रही है। पूर्व में दो बार राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने इस बाबत प्रमुखता से खबर छापी थी। इसके बाद सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा ने कुछ शैक्षणिक संस्थानों के बगल में तथा आसपास तंबाकू आधारित पदार्थ बेच रहे दुकानदारों को बीड़ी सिगरेट, गुटखा आदि न बेचने को सख्त हिदायत दी थी। परंतु अब भी ज्यादातर जगहों पर इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिससे यह प्रतीत होता है कि तंबाकू विक्रेताओं को प्रशासन का किसी प्रकार से भय नहीं है। गिरिवर स्कूल के मुख्य द्वार के सामने कोयल रिवर फ्रंट पर तो इस आदेश का दुकानदारों पर कोई असर नहीं है। अगर जिला प्रशासन इस आदेश का अनुपालन सख्ती से कराये तो निश्चित ही परिणाम काफी सकारात्मक होगा। कम से कम 60 दिनों तक शैक्षणिक संस्थाओं के निकट तंबाकू आधारित पदार्थ नहीं बिकने से सरकार के आदेश को भी बल मिलेगा।

## पलामू की अनीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर प्रखंड के ग्राम तोलरा के रहने वाले उपेंद्र तिवारी की छोटी पुत्री अनीशा तिवारी में राज्य स्तर पर पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित योग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम बढ़ाया है।इस प्रतियोगिता का आयोजन 26 जून को किया गया था। बताते चलें की विभाग द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग का समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत क्रॉस कंट्री दौड़, कबड्डी, खोझखो,पेंटिंग नुक्कड़ नाटक तथा योग की प्रतियोगिता रखी गई थी। इसमें झारखंड राज्य के हजारों बच्चों ने भाग लिया था। अनीशा का शुरू से योग तथा शास्त्रीय नृत्य के प्रति रुझान रहा है। उसका चयन 23 जून जीएलए कॉलेज मैदान में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था।

## जामुन तोड़ने के विवाद में किशोर की पीट कर हत्या

### मामले की छानबीन में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांडू थाना क्षेत्र के लोवर गांव निवासी सतेंद्र मेहता के पुत्र अंकित कुमार को जामुन तोड़ने के विवाद में गांव के ही राजेश्वर महतो ने पीट पीट कर हत्या कर दिया। घटना के संबंध में मृतक के माता सुषमा देवी ने बताया कि गुरुवार की शाम पांच बजे अंकित कुमार गांव के एक पेड़ से जामुन तोड़ने गया था। इस बीच किसी बात को लेकर राजेश्वर महतो से उसकी बहस हो गई। बहस होने के उपरांत राजेश्वर महतो ने उसे लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मृतक के मां सुषमा देवी ने बताया कि इसके पहले भी राजेश्वर मेहता का पुत्र मिथिलेश कुमार मेहता एक दो महीना पहले उसके बेटा को कहा था कि टांगी से काटकर हत्या कर देंगे। घटना के बाद शहर थाना की पुलिस एमएमसीएच पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

**पूर्व में भी राजेश्वर मेहता के पुत्र मिथिलेश कुमार मेहता कुछ महीनों पहले उसके बेटा को कहा था कि टांगी से काटकर हत्या कर देंगे। घटना के बाद शहर थाना की पुलिस एमएमसीएच पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।**

## पुलिस स्टेडियम में क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का आगाज किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि जवानों के जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। नियमित अलग-अलग खेल खेलने से जीवन में अनुशासन तथा एकजुटता का बोध होता है साथ ही दल की भावना विकसित होती है। उदघाटन के बाद तीनों जिला पलामू, लातेहार और गढ़वा के खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। साथ ही सभी टीम के कैप्टन को शपथ दिलायी गयी। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत कई तरह के खेलों का आयोजन किया जा रहा है।पहले दिन वॉलीबॉल से इसकी शुरूआत की गई। इस प्रतियोगिता के मौके पर डीआईजी, गढ़वा व पलामू के एसपी, प्रमंडल के सभी सीडीपीओ भी मौजूद रहे।



## एनपीयू के नए कुल सचिव बने डा. एसके मिश्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नए कुल सचिव जीएलए कॉलेज के रसायन विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. एसके मिश्रा को बनाया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया दी गई है। प्रभार ग्रहण करने के बाद कुल सचिव ने बताया कि उनकी प्राथमिकता विश्वविद्यालय के शिक्षकों का वेतन नियमित करना व शैक्षणिक सत्रों को नियमित करना होगा। विश्वविद्यालय के विकास में निरंतर सभी के सहयोग से आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। शिक्षों व छात्रों में आपसी समन्वय स्थापित करने का भी प्रयास करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### पेयजल समस्या का समाधान नही होने पर आंदोलन : आशीष भारद्वाज

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को विगत पंद्रह दिनों से लगातार चल रहे शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के विरोध में स्थानीय छः मुहान चौक पर घड़ा,तसला, बाल्टी, नाद, गैलन आदि जल संचय के पारंपरिक वस्तुओं के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात शहर के बाजार एरिया के विभिन्न मार्गों से होकर शहीद भगत सिंह चौक पर प्रर्दशन का समापन किया गया।युवाओं के टीम का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि विधानसभा व नगरनिगम चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को पेयजल आपूर्ति पर ठोस कदम उठाना होगा। उन्हें अपने घोषणापत्र में पेयजल उपलब्ध कराने को पहला प्राथमिकता देना होगा नहीं तो पेयजल संकट झेल रहे शहरवासियों का आक्रोश झेलना पड़ेगा। हमारे यात्रा के दौरान चलाये गये हस्ताक्षर सह जनजागरण अभियान के तहत संकलित सभी मामलो को लेकर हम बहुत जल्द अपने जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर पेयजल संकट के सीमित समय में समाधान करने का ज्ञापन देंगे। अंतिम दिन के ₹पानी यात्रा₹ का मार्ग भ्रमण के दौरान शहर के विभिन्न मार्गों में पानी यात्रियों का पुष्प वर्षा से नगर वसियों के द्वारा स्वागत किया गया। पानी यात्रा के विराम दिवस के दिन शैलेश तिवारी, सोनू नामधारी, बबलू चावला,नवीन तिवारी, मुकेश तिवारी, पिंकू तिवारी, साहेब सिंह नामधारी, मनीष सिंह, धनंजय सोनी, निरंजन मेहता, शशांक सुमन, आनंद दूबे, ज्ञानेश तिवारी उपस्थित रहे।

### हेमंत सोरेन को मिली जमानत, झामुमों में जश्न

**मेदिनीनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने की खुशी में झामुमो के नेताओं, कार्यकताओं ने शुक्रवार को झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। झामुमो जिला कार्यालय से ढोल नगाड़े के साथ सभी नेताओं ने जुलूस निकाला और बाजार भ्रमण किया। सभी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा रहे थे। पटाखे फोड़ रह थे। बता दे कि झामुमो पलामू के कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद से किसी भी पर्व को नहीं मनाया था। होली, दिवाली के साथ ही मुस्लिम नेताओं ने भी ईद को नहीं मनाया था। हेमंत सोरेन को जमानत मिलने के बाद झामुमो के कार्यकताओं के बीच उत्सव का माहौल था। इस दौरान जनता में मिठाई बांटा गया। राजेंद्र सिन्हा ने कहा आज झारखंड के शेर हेमंत सोरेन को पांच महीने के बाद न्याय मिला है। इससे झामुमो परिवार के साथ साथ पूरे झारखंडवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा द्वारा एक षड्यंत्र रचा गया था, जो कोर्ट में नहीं टीक सका। जुलूस में संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, चंदन सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, चंदन सिन्हा,बबलू शाहनवाज, प्रदीप सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अनियमित बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं होने पर आंदोलन : राजीव

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र में अनियमित बिजली की आपूर्ति से लोग परेशान हैं। अनियमित बिजली आपूर्ति से इलाके के बिजली उपभोक्ता सहित आम नागरिकों को भीषण गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली समस्या को देखते हुए भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने शुक्रवार को हरिहरगंज न्यू सब्जी बाजार स्थित नयन रेस्टोरेंट हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अनियमित बिजली आपूर्ति से इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स सहित अन्य बिजली आधारित व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ने से दुकानदारों में मायूसी है। खेती करने वाले किसानों के धान के बिछड़े सुख रहे हैं। बिजली की लचर व्यवस्था से प्रखंड वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि बगल के प्रखंड तथा क्रेशर प्लांट को 20 से 22 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है, जबकि हरिहरगंज को मात्र 6 से 8 घंटे ही बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बिजली आपूर्ति में सुधार करने का मांग पलामू जीएम से की है। उन्होंने बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं होने पर आगामी 5 जुलाई के बाद चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी दी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिनेश पासवान, राजेश रंजन मिश्रा, विनोद पासवान, विजय प्रजापति, कृष्ण साव आदि शामिल थे।

### वोकल फॉर लोकल, स्थानीय उत्पादों को मिल रहा बढ़ावा

**हैदरनगर।** पारंपरिक शिल्प, लघु एवं कुटीर उद्यमों के संरक्षण, प्रोत्साहन व अधिक से अधिक रोजगार सृजन को लेकर भारतीय रेल ने एक स्टेशन एक उत्पाद योजना कार्यान्वित कर रही है। इस योजना के तहत पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल के 19 स्टेशनों पर विशेष ओएसओपी स्टॉल, ट्रॉली स्थापित कर प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र खोला गया है। इसमें बीडी रेलखंड के हैदरनगर, जपला स्टेशन पर ओएसओपी स्टॉल, नवीनगर, मोहम्मदगंज व ऊंटारी रोड स्टेशन पर ओएसओपी ट्रॉली उपलब्ध है। इससे स्थानीय हस्तशिल्पियों, कारीगरों, काश्तकारों आदि को रेलवे के माध्यम से अपने उत्पादों को बड़ा बाजार मिल रहा है।

निराशा

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 30 फीसदी से भी कम नामांकन

# निर्धारित 312 के विरुद्ध 124 छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन भरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत निःशुल्क नामांकन के लिए अब तक मात्र 30 फीसदी से भी कम छात्रों का नामांकन हो पाएगा। हालांकि नामंकन में पारदर्शिता व सीटों की पूर्ण जानकारी के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा आरटीई पलामू डॉट कॉम नामक पोर्टल की शुरूआत की गई थी। पोर्टल निर्माण का उद्देश्य था कि इसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का पारदर्शी तरीके से निजी स्कूलों में नामांकन हो पाएगा। साथ ही बच्चे स्वयं भी अपने स्तर से पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पोर्टल की सुलभता के कारण अभिभावक स्कूल से बिना संपर्क किए भी सीटों की उपयोगिता की जांच कर सकते है। गौरतलब है कि आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर कमजोर व अभिवंचित वर्ग के बच्चों का नामांकन लेने का प्रावधान है। राइट टू एजुकेशन के तहत 18 निजी विद्यालयों में 99 बच्चों का निःशुल्क नामांकन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के माने तो इन 99 विद्यार्थियों में से 92 विद्यार्थियों के परिजनों ने संपर्क स्थापित कर अलग-अलग विद्यालयों में दाखिले के लिए प्रक्रिया में लग चुके हैं। इसमें 7 ऐसे विद्यार्थी हैं जिनके अभिभावक न फोन रिसीव कर रहे हैं और न ही विभाग में अब तक नामांकन के लिए संपर्क किया है। डीएसई रणधीर कुजूर ने बताया कि अभिभावकों की सुलभता के लिए विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत की गई थी, जिसे दोबारा ज्यादा से ज्यादा एडमिशन लेने के लिए चालू किया गया था। परंतु अपेक्षा के अनुरूप सीटों पर आवेदन नहीं प्राप्त हुआ। इसके बाद जिन बच्चों के दस्तावेज सही पाए गए उनका नामांकन लिया गया। अधिक जानकारी प्राप्त करने पर यह बात भी निकाल कर सामने आई कि आरटीई के तहत छात्रों के अभिभावकों की वार्षिक आय 72 हजार से कम होनी चाहिए। कई अभिभावक महीनों परेशान होने के बावजूद कर्मचारियों द्वारा योग्य होने के बावजूद 72 हजार का आय प्रमाण पत्र नहीं निर्गत किया गया। विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव के रहने वाले अभिभावक दीपक मिश्रा ने बताया कि वह पिछले वर्ष से ही आरटीई के तहत एडमिशन कराने के लिए परेशान है। विश्रामपुर अंचल के कर्मचारी तथा सीओ ने चार बार आवेदन करने के बावजूद 72 हजार से ऊपर दिखा दिया गया। जबकि वे पूजा पाठ कर किसी प्रकार जीवन का निर्वहन करता है। बीपीएल सूची में भी मेरा नाम है। अपने बच्चे का दाखिला नहीं होने के कारण वह हताश हैं।

**25 आवेदनों को दस्तावेज के कमी के कारण रद्द कर दिया गया**

**शिक्षा विभाग द्वारा जिले के आरटीई का अनुपालन करने वाले सभी विद्यालयों में कुल 312 छात्रों का नामांकन होना था। इस लिहाज से अगर देखें तो मात्र 124 छात्रों ने आवेदन किया जो कुल सीट का 50 प्रतिशत भी नहीं है। उनमें से 25 आवेदनों को अलग-अलग दस्तावेज न होने के लिए आधार पर रद्द कर दिया गया था। 99 विद्यार्थियों को अलग-अलग विद्यालयों में दूरी के हिसाब से दाखिले के लिए स्कूल आवंटित कर दिया गया है।**

### 1296 के विरुद्ध 237 छात्र व छात्राओं को मिली साइकिल

**हैदरनगर।** बीआरसी केन्द्र ईंटवा में 1296 लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 237 छात्र व छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया जा सका है। कार्यक्रम में मौजूद बीईईओ नरेश राम, एमओ अमरेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह मौजूद थे। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि हैदरनगर प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 1296 छात्र-छात्राओं को साइकिल देने का लक्ष्य है। योजना में आठवीं कक्षा के एसी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक वर्ग के विभिन्न विद्यालयों के छात्र -छात्राओं को शामिल किया गया है।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

# कल्याणपुर ओवरब्रिज के पास लूटकांड में एक नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस ने कल्याणपुर फोर लेन ओवर ब्रिज के पास लूट की घटना का उद्वेदन किया है पुलिस ने इस घटना में एक नाबालिक सहित चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा एक जिंदा कारतूस दो मोटरसाइकिल कर मोबाइल सहित एक कैमरा बरामद किया है गिरफ्तार लोगों में गढ़वा थाना क्षेत्र के दुबे मरठीया गांव निवासी राम वशिष्ठ चौहान का पुत्र नीरज चौहान मेराल थाना क्षेत्र के बसरिया गांव निवासी प्रदीप कुमार सिंह का पुत्र नंदन कुमार सिंह उर्फ लकी भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली गांव निवासी कलेंद्र प्रजापति का पुत्र विकास कुमार उर्फ बिट्टू आदि के नाम शामिल है वर्तमान में सभी गढ़वा ब्लॉक कॉलोनी में रहते हैं इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने गढ़वा थाने में शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर दी उन्होंने बताया कि 28 जून को करीब 9:30 बजे रात्रि में गढ़वा थाना अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर फोर लाइन ओवरब्रिज के पास एक लूट की घटना घटित हुई थी अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध गढ़वा थाने में प्राथमिक की दर्ज किया गया था उन्होंने बताया कि उनके द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था।



**मोटरसाइकिल, कैमरा सहित कई सामान बरामद**

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गठित टीम के द्वारा कांड के उद्वेदन की दिशा में तड़ित कार्रवाई करते हुए लूट कांड में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल जेएच 14 एच 9255 जेएच 03यू 7679 को बरामद करते हुए कांड में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया इस कांड में लुटे गये मोबाइल एवं कैमरा की बरामदगी गई है। नीरज कुमार चौहान के पास से घटना में प्रयुक्त एक देसी कट्टा एवं 315 का एक जिंदा गोली भी बरामद किया गया है।

## गढ़वा के तैयब अंसारी हत्याकांड का मुख्य आरोपी रवि तिवारी समेत तीन गिरफ्तार

**गढ़वा।** पुलिस ने महुलिया गांव निवासी तैयब अंसारी की हत्याकांड का उद्वेदन किया है उक्त हत्याकांड का मुख्य आरोपी रवि तिवारी सहीत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त 7.65 एमएम का एक देशी पिस्तौल एक मोबाइल फोन एक मोटरसाइकिल एवं स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद किया है। गिरफ्तार लोगों में गढ़वा थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी रमाकांत तिवारी का पुत्र रवि तिवारी उसका भाई पिंकू तिवारी उर्फ अभिषेक तिवारी एवं चितरंजन तिवारी का पुत्र रुपेश तिवारी उर्फ बिट्टू शामिल है। उक्त जानकारी शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 24 जून को शाम में पचपड़वा बाजार में महुलिया गांव निवासी तैय्यब अंसारी को गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। इसके बाद पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिक की दर्ज कराया गया था। उसमें रवि तिवारी, पिंकू तिवारी, रामानंद यादव, सौरभ तिवारी एवं सौरव सिंह के नाम शामिल था। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड के उदभेदन के लिए उनके द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था।

## एक नजर

### अवैध बालू खनन मामले में छापेमारी

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ढढ़रा नदी से अवैध बालू खनन कर भंडारण किये जाने के विरुद्ध सीओ आफताब आलम के नेतृत्व में छापेमारी किया गया। जिसमें ढढ़रा नदी से भारी मात्रा में बालू खनन और उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरवाटोली के समीप मुख्य सड़क से सटे हुए तथा सामाजिक वानिकी विभाग से लगे प्लांटेशन में दर्जनों जगहों पर भारी मात्रा में बालू भंडारण किये जाने का मामला को सही पाया। छापेमारी के बाद सीओ आफताब आलम ने बताया कि ढढ़रा नदी से बालू का उत्खन कर भंडारण करने वाले आरोपी किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे।

### जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास

**मेराल।** थाना क्षेत्र के बसरिया गांव निवासी रामदास यादव का पुत्र विंध्याचल यादव जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि विंध्याचल यादव अपने घर से छत्तीसगढ़ मजदूरी करने गया हुआ था वहां से दो महीना बाद अपने घर लौटा था इसके बाद कमाकर लाय हुए पैसे से लगातार घर में शराब पी रहा था इसी बात को लेकर परिजनों ने उसे शराब पीने से मना किया तो आक्रोशित होकर उसने जहर खा लिया घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल लाया।

### पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह गांव से पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार परसोडीह पंडा नदी से बालू का उठाव कर डंपिंग कर रहा था। इसी बीच थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।अब अग्रेत्तर कारवाई के लिए खनन विभाग को पत्रचार किया गया है। इस सप्ताह में थाना प्रभारी के द्वारा अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। इसके वावजूद बालू कारोबारी अवैध बालू उठाव करने से बाज नहीं आ रहे हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध कारोबार के विरुद्ध छापेमारी जारी रहेगा।

### पुलिस ने आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी महिला थाना ने आरोपी के घर इश्तिहार चिपकाया है। आरोपी का घर रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनपुरवा है। जानकारी देते हुए महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कू ने बताया की आरोपी काफी लम्बे समय से फरार चल रहा है। आरोपी पर नगर उंटारी महिला थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा-376/366अ, 3/4पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

### पूर्व विधायक की कंपनी अलकतरा घोटाले में दोषी साबित हुई

## घोटालेबाज को हर जगह घोटाला ही दिखता है : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने होटल पद्मावती में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी अपने 10 साल के कार्यकाल में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र और यहां की जनता के लिए नकारा साबित हुए हैं। विकास कार्यों के बजाय वह सत्ता सुख भोगने तथा जनता की गाढ़ी कमाई दोहन करने में मशगूल रहे। सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना तो दूर बल्कि विधायक निधि की 50 करोड़ की राशि को भी चेक स्लिप के माध्यम से खाने-पकाने का काम किया। वर्तमान में पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी



योजनाओं को लेकर झूठी टिप्पणी तथा मसखरी करते फिर रहे हैं जबकि विगत दिनों ही माननीय न्यायालय के द्वारा उनकी कंपनी कलावती कंस्ट्रक्शन जिसमें वह निर्देशक के पद पर थे उसको अलकतरा घोटाले में दोषी पाया है। पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी 1999 से लेकर 2015 तक कलावती कंस्ट्रक्शन के निदेशक रहे थे, 2009 में विधायक बनने के बाद भी वह कंपनी में लाभ के पद पर आसीन रहे। जब उनकी कंपनी पर अलकतरा घोटाला का आरोप लगा और इस मामले में पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को जेल जाना पड़ा तो खुद को बचाने के लिए उन्होंने अपने ही रिश्तेदार को कंपनी का निर्देशक बनाकर सारा दोष उनपर मढ़ दिया। जो व्यक्ति अपने स्वार्थ में परिवार का नहीं हुआ, 10 साल विधायक रहते हुए क्षेत्र और जनता का नहीं हुआ उससे भविष्य में किसी तरह का

## भूमि विवाद में मारपीट, दो महिला गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। नगर ऊंटरी**

थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव में रास्ता को लेकर हुई भूमि विवाद में दो महिला घायल हो गई घायलों में चंद्रिका राम की पत्नी तेतरी देवी एवं अलख राम की पत्नी पूनम देवी बताया गया है इसमें तेतरी देवी को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया हैघटना के संबंध में तेतरी देवी ने आरोप लगाया है कि रास्ता को लेकर सभी गोतिया के बीच गॉव के लोगो के साथ पंचायत हुआ था इसमें सभी पांच गोतिया मिलकर 35000 रुपए सोमनाथ राम की पत्नी चंद्रावती को रास्ते के लिए दिया गया था इस दौरान सभी पक्षों के समझौता नामा बनाया गया था लेकिन चंद्रावती देवी रास्ता देने के लिए तैयार है लेकिन पूनम देवी एवं उसका पति अलख राम आदि ने रास्ता देने से मना कर दिया इसी बात को लेकर तेतरी देवी के साथ



दोनों पक्षों के बीच नोक झोक हुआ था इसके बाद शुक्रवार को तेतरी देवी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सुबह अपने घर से खाना बनाने के लिए जा रही थी इसी दौरान पूनम देवी ललिता कुमारी आदि ने मिलकर उसे मारपीट कर दिया घटना के बाद परिजनों द्वारा उसे अनुमंडलीय अस्पताल नगर उटारी में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तेतरी देवी को गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया समाचार लिखे जाने तक दूसरे पक्ष के लोग गढ़वा सदर अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे।

## झारखंड में माइंस भी, उद्योग भी फिर भी पलायन : जयराम




**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष जयराम महतो शुक्रवार को भवनाथपुर पहुंचे। भवनाथपुर में युवाओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। जयराम महतो ने कपुर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके पश्चात शिव पहाड़ी गुफा मंदिर में दर्शन पूजन के बाद वर्षों से बंद पड़े क्रेशर प्लांट का भ्रमण किया। जयराम महतो ने कहा की विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पलामू प्रमंडल का दौरा है, उन्होंने कहा जिस विधानसभा में उनकी पार्टी मजबूत स्थिति में रहेगी वहां से वो प्रत्याशी उतारेंगे। लगभग 50-55 सीटों पर उनकी पार्टी चुनाव लड़ेंगी।उन्होंने कहा की अब आवश्यक हो गया है की युवाओं को आगे आकर राज्य की कमान अपने हाथों में लेने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा की आजकल प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो जा रहे हैं। उन्होंने कहा की जो व्यक्ति राजनीतिक में है उनके बेटे न तो किसी परीक्षा का फार्म भरते हैं न ही सरकारी अस्पताल में इलाज करायेंगे।अब ऐसा राज नेता की आवश्यकता है जो जनमीन मुद्दों की राजनीतिक करें न की लोगों को गुमराह करने की राजनीति करें। उन्होंने कहा की झारखंड में माइंस भी है, उद्योग भी है फिर भी यहां पलायन है। यहां के नेता सिर्फ नाली,गली और सड़क को ही विकास समझते हैं। हमारे राज्य के नेता सिर्फ अपने परिवार की पुंजी बढ़ाने के लिए राजनीतिक करते हैं। झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला है सीएम और मंत्री जेल जा रहे हैं।

## पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत नॉमिनी को मिला दो-दो लाख का चेक

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भारतीय स्टेट बैंक भवनाथपुर टाउनशिप शाखा मैनेजर के हाथों से आज दो लोगो को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो दो लाख रुपये की राशि का चेक दिया गया। बताते चले कि मकरी निवासी स्वर्गीय अशोक विष्वकर्मा की पत्नी प्रतिमा देवी उम्र 40 वर्षीय को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक दिया गया। बताते चलें कि 20 रुपये का बीमा अशोक विष्वकर्मा द्वारा सी एस पी मकरी के संचालक सुरेश पाल के पास कराया था। विदित हो कि अशोक विष्वकर्मा की मृत्यु मोटरसाइकिल दुर्घटना में मृत्यु हो




गयी थी। सी यस पी संचालक सुरेश पाल के अथक प्रयास से आज नोमानी प्रतिमा देवी को दो लाख का चेक एस बी आई के शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार द्वारा दिया गया। वाही दक्षिणी असली पंचायत के बनखेत गाँव निवासि स्वर्गीय राजकुमार यादव के नोमानी नहक यादव को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक शाखा प्रबंधक के द्वारा दिया गया इस अवसर पर शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार ,सहायक मैनेजर फील्ड मैनेजर राजेश मुंडा सी यस पी संचालक सुरेश पाल, धर्मेंद्र कुमार राजू कुमार सहित सभी बैंक कर्मी उपस्थित थे।

### 30 ग्रामीणों को मजदूरी करने बाद भी दो माह का नहीं मिला भुगतान

**भवनाथपुर।** प्रखंड के सरईया के 30 ग्रामीणों को मजदूरी करने बाद भी 2माह का भुगतान नहीं किया गया। वन विभाग द्वारा फुलवार गांव में वन विभाग के प्लांटेशन में पिट, काउटर, ट्रेच चाटा, चैक डैम के छलका निर्माण में ग्रामीणों से काम कराया गया। ग्रामीण मंटू कुमार, देव कुमार साह, मेवा महतो, उमेन्द्र साह, रामप्रीत साह, मनोज साह, पंकज कुमार, आशीष कुमार, मनमोहन साह, बिगु महतो, श्याम बिहारी साह,मखन साह, पप्पू वियार, मुकेश साह ने कहा कि दो माह से अधिक समय से फुलवार गांव के प्लांटेशन में वन विभाग द्वारा काम कराया गया। वन विभाग कार्यालय में पैसा मांगने कई बार आए पर वन विभाग के गार्ड कुंदन कुमार द्वारा मजदूरी देने के लिए टालमटोल कर रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को रेंजर से बात कर पैसा कि मांग किए तो बोले कि गार्ड के आने के बाद पैसा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि खेती किसानी कार्य के लिए पैसो की जरूरत है, पर वन विभाग द्वारा काम करा कर पैसा नहीं दिया जा रहा है।

**लापरवाही** | आर्द्रा नक्षत्र के सात दिन बीतने के बाद भी पैक्सों को नहीं मिला धान बीज

## महंगे धान बीज की खरीदारी के लिए विवश हैं किसान

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

आद्रा नक्षत्र के सप्ताह दिन का समय बीत गया लेकिन अभी तक प्रखंड के एक भी पैक्सों को छटाक भर भी धान का बीज नसीब नहीं हो सका है। उक्त कारण किसानों को खुले बाजार से महंगे दर पर धान बीच की खरीदारी करना पड़ रहा है।

वही पैक्स पर आश्रित रह रहे किसानों को प्रत्येक दिन धान बीज को लेकर अपने अपने पैक्सों का चक्कर लगाना पड़ रहा है बावजूद उन्हें धान का बीज नसीब नहीं हो पा रहा है। किसान घनश्याम गुप्ता, जसवंत कुमार, रामचंद्र सिंह, नरेश




राम, प्रमोद कुमार, अभय मेहता, प्यारी सिंह, आफताब आलम, नंदू यादव, तैयब अंसारी, कयूम अंसारी, ललन मेहता, कुर्बान अंसारी इत्यादि लोगों ने बताया कि धान बीज को लेकर हम सभी अपने-अपने नजदीकी पैक्स पर पूरी तरह आश्रित रह रहे थे कि स समय हम लोगों को वहां से धान का बीज मिल जा रहा था। लेकिन इस वर्ष आद्रा नक्षत्र का आज सातवां दिन समाप्त हो गया लेकिन अभी तक पैक्स में किसी भी तरह के धान का बीज नही पहुंच पाया है और न ही वह हमलोगों को मिल पाया है।

उन्होंने कहा कि पता नहीं पैक्स में कब धान का बीज आएगा और उसे हम सभी प्राप्त करेंगे। साथ ही कहा कि यह एक सीधे तौर पर हम लोगों के साथ खिलवाड़ करने के समान है। किसानों ने कहा की खेती गृहस्ती के लिए बरसात माह का आद्रा नक्षत्र काफी महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि दो-चार दिन के बीच अगर पैक्स के माध्यम हम लोगों को धान का बीज मिल जाता है तो वह हम लोगों के लिए अति सुंदर हो जाएगा। वहीं बिना देर किए हम सभी उसे अपने-अपने खेतों में बोने का काम शुरू कर देंगे। लेकिन उक्त अवधि के बीच अगर पैक्स में धान बीज नहीं पहुंच पाता है। हम सभी को भी अन्य लोगों की तरह खुले बाजार से महंगे दर पर धान बीज की खरीदारी करना मजबूरी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि खुले बाजार में जो हाई ब्रीड धान बीज 400 प्रति किलो मिलता है वह पैक्स में सीधे उसके आधे दाम यानी 200 रुपये प्रति किलो पर हम लोगों को उपलब्ध हो जाता है।

### जेएमएम के नेताओं और कार्यकताओं ने मनाई खुशी

**श्री बंशीधर नगर/गढ़वा।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट से जमानत मिलने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं और नेताओं ने खुशी जाहिर की है। शहर के बस स्टैंड में पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए, और खुशी में जमकर आतिशबाजी किया। इस दौरान एक दूसरे केअलावे राहगीरों को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। मौके पर वरिष्ठ पार्टी नेता ताहिर अंसारी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज सत्य की जीत हुई है। हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार के साजिश को नाकाम करते हुए हेमंत सोरेन को जमानत दी है।

## न्यूज | बॉक्स

### खेल से बच्चों में मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है : थाना प्रभारी



**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के मैदान में बीआरसी कार्यालय के द्वारा प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी, थाना प्रभारी अरूण कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार और बीपीएम रवि कुमार बैद् ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर और गेंद को कीक मारकर किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा की खेल से बच्चों में मानसिक विकास, बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है। इस अवसर पर शिक्षक अक्षय कुमार, संतोष ठाकुर, प्रेम गुप्ता, प्रदिप सिंह, दिनानाथ मेहता, विनोद पाल सहित बीआरसी कर्मी उपस्थित थे।

### प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल बड़गड़ बना विजेता



**बड़गड़।** प्रखंड अंतर्गत सुब्रतो कप 2024- 25 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल बड़गड़ के फुटबॉल स्टेडियम में किया गया। मुख्य अतिथि प्रिंसिपल द्रौपदी मिंज व बीपीएम इंदु विश्वकर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटा। अंडर 17 बालक और बालिका दोनों वर्ग में प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल बड़गड़ विजेता रहा वहीं उपविजेता बालक और बालिका वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बोडरी बना। अंडर 15 में प्रोजेक्ट हाई स्कूल बरगढ़ विजेता रहा। खेल के सफल आयोजन में विनोद गुप्ता, अजय कुमार मिंज, सुपिन केरकेट्टा, प्रवीण मिंज, रोबोट तिर्की, जयगोविंद सिंह, विनय लकड़ा, विद्यानंद कुजूर मुकेश लाकड़ा आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

### तोरेलावा खरौंधी के बीच मैच में खरौंधी एक गोल से जीता



**खरौंधी।** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फूटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच अंडर 17 बालक उच्य विद्यालय खरौंधी एवं परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा खरौंधी के बीच खेला गया। जिसमें खरौंधी उच्य विद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 1-0 से मैच जीत कर प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी प्रतियोगिता पर कब्जा किया। उससे पहले प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

### विश्व ओलम्पिक दिवस पर स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन



**भवनाथपुर।** विश्व ओलम्पिक दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए साइकिलिंग रेस तथा कबड्डी का आयोजित की गई। बालिका वर्ग के साइकिलिंग रेस में प्रथम अंजली कुमारी, द्वितीय स्थान बबली कुमारी तथा तृतीय स्थान खुशी कुमारी, जबकि बालक वर्ग में प्रथम रॉकी यादव, द्वितीय स्थान तृतीय स्थान पर विमलेश कुमार रहे। इस मौके पर चमन सिंह,सोनू ठाकुर, विमलेश कुमार,मुकेश कुमार, बेबी कुमारी सहित कई लोग उपस्थिति थे।

### 63 वां सुब्रतो कप अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनार्मेंट प्रारम्भ



**रमना।** 63 वां सुब्रतो कप अन्तराजिय फुटबॉल टुनार्मेंट का दो दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय आयोजन उच्च विद्यालय रमना के मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता का उदघाटन अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बासुदेव राय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बच्चों के लिए आवश्यक है, इससे बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास होता है।इस प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नंदकिशोर चौबे, सुनील कुमार सिंह, मनोज कुजूर, विमल पटेल, अपर्णा कुमारी, रवि कुमार, कंचन कुमारी, सरिता कुमारी आदि शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

### चिनिया प्लस 2 उच्चविद्यालय दो गोल से विजयी



**चिनिया।** चिनिया प्रखंड के आईटीआई के मैदान में चल रहे 2 दिन से फुटबॉल मैच खेलो झारखंड अंतर्गत प्रखंड राष्ट्रीय प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता आज फाइनल हो गया। फाइनल मैच में प्रखंड के चार टीम पहुंचे जिसमें बालिका 17 वर्ष वर्ग में बरवाडीह उच्च विद्यालय के छात्राओं ने दो गोल दाग कर कस्तूरबा गांधी विद्यालय के छात्राओं को पराजित किया तथा बालक के 17 वर्ष वर्ग में चिनिया उच्च विद्यालय एवं चपकली उच्च विद्यालय के मैच खेला गया जिसमें चीनीया प्लस 2 उच्च विद्यालय दो गोल से विजई रहा।

### खरौंधी में हेमंत सोरेन के जेल से रिहा होने पर झामुमो कार्यकताओं ने मनाया जश्न



**खरौंधी।** झारखंड के पुर्व सीएम हेमंत सोरेन को हाइकोर्ट से जमानत मिलने पर झामुमो कार्यकताओं ने खरौंधी बाजार में जश्न मनाया। मौके पर झामुमो कार्यकताओं ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और जमकर आतिशबाजी किया। साथ में खूब नारेबाजी भी किया जिसमें हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद, चम्पई सोरेन जिंदाबाद, मिथलेश ठाकुर जिंदाबाद के नारे लगायें। मोके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, सतेंद्र राम, अजित यादव, मुहब्बत हुसैन, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### केतार में झामुमो कार्यकताओं ने मनाया जश्न



**केतार।** झारखंड के पुर्व सीएम हेमंत सोरेन को हाइकोर्ट से जमानत मिलने पर झामुमो कार्यकताओं ने केतार बाजार स्थित कपुर्री गेट के पास जश्न मनाया। इस अवसर पर झामुमो कार्यकताओं ने एक दुसरे को मुंह मिठाई खिलाकर बधाई दी और आतिशबाजी की। इस क्रम में हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद, चम्पई सोरेन जिंदाबाद, मिथलेश ठाकुर जिंदाबाद के नारे लगायें। झामुमो नेता कामेश्वर सिंह ने कहा की यह सत्य की जीत हुई है। इस मौके पर कामेश्वर सिंह,छोटन सिंह, सूर्य नाथ सिंह, परशूराम गुप्ता, सुरेश साह, जसीमुद्दीन अंसारी, नंदू प्रजापति, यमुना साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### हेमंत सोरेन को बेल मिलना न्याय की जीत : सुरेश

**चंदवा।** विगत लगभग 5 माह से जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट के द्वारा शुक्रवार को जमानत मिलने के बाद चंदवा में झामुमो कार्यकताओं में जश्न का माहौल है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु की अगुवाई में झामुमो कार्यकताओं ने आतिशबाजी की व एक दूसरे को मिठाई खिलाया। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि हाई कोर्ट में आज सत्य की जीत व तानाशाह की हार हुई है। हेमंत सोरेन के जेल जाने से हेमंत सोरेन व झारखंड मुक्ति मोर्चा को और मजबूती मिली है।

### बेलवाडीह में श्री रुद्र महायज्ञ की तैयारियां पूरी आज कलश यात्रा

**बालूमाथ।** प्रखंड के बसिया पंचायत अंतर्गत नगड़ा ग्राम के बेलवाड़ी टोला में 29 जून से प्रारम्भ होने वाली सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसे लेकर कल शनिवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह कल शोभा यात्रा बेलवाड़ीह टोला स्थित यज्ञ शाला मंडप परिसर से प्रारंभ होकर नगड़ा ग्राम का भ्रमण करते हुए गुजरेगी। इस रुद्र महायज्ञ को लेकर मंदिर की साज सज्जा के साथ-साथ विशाल यज्ञशाला मंडप और मंच का निर्माण किया गया है। वही इस महायज्ञ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयोजन समिति द्वारा भंडारे की व्यवस्था की गई है।

### 30 जून को प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम

**महुआडांड।** मंडल अध्यक्ष संभू प्रसाद के अध्यक्षता में आगामी 30 जुन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बातें और 4 जुलाई को अपने अपने माँ के नाम पर एक पौधा लगाने को लेकर महुआडांड भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में दोनों कार्यक्रम की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संभू प्रसाद ने कहा कि हर एक को मां के साथ या जिनके मां नहीं है वे लोग मां के चित्र के साथ एक पेड़ लगाएं।वही प्रर्यवेक्षक के रूप में भाजपा जिला कार्यकारणी समिती के सदस्य भुवनेश्वर सिंह ने भी मन की बात सुनने व पेड़ लगाने की अपील की। मौके जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, महामंत्री सुनील जायसवाल, सिम्पल समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डिस्पेंसरी में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**टंडवा (चतरा)।** शुक्रवार को टंडवा प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना के होन्हें स्थित डिस्पेंसरी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जहां विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के 51 मरीजों का उपचार के बाद उन्हें निःशुल्क दवाईयां दी गई। शिविर में विशेष तौर पर सीसीएल गांधी नगर अस्पताल के कान रोग विशेषज्ञ डॉ. अम्बरीष कुमार मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कान को हमेशा सूखा रखना चाहिए। आमतौर पर कान दर्द होने में लोगों द्वारा सरसों का तेल डाला जाता है, ऐसे उपयोग से बचना चाहिये।

# जेट में विवाद : कम अंक लाने वाले भी बन गए असिस्टेंट प्रोफेसर

**रजनीश**

आरएनएम एक्सक्लूसिव

**रांची।** झारखंड में होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाएं विवाद का प्रार्यय बन चुकी हैं। राज्य में अब तक हुई प्रतियोगिता परीक्षाओं में शायद ही कोई ऐसी परीक्षा रही हो जिसमें विवाद अदालत तक न पहुंची हो। 2007-8 में झारखंड एजिबिलिटी टेस्ट (जेट) की परीक्षा हुई थी,जिससे असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ था। यह परीक्षा भी विवादों से बच नहीं पाई। सामने आए तथ्यों से स्पष्ट हुआ है कि जेट परीक्षा के लिए निर्धारित क्वालीफाइंग मार्क्स से कम अंक लाने वाले कई अभ्यर्थी भी 2008 में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर बहाल कर लिए गए हैं। जेपीएससी की ओर से विभिन्न वर्गों के लिए तय अंक से कम अंक लाने वाले अभ्यर्थियों की न सिर्फ नियुक्ति हुई बल्की इनमें से कुछ तो विभागाध्यक्ष और अन्य बड़े पदों पर विराजमान हैं। बहाली के बाद इसका विरोध भी हुआ। बढ़ते विरोध को देखते हुए इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई। जांच के बाद सीबीआई ने 69 लोगों पर नामजद प्राथमिक दर्ज कराई। 120बी, 420, 468, और 471 जैसे धाराओं में 69 अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। 37 एसे अभ्यर्थी हैं जिन्होंने जेट परीक्षा में कटऑफ से कम अंक प्राप्त किए हैं। फिर भी वे आज के समय में नौकरी पर हैं, सीबीआई ने फाइनल चार्जसीट 2019 में कोर्ट में जमा कर दी थी, फिल्हाल यह मामला कोर्ट में है।

### सीबीआई रिपोर्ट के अनुसार कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के नाम, विषय और रिक्वायर अंक

| नाम | विषय | प्राप्तांक | रिक्वायरअंक |
|---|---|---|---|
| मंतोष कु. पांडेय | इंग्लिश | 108 | 119 |
| जिंदर सिंह मुंडा | हिंदी | 102 | 105 |
| सुचित्रा बारा | हिंदी | 93 | 105 |
| शुप्रभा तुती | हिंदी | 93 | 105 |
| भारती कुमारी | हिंदी | 95 | 105 |
| अमिताभ भारती | अर्थशास्त्र | 112 | 122 |
| अंजु पुष्पा बा | अर्थशास्त्र | 111 | 113 |
| रघुवेंद्रं कुमार सिंह | इंग्लिश | 100 | 119 |
| ममता केरकेटा | इंग्लिश | 91 | 100 |
| भिम राम | पॉलिटिकल साइंस | 110 | 120 |
| बिनय कुमार | पॉलिटिकल साइंस | 116 | 141 |
| राजेंद्र सिंह | हिस्ट्री | 129 | 142 |
| कांति कुमारी | हिस्ट्री | 112 | 113 |
| अशिम अनुपम | कॉमर्स | 107 | 115 |
| शशि किरण | एंथ्रोपोलॉजी | 113 | 126 |
| प्रदिप कुमार | जूलॉजी | 96 | 99 |
| विनोद कुमार | कॉमर्स | 134 | 135 |
| गीतांजली सिंह | बॉटनी | 94 | 99 |
| कमल किशोर सिंह | हिस्ट्री | 130 | 142 |
| शैलेंद्र कुमार सिंह | हिस्ट्री | 116 | 141 |
| ममता कुजूर | अर्थशास्त्र | 111 | 114 |
| अनमोल अमर बाबा | अर्थशास्त्र | 111 | 113 |
| गणेश कुमार राम | अर्थशास्त्र | 107 | 113 |
| सुमन कुमार | अर्थशास्त्र | 111 | 122 |
| प्रकाश चंद्र दास | पॉलिटिकल साइंस | 117 | 120 |
| मनिष कुमार दूबे | जूलॉजी | 108 | 115 |
| बालेश्वर राम | हिंदी | 100 | 105 |
| शत्रुघन कुमार | हिस्ट्री | 128 | 142 |
| विवेका नंद सिंह | हिस्ट्री | 131 | 142 |
| विजय एयंड | इंग्लिश | 89 | 100 |
| अनिता आल्दा | इंग्लिश | 96 | 100 |
| मनिष दयाल | इंग्लिश | 117 | 119 |
| हिरालाल रविदास | अर्थशास्त्र | 100 | 113 |
| अजय बाहादुर सिंह | पॉलिटिकल साइंस | 108 | 141 |
| राजेंद्र कुमार बडाइक | पॉलिटिकल साइंस | 119 | 120 |
| संजीव कुमार | हिस्ट्री | 96(पहला व दूसरा पेपर) | 100 |




### 17 अभ्यर्थियों को दिया गया रिमार्क्स का लाभ

अशोक कुमार सिंह, संतोष स्वरुप, अर्चना सिन्हा, राखी रानी, राधा सिंह, कमल किशोर, सिंह अरविंद कुमार, हरी प्रकाश झा, विनोद कुमार सिन्हा, दीपनारायण सिंग, शत्रुघन कुमार पांडेय, सुरेश सिंह मुंडा, सुरेंद्र कुमार, रोज उरांव, कामना रोय, कृष्ण मुरारी सिंह, प्रिति कमल अविनाशा कुमार शतिश कुमार सिंह, गंगा नाथ झा और सिल्पी बक्सी को रिमार्क्स में बेनिफिसरी मिला है।

# टंडवा में बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौके पर ही हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

शुक्रवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-केरेडारी मुख्य पथ के डम्भाबागी के पास बोलेरो चालक ने मोटरसाइकिल पर सवार लोगों को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे टंडवा थाना क्षेत्र के कुमरांग निवासी राजेंद्र साव पिता धनेश्वर साव की दर्दनाक मौत घटनास्थल में हीं हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल अर्जुन साव पिता बीफा साव को सामुदायिक अस्पताल टंडवा से प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं घटना के बाद बोलेरो चालक समेत उसमें सभी सवार मौके से फरार हो गये। बताया जाता है कि दोपहिया सवार अपने रिश्तेदारों में कार्ड बांटने के लिए घर से निकले थे, इसी दरम्यान हादसे के शिकार हो गये। मृतक शादीशुदा व उसके दो छोटे- छोटे बच्चे हैं। आक्रोशित ग्रामीण व परिजनों द्वारा कोल वाहनों से चकमा दिये जाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होने की बात कह रहे हैं। कोल वाहनों पर दिन में नो इंट्री नहीं लगने से लोगों में प्रबंधन व प्रशासन के प्रति घोर नाराजगी है। वहीं शव को सड़क में रखकर समुचित मुआवजे की मांग करते हुवे कोल ट्रांसपोर्टिंग ग्रामीणों द्वारा बाधित कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम लगा हुआ था।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर ब्रह्मणी के समीप शुक्रवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ब्रह्मणी के समीप अनियंत्रित होकर अफजल खान (55) वर्ष पिता नेजाम खान (सासंग,पतरातू, लातेहार) बाइक से गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट आने से काफी रक्तस्त्राव होने लगा। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ नीलिमा कुमारी की देखरेख में उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

### पेड़ में टकराने से घटना स्थल पर मौत

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के अक्सी पंचायत के ग्राम चेतमा मोड़ के समीप जामून के पेड़ में मोटरसाइकिल टकराने से घटना स्थल पर ही वाहन चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजू खेरवार पिता कमलेश्वर खेरवार ग्राम नगर प्रतापपुर परहाटोली के रुप में हुई है। चेतमा मोड़ के समीप वाहन अनियंत्रित हो गया और जामून के पेड़ में जा टकराया। इस दुर्घटना में वाहन चालक के सर पे काफी चोट लग गया और ज्यादा खून बह निकला। जिसके कारण उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के सुचना पर अक्सी पंचायत की मुखिया रोजालिया टोप्पो घटना स्थल पर पहुची तो देखा कि वाहन चालक की मृत्यु हो चूकी है।

# सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर ग्रामीणों ने घेरा प्रखंड कार्यालय



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के पेटादेरी पंचायत अंतर्गत मनहे एवं प्रतापुर दोनों गांव के सैकडों की संख्या में महिला-पुरुष शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय घेराव करने पहुंच गए। ग्रामीणों का आरोप है कि धर्मपुर के लोंगो द्वारा सर्वे के पूरे रास्ता को अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे मुक्त कराया जाए। इस दौरान पांच घंटे तक प्रखंड व अंचल कार्यालय में आमजन का कार्य पूर्ण रुप से प्रभावित रहा। वहीं ग्रामीणों के उग्र प्रदर्शन से कर्मी कार्यालय में दुबके रहे। पुलिस के आने पर कार्यालय में कार्य शुरू हुआ। सर्वे के जमीन को तत्काल कब्जा मुक्त कराने की मांग को लेकर दोनो गांव के ग्रामीण प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठ गए और खाता 19, प्लॉट 631 के रकवा 1.81 भूमि पर सड़क बनवाने की मांग पर अड़े रहे और बीडीओ मनीष कुमार, अंचल उप निरीक्षक सुदर्शन कुमार, पेटादरी के पूर्व मुखिया पति ह्कपाल यादव, वर्तमान मुखिया पति रामस्वरूप यादव के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। इससे पूर्व ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय समेत जिला के वरीय पदाधिकारी को आवेदन दिया था। बीडीओ सह अंचलाधिकारी ने सूचना पर पुलिस के उपस्थिति में भूमि मापी 25 जून को करवाने गए थे, इसी बीच दो गांव के लोग आपस में उलझा गए, स्थिति बिगड़ते देख बीडीओ ने गणमान्य लोग को आमंत्रित किया था।

# 15 दिनो में मांगें पूरी नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन : कन्हाई सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

शुक्रवार को बरवाडीह के सभी ग्रामप्रधान लोगो ने अपने प्रोत्साहन राशि को लेकर ग्रामप्रधान एकता मंच के बैनर तले ग्रामप्रधान के अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह के अध्यक्षता में एक जुट होकर भाजपा नेता कन्हाई सिंह के नेतृत्व में बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार से मुलाक कर लातेहार उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्राम प्रधान एकता मंच के अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने अंचलाधिकारी को बता की हमलोग का जो प्रोत्साहन राशि 1000 रुपया को बढ़ा कर 10,000 रुपया किया जाए और इसे 15 दिनो में लागू कर प्रखंड के सभी ग्रामप्रधन को दिया जाए। वहीं भाजपा नेता कन्हाई सिंह ने कहा की ग्रामप्रधान के ऊपर अपने पंचायत का पूरा जिम्मेवारी होती है उसके बाद भी ग्रामप्रधान को प्रति माह प्रोत्साहन राशि नही मिलता है।

### ग्रामीण के खाता से दो बार में नौ हजार रुपये की अवैध निकासी

**नवीन मेल संवाददाता। हेरहंज**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएसपी संचालक बिगन यादव के द्वारा चुकू ग्राम निवासी करमा भुइयां के खाता से दो बार में नौ हजार दस रुपया अवैध निवासी करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि सेरनदाग निवासी बिगन यादव पिता विशुनदेव यादव भारतीय स्टेट बैंक का मिनी संचालक है,जो चुकू निवासी करमा भुइयां के खाता से खाता संख्या 34852722344 से 11 जनवरी 2024 को 510 (पांच सौ दस) रुपया व 18 जनवरी 2024 को 8500 (आठ हजार पांच सौ) रुपया अवैध निकासी कर लिया है। जबकि करमा भुइयां नवम्बर माह 2023 में मुंबई काम करने गया था और वह 18 मार्च 2024 को घर लौटा। लौटने के बाद अपने खाता से पैसा निकासी करने गया तो पता चला कि खाता से 9010 (नौ हजार दस) रुपया अवैध तरीके से निकासी हो गया है। तब करमा भुइयां द्वारा स्टेट बैंक में आवेदन देकर अपना खाता की स्टेटमेंट निकलवाया। स्टेटमेंट के अनुसार शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि 11 जनवरी को 510 रुपया व 18 जनवरी को 8500 सौ रुपया की निकासी मेरे ही बैंक से हुवा है। इसके बाद निकासी पर्ची की जांच की गई तो पता चला कि बिगन यादव द्वारा निकासी पर्ची में सिग्नेचर व मुहर लगाकर प्रमाणित किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।ज्ञात हो की जनता दरबार में कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से कूप निर्माण, नियोजन, जमीन रशीद, अबूआ आवास आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

### हरा राशन कार्ड निर्गत करने व आधार सीडिंग को लेकर शिविर का किया गया आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गोनिया और सिबला पंचायत भवन मे झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सुयोग्य लाभुकों का ग्रीन(हरा ) राशन कार्ड निर्गत करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया. शिविर के माध्यम से छुटे हुए सुयोग्य लाभुकों को हरा राशन कार्ड निर्गत के लिए आवेदन जमा व आधार सीडिंग किया गया. गोनिया पंचायत मे लगे शिविर में 08 लोगो का राशनकार्ड मे नाम जोडने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ . वहीं सिबला मे 05 आवेदन प्राप्त हुए. गोनिया मे 11 एड मेंबर किया गया है । सिबला मे 03 एड मेंबर के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है. वहीं सिबला मे 44 व गोनिया मे 44 आयुष्मान कार्ड बनाया गया. इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, बीससुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने शिविर का जायजा लिया।

### भाजपाईयों ने लगाये पौधे, आम लोगों से भी पौधरोपण करने की अपील



**बारियातू।** भजपा मंडल कार्यालय बारियातू में मंडल कार्यसमिति की बैठक की गई. कार्यक्रम की शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एंव पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की चित्र पर द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि के पश्चात शुरूआत की गई. कार्यक्रम का अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह ने की. कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्य अतिथि संजय गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक बुथ में मोदीजी के मन की बात को रविवार को सुनना और प्रत्येक बुथ में पौधा लगाना है. अपने माँ के साथ अगर माँ नहीं है तो माँ की तस्वीर लगा कर पौधा लगाने की शुरूआत किया गया. पौधा रोपण कार्यक्रम बारियातू बुथ नंबर 67 से शुरू किया गया. कार्यक्रम में प्रखण्ड उपाध्यक्ष किशोर प्रसाद, किशोर सेठ, गोपाल यादव, प्रखण्ड युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजन यादव, बलदेव यादव, पिन्टु केशरी , दुलारचंद पासवान, गणेश गंझु , धनेश्वर ऊरांव , पुर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकताओं ने पौधा रोपण कर अन्य लोगों से पौधा लगाने की अपील की।

### प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे संचालित योजनाओं को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**बारियातू।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार परिसर मे बीडीओ सह सीओ नन्द कुमार राम की अध्यक्षता मे संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई. समीक्षा बैठक मे मनरेगा सें जुड़े हुए योजना सहित लाभुक को वित्तीय वर्ष 2024-25 मे बिरसा मुंडा आम भगवानी स्वीकृत किए हैं उन्हें एक सप्ताह के अंदर गड्ढा खुदाई करवाने कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया. तथा पंचायत मे चल रहे सिचाई कूप निर्माण का कार्य को खुदाई कर बारिश के पूर्व कूप बंधाई का कार्य जल्द सें जल्द पूर्ण करें. और वित्तीय वर्ष 2023-24 पशुधन योजना सेड को अंदर बाहर कार्य को पूर्ण करने की बात कही .मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी केतन गुप्ता, पंचयात सेवक चन्दन कुमार, पंचायत सेवक शेराफेनुस खलखो, रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव, रवि यादव,अरविन्द ठाकुर, रामलखन यादव, रानी कुमारी, प्रकाश कुमार सहित अंचल एवं प्रखण्ड कर्मी उपस्थित थे।

### बालूमाथ में स्वामी संगठन का बैठक संपन्न




**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के झरिवा टोला स्थित राधास्वामी संगठन जिला कार्यालय में जिला प्रभारी विनोद कुमार के अध्यक्षता में संपन्न हुआ बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जॉन प्रभारी निरंजन मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बैठक को संबोधन कर निरंजन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बतलाया कि इस संगठन में संचालित कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाया जा हैं जैसे कन्यादान योजना आवास योजना किसान सम्मान राधा स्वामी अनाज बैंक राधा स्वामी एफएमसीजी इस मोटर पेंशन छात्रवृत्ति योजना आदि योजनाएं चलाई जा रही है यह योजना से जिला अंतर्गत कई ग्रामीण लाभार्थी हैं इस बैठक में टोटो ऑटो शोरूम के संचालक अर्जुन साहू एवं सुशील पंचायत प्रतिनिधि रामनिवास चौधरी शेरगडा पंचायत के भी प्रजापति दीपक साहू भुनेश्वर यादव नीलम देवी प्रकाश यादव मिथुन यादव धूलेश्वर यादव दीपावली देवी मौजूद रहे।

## आंदोलन

### बीडीओ के खिलाफ जिप सदस्य ने दिया एक दिवसीय धरना

# जिप सदस्य करते हैं अनुचित मांग : बीडीओ




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर मे शुक्रवार को पश्चिमी जिप सदस्य सह भाजपा नेता बलवंत सिंह के द्वारा बीडीओ मनोज कुमार तिवारी के खिलाफ धरना कार्यक्रम आयोजित की गई। हालांकि उक्त धरना कार्यक्रम स्थल पर लगे बैनर पोस्टर के नामों मे शामिल पुर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह सहित जिला अध्यक्ष पंकज सिंह अवधेश सिंह सहित कई नेता धरना कार्यक्रम से दूरी बनाये रखा। धरना मे शामिल जिप सदस्य बलवंत सिंह का आरोप है की मनिका बीडीओ मनोज कुमार तिवारी मनरेगा प्रशासनिक मद से बगैर सामग्री क्रय किये चौदह लाख रुपए की निकासी की गई है। इस मामले मे कोई भी कारवाई जिला प्रशासन नही कर रही है। इधर इस मामले मे बीस सुत्री के प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने कहा है की मनरेगा प्रशासनिक मद की राशि के गबन करने संबंधित जिप सदस्य सह भाजपा नेता बलवंत सिंह के द्वारा लगाये गये आरोप का संज्ञान लेते हुए उनके द्वारा प्रखंड कार्यालय मे क्रय की गई सामग्री के मामले मे जांच की गई थी। जहां पर मनरेगा प्रशासनिक मद की खर्च की राशि से खरीदे गये सभी सामग्री पाया गया है ।ऐसे मे भाजपा नेता सह जिप सदस्य के द्वारा धरना प्रदर्शन औचित्यहीन है। सस्ती लोकप्रियता के लिए उनके द्वारा सारा प्रचंत्र रचा जा रहा है। वही जिप सदस्य सह भाजपा नेता बलवंत सिंह के द्वारा मनरेगा की प्रशासनिक मद की राशि गबन करने के लगे आरोप पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने कहा है की जिप सदस्य के द्वारा लगाया जा रहा आरोप पुरी तरह से निराधार और दुर्भावना से ग्रसित है। मनरेगा प्रशासनिक मद की राशि से सभी सामग्रियो का क्रय किया गया है। जिसकी जांच रिपोर्ट जिला को भेज दिया गया है।

### राजस्व उप निरीक्षक पर लापरवाही का आरोप, निलंबित

**मयूरहंड(चतरा)।** अंचल कार्यालय मयूरहंड में पदस्थापित राजस्व उप निरीक्षक निशांत कुमार को राजस्व कार्यों में लापरवाही के साथ अनुसाशनहिंता बरतने, कार्य क्षेत्र से अनुपस्थित रहने, पदाधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने, झारखंड सेवा गारंटी अधिनियम का उलंघन करने, उच्य अधिकारियों के आदेश का अवहेलना करने व प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गाली-गलौज करने जैसे कतिपय गंभीर आरोप में डीसी रमेश घोलप ने निलंबित कर दिया है। राजस्व उप निरीक्षक के खिलाफ प्रपत्र क गठित करते हुए यह कार्यवाई की गयी है। इसके अलावे उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाई की अनुसंशा भी की गयी है।

# भंडरा में आदिवासी बहुल बिटपी सहित कई गांवो में जल नल योजना फेल

कुलदीप कच्छप

**भंडरा ।** सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार संचालित नल जल योजना प्रखंड में कई स्थानों पर दम तोड़ रही है। आए दिन नल जल योजना से ग्रामीणों को पानी नहीं मिलने का मामला प्रकाश में आ रहा है। ऐसा ही एक मामला प्रखंड के आदिवासी बहुल जमगाई पंचायत के बिटपी गांव के लोगों को पिछले दो माह से भी अधिक समय से नल जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव में बैठक कर आंदोलन की रणनीति तैयार की और इसके बाद नल जल योजना में जल्द सुधार की मांग की. ग्रामीण एतवा उरांव, विनोद उरांव अदि ने बताया की लाखो रुपए की लागत से गांव में नल जल योजना का स्ट्रक्चर बनाकर पानी आपूर्ति प्रारंभ की गई, लेकिन महज एक माह भी पानी नहीं चला। गांव के एक छोर में पानी मिल रहा है बाकि क्षेत्र में पानी चलना बंद हो गया। इस योजना से गांव के 650 घरों को पानी पहुंचना था पर शुरू से ही पानी आपूर्ति बंद है।

बाद में दोमुहान से बरमोरिया तक बन रही सड़क निर्माण के दौरान योजना का पाइप कई जगह सड़क निर्माण कंपनी द्वारा तोड़ दिए जाने के कारण पाइप भी कई जगह टूट गया है। ग्रामीणों ने कहा कि पानी आपूर्ति बंद होने से हम लोगों को भारी कठिनाई हो रही है। पुराने कुएं और नदी के सहारे प्यास बुझ रहा है। गर्मी के मौसम में और कठिनाई होती है। योजना के दौरान काम भी ठीक ढंग से नहीं किया गया था। टंकी का स्ट्रक्चर घटिया क्वालिटी का है जो टेढ़ा हो रहा है। कई बार वरीय पदाधिकारियों को शिकायत भी की गई लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। प्रखंड के पलमी, बेदाल, मकुण्दा,आकाशी अदि गांवो में भी जल नल योजना फेल है। बनने के बाद पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पानी आपूर्ति प्रारंभ कराने की मांग की है। इस सन्दर्भ बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया की मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। योजना की जांच कर पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कराई जाएगी। प्रखंड स्तरीय टीम द्वारा गड़बड़ी की जांच कराई जाएगी।




## एक नजर

### अज्ञात लोगों ने पत्थर से कूचकर युवक की हत्या

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना क्षेत्र के सारुबेडा भंडार टोली गांव के चालिस वर्षीय गजेंद्र सिंह को गांव के समीप ततेरडांड़ आंगनबाड़ी केंद्र समीप अज्ञात लोगों के द्वारा पत्थर से वार कर चेहरा को पुरी तरह कुचल दिये हैं। इस संर्दभ में मृतक का पिता छोटू सिंह ने बताया कि मेरा बेटा गजेंद्र सिंह गांव के ही सारुबेडा बाजार से मुर्गा खरीदकर अपने मोटरसाइकल में घर लौट रहा था तभी तेतरडाड़ आंगनबाड़ी केंद्र के पास अज्ञात लोगों के द्वारा पत्थर से मारकर हत्या कर दी हैं। पूछे जाने पर मृतक का पिता ने बताया कि घटना बिते कल बुधवार शाम करीब सात बजे के आस पास का है। तत्पशचात शुक्रवार अहले सुबह पालकोट पुलिस घटना स्थल जाकर शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा के लिए गुमला भेज दिया गया। इधर पालकोट थाना में मृतक की धर्मपत्नी चंद्र कला देवी थाना में लिखित आवेदन देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### भैसमुंदो गांव में योगी सेना का गठन



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के भैसमुंदो गांव में गुरुवार को आनंद सिंह की अध्यक्षता में योगी सेना का गठन किया गया। इस दौरान लव जिहाद, गौ तस्कारों जैसे अन्य विचारों पर चर्चा किया गया। उसके बाद योगी सेना के बैनर तले अध्यक्ष देवचंद उरांव, उपाध्यक्ष अरून महली, सचिव कुंजय महतो, कोषाध्यक्ष सोनू महतो एवं मीडिया प्रभारी आकाश यादव को बनाया गया उसके साथ साथ कई लोगो ने सदस्यता ग्रहण किये। जिसमें अरुण महली द्वारा कहा गया की आने वाले दिन में हमे एकता का परिचय देना होगा जिससे लव जिहाद, गौ तस्करो जैसे समस्याओं को जड़ से उखाड़ फेके। भंडरा से योगी सेना प्रखंड अध्यक्ष विवेक यादव, सचिव अर्जुन सिंह के अलावे अन्य युवाओं उपस्थित थे।

### 48 अवैध गोवंशीय पशुओं को किया जब्त, तस्कर फरार

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कुरुमगढ़ थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात रोघाडीह जंगल के समीप तस्करी के लिए ले जा रहे 48 अवैध गोवंशीय पशुओं को जब्त किया। वहीं पुलिस को आता देख अंधेरे का फायदा उठाते हुए तस्कर मौके से फरार हो गए। इस मामले पर थाना प्रभारी विश्वजीत चेतन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की चैनपुर थाना क्षेत्र से कुछ लोगों के द्वारा अवैध गोवंशीय पशुओं की तस्करी की जा रही है। सूचना का सत्यापन करते हुए पुलिस ने छापामारी दल का गठन किया जिसमे थाना प्रभारी विश्वजीत चेतन, एएसआई प्रदीप कुमार अपने दल बल के साथ मिलकर छापामारी करते हुए रोघाडीह जंगल के समीप से पशुओं को जब्त किया गया।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** टेंगरिया गांव जाने वाले भरनी नदी के पुल में 16 वर्षीय युवक बिमल मिंज अपने दोस्त के साथ राहूल उरांव के साथ मोटरसाइकल का बैलेंस बिगड़ जाने से बाइक में बैठे बिमल मिंज घटनास्थल पर ही मौत हो गया। जबकि बाइक चालक राहूल उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पालकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए ग्रामीणों से सहयोग से भेजा गया। इधर ग्रामीणों ने पालकोट थाना को सुचना देते हुए पालकोट थाना के पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोषट माडम के लिए गुमला भेज दिया गया।

## पहली जुलाई के बाद के अपराध पर ही लागू होंगे नए कानून : डालसा सचिव

### गहन कानूनी जागरूकता शिविर-सह- नशा मुक्ति अभियान की शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को महीने भर चलने वाले गहन कानूनी जागरूकता शिविर -सह- नशा मुक्ति अभियान की शुरूआत एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा से की गई। जिसमें डालसा सचिव राजेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि 1 जुलाई 2024 से भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रहे हैं। इसके प्रभाव को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है किंतु यह स्पष्ट करना जरूरी है कि 1 जुलाई 2024 के पूर्व के जो भी अपराध हुए हैं उनका विचारण भारतीय दंड संहिता एवं दंड प्रक्रिया संहिता में उल्लेखित प्रावधानों के तहत ही किए जाएंगे। जबकि 1 जुलाई या उसके पश्चात जो अपराध घटित होंगे उनके ऊपर भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के साथ-साथ भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नए प्रावधान लागू होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डालसा सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के गठन के उद्देश्यों को बच्चों को बताया और यह कहा कि मुफ्त कानूनी सहायता के तहत विधिक सेवा प्राधिकार गरीब एवं निरिह व्यक्तियों को कानूनी सहायता एवं मुफ्त में वकील मुहैया कराती है। साथ ही साथ विभिन्न विषयों पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन भी करती है। बच्चों एवं बच्चियों को जुविनाइल जस्टिस एक्ट एवं पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों को बताते हुए सचेत किया कि वह मोबाइल जनित किसी भी ऐसे कार्य को ना करें जो अपराध की श्रेणी में आता है। नशापान से दूर रहने का आह्वान करते हुए मध्यस्थ अधिवक्ता लाल दीपक कुमार ने कहा कि कोर्ट फैसला सुनाने में विलंब नहीं करती है। बल्कि साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जाता है। ऐसे में थोड़ा विलंब हो जाता है। लेकिन न्याय कोर्ट में आने वालों को मिलता जरुर है। अब फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल जीपी झा ने कहा की स्कूल में लीगल लिट्रेसी क्लब का गठन कर लिया गया है। जिसमें 20 छात्र- छात्राओं की टीम बनाई गई है। जो लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़कर कानूनी जानकारी हासिल करेंगे।



## हेमंत सोरेन को बेल मिली है मामले खत्म नहीं हुए : भाजपा मनीर उरांव

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** हेमंत सोरेन की बेल पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन को बेल मिली है मामले पूरी तरह खत्म नहीं हुए। परंतु गठबंधन के नेता इस तरह का बयानबाजी कर रहे जैसे मानो हेमंत सोरेन पाक साफ हो गए हों। परंतु ऐसा नहीं जनता भी जान गई कि झारखंड में गठबंधन के लोग झूठी घोषणाओं का पिटारा लेकर बैठ गई है। इनके लोग साथ मिलकर लगातार गांव से लेकर छोटे बड़े दफ्तरों लूट मचा रखी है। आश्चर्य तो तब लगता है जब गठबंधन के लोग खुले तौर पर झारखंड की जल जंगल जमीन को लूट रहे हैं और पकड़े जाने पर स्वतंत्र एजेंसियों को बदनाम कर रहे हैं। यही गठबंधन की सरकार विगत कुछ समय पहले सभी स्वतंत्र एजेंसियों को भी केंद्र सरकार की कठपुतली बता रही थी उसे पर लांछन लगाने का काम कर रहे थे। न्यायालय भी सत्य नहीं झूठी लग रही थी। सच तो यह है कि गठबंधन और कांग्रेस के लोग यदि कार्य उनके अनुकूल और निर्णय पक्ष में हो तो सभी चीज अच्छी होती है नहीं तो सभी बेकार। सुखदेव भगत जी को जनता ने उनकी बातों और वायदे के अनुसार मौका दिया। इधर उधर की बातों को छोड़ कांग्रेस पार्टी के द्वारा जनता को किए वायदे 8500

### हेमंत सोरेन को बधाई व न्यायालय का आभार जताया

**कैरो/लोहरदगा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व जेएमएम के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को उच्च न्यायालय द्वारा जमानत मिलने पर जे एम एम कार्यकर्ताओ समेत झारखण्ड की जनता में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। कैरो प्रखण्ड जे एम एम संगठन द्वारा भी हेमन्त सोरेन को बधाई और न्यायालय का आभार जताते हुए खुशी का इजहार किया गया है। मौके पर जे एम एम केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा यह असत्य पर सत्य की जीत है। जिस तरह से हेंमत सोरेन को 8.5 एकड़ जमीन घोटाले के नाम पर झूठा मुकदमा लगाकर साजिश के तहत फंसाने का काम किया गया।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

### गाड़ी मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बालू खनन व परिवहन मामला में जब्त, ट्रैक्टर मालिक तथा चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम एवं एनजीटी के तहत सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। विदित हो की 26 जून को सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला रोड स्थित बक्सीडीपा के समीप से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर नम्बर जेएच 08 जे 5834 को सेन्हा पुलिस के द्वारा जब्त कर थाना लाया गया था। विधिवत जब्त कर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर की सूचना खनन विभाग को दिया गया था। वही अवैध बालू खनन व परिवहन की सूचना मिलते ही जिला खनन पदाधिकारी लोहरदगा के निर्देश पर खनन अधिनियम और एनजीटी के आलोक में कांड संख्या 49/24 दर्ज कर धारा 379, 411 आईपीसी के तहत ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध सनहा दर्ज कर पुलिस कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध लदा बालू ट्रैक्टर को चालक ने पुलिस को देख खड़ा कर भाग निकला। जिसके बाद ट्रैक्टर को जब्त कर सुरक्षित लाकर थाना परिसर में रखते हुए ट्रैक्टर मालिक तथा चालक के विरुद्ध खनिज संपदा चोरी तथा विभाग के राजस्व क्षति करने एवं एनजीटी उलंघन का मामला खनन विभाग के निर्देशानुसार दर्ज कर करवाई प्रारम्भ किया जा रहा है।



## कांग्रेस के प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष को देशी कट्टा से मारी गोली, गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**जारी।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ाअसरो निवासी 35 वर्षीय मिलकियूस बाड़ा को पशु तस्करों ने गोली मार दी। गोली उसके बाँह में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात करीब 8:00 बजे मवेशी तस्कर गढ़ा असरो गांव से होकर मवेशी की तस्करी कर रहे थे। वहीं किसानों के खेत में लगी फसल को रौंदते हुए जा रहे थे। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और कहा कि दिन में मवेशियों को ले जाएं। इसके बाद एक बाइक में सवार 3 मवेशी तस्कर गांव पहुंचे और देशी कठ्ठा निकाल कर ग्रामीणों को डराने लगे। इसी बीच ग्रामीण भी तस्करों से उलझ गए। हाथापाई होने लगी इसके बाद कांग्रेस के प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष मिलकियुस बाड़ा पर एक तस्कर ने देशी कट्टा तान दिया। छीनाझपटी में देशी कट्टा की गोली चली और मिलकियुस बाड़ा को उसके हाथ के बांह में गोली लगी। जिसके बाद तस्कर भागने लगे। ग्रामीणों ने घेर कर दो तस्करों को पकड़ा जबकि एक तस्कर भागने में सफल रहा।

घटना की जानकारी जारी थाना की पुलिस को दी गई। पुलिस रात में ही पहुंचकर दो अपराधियों को पकड़ लिया। वहीं हथियार और गोली भी पुलिस ने बरामद की है। वहीं घायल मिलकियुस बाड़ा को सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। जिसके बाद मिलकियूस बाड़ा की स्थिति खतरे से बाहर बताया जा रहा है। वही इस मामले पर थाना प्रभारी आदित्य कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले की छानबीन किया जा रहा है। उसके बाद ही कुछ किया जा सकता है।



**विवशता** घर में शौचालय नहीं, शौच जाने के लिए करती है सूर्यास्त होने का इंतजार

## नाबालिग के सिर से उठा मां-बाप का साया

निरंजन कुमार/राहुल कौशल

**घाघरा/लोहरदगा/गुमला।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय के ग्रीन गोला रोड निवासी 16 वर्षीय राजकुमारी के माता-पिता के आकस्मिक मृत्यु के बाद बिल्कुल अनाथ हो गई। वही इस घटना के 5 माह गुजर जाने के पश्चात भी न तो प्रशासनिक अधिकारी और ना ही जनप्रतिनिधियो ने इसकी सुध लेना मुनासिब समझा। घर की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि उसे अपनी पढ़ाई छोड़ मजदूरी करने को विवश होना पड़ा। वही पत्रकारों के पूछे जाने पर अनाथ राजकुमारी ने बताया कि उसकी माता पिता ने कस्तूरबा स्कूल में नामांकन करा दिया था। वह कक्षा 9 में कस्तूरबा गांधी घाघरा में पढ़ रही थी, लेकिन जब राजकुमारी गर्मी छुट्टी में अपने घर आई तो उसे दाने-दाने को मोहताज होना पड़ा। अपने पेट की आग बुझाने के लिए पढ़ाई को दरकिनार कर मजदूरी करने के लिए राजकुमारी विवश हो गई। राजकुमारी को ना तो खाने के लिए घर में कुछ है और ना ही रहने के लिए अच्छी मकान है। टूटे-फूटे घर में किसी तरह मजदूरी कर अपना जीवन व्यतीत कर रही है। इस लड़की की बेबसी को देखने वाला ना तो उसके सगे संबंधी है और ना ही प्रशासन व जनप्रतिनिधि के लोग। बातचीत के क्रम में अनाथ बच्ची ने बतलाया कि न तो उसे रहने के लिए घर और ना ही शौच के लिए शौचालय की व्यवस्था है। किसी तरह मजबूर होकर मैं यहां रह रही हूँ और मजदूरी कर अपना पेट पाल रही हूँ। वही राजकुमारी ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु लगभग 4 साल पहले हो चुकी इसके बाद उसकी माँ लाखिया देवी मजदूरी कर उसे पढ़ा रही थी। इसके बाद मां की भी मृत्यु विगत 9 फरवरी 2024 को हो और वह बिल्कुल बेसहारा हो गई। वही अनाथ राजकुमारी ने बताया कि हमारे टूटे हुए मकान है एवं हमारे मकान में शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण सुबह के अंधेरे या सूर्यास्त होने का इंतजार करना पड़ता है। माता लाखिया देवी के नाम से अबुआ आवास पास हुआ था पर अधिकारी बोलते है कि तुम्हारी माँ की मृत्यु हो गई इसलिए अब तुम्हें आवास नहीं मिलेगा।

**मृतक माता-पिता**



- प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने नही ली सुध
- पढ़ाई छोड़ मजदूरी करने को हुई विवश, रिश्तेदारों ने भी मुंह फेरा

### पढ़ाई छोड़कर ₹250 की रेजा मजदूरी कर किसी तरह मैं अपनी पेट पाल रही हूं : राजकुमारी



बातचीत के दौरान राजकुमारी ने बताया कि मुझे पढ़ने की तो इच्छा है पर मैं पढ़ाई देखूं या मैं अपना पेट पालु मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि मैं क्या करूं। इतनी खराब स्थिति होते हुए भी ना तो कोई जनप्रतिनिधि हमारा हाल पूछने आए और ना ही कोई प्रशासन के अधिकारी। इस दौरान अनाथ राजकुमारी ने बताते हुए यह भी कहा अगर मुझे आज भी सरकारी सुविधा मिले तो मैं पढ़ लिखकर मैं बड़े से बड़े अधिकारी बनना चाहती हूं पर पता नहीं अब मेरा सपना कभी पूरा होगा या नहीं। इतना बोल कर निराश होकर नाबालिग राजकुमारी फुट फुट कर रोने लगी।

### एक वृद्ध व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र की जमगाई गांव में वृद्ध व्यक्ति झलीराम उरांव ने आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही पुलिस शुक्रवार को दिन के 10 बजे शव को कब्जे में कर थाना लाई और पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। इस संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि झलीराम उरांव हर दिन के भांति गुरुवार को मवेशी चराने नदी की ओर खेत तरफ गया था। देर शाम तक वह नहीं लौटा।गांव में बुढ़िया करम का बासी त्योहार था। जिससे लगा की गांव में कही होगा। काफी शाम होने के बाद खोजबीन की गई। मवेशी चराने गए स्थल के पास गए। तो देखा आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी पर वह झूल रहा था। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई। वही रात होने के कारण पुलिस शुक्रवार को घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लिया। वहीं परिजनों ने यह भी बताया कि तीन-चार दिन पहले से झलीराम की मानसिक स्थिति थोड़ी खराब चल रही थी।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने डुमरी प्रखंड में योजनाओं की समीक्षा बैठक की



**गुमला।** 4 जुलाई को आकांक्षी प्रखंड डुमरी में संपूर्णता अभियान आयोजित होगा। इसमें शत प्रतिशत नागरिकों की सिकल सेल एनीमिया, मधुमेह, और हाइपरटेंशन की जांच की जाएगी। उपायुक्त ने समाहरणालय में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए और हर सप्ताह बैठक करने पर जोर दिया। आंगनवाड़ी केंद्रों में पानी, चापकल, और सोकपीट की व्यवस्था, स्कूलों में नई गतिविधियों का आयोजन, और कौशल विकास पर ध्यान दिया जाएगा। भारत नेट की कनेक्टिविटी को पंचायत भवनों में सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, बीडीओ डुमरी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने एफजेसीसीआई के अध्यक्ष से की मुलाकात

**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री से मुलाकात कर गुमला के व्यापारिक एवं जनहित के विषयो के पर अपनी मांगों को रखा। गुमला मे निरंतर आ रही रेजगारी की समस्या पर रेजगारी उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में चर्चा की। गुमला के भारतीय स्टेट बैंक को एक पत्र देकर रेजगारी उपलब्ध कराने की मांग की थी, परंतु अभी तक रेजगारी उपलब्ध नही हुई है। आपके प्रयास से रेजगारी उपलब्ध कराया जाय, इसपर मंत्री ने कहा मैं जल्द से जल्द गुमला में रेजगारी उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की एक 50 एमवीए का ट्रांसफार्मर जो आपके प्रयास से गुमला के लिए मिला है, उसके लिए आपको धन्यवाद देते हैं। साथ ही एक और ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही एक हाइड्रा, एक पिकअप और एक सीढी की मांग की। मंत्री से अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने गुमला में उद्योग लगाने के लिए 200 एकड़ जमीन सरकार से दिलाने की मांग की। उद्योग लगाने हेतु हमारे मांग पर उन्होंने कहा की प्रत्येक जिले मे 100 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की मांग, मैं प्रशासन से किया हूं। उसपर ऑफिसियल चिट्ठी भी कई जिले के उपायुक्त को विभाग द्वारा भेजा गया है।

### जय श्री राम समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के अरु पंचायत के मंदिर प्रांगण में जय श्री राम समिति की बैठक पंचायत अध्यक्ष विक्की महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन की मजबूती एवं सदस्यता अभियान को लेकर खास चर्चा की गई। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा कार्यकताओं का समिति के प्रति विश्वास ही संगठन की मजबूती है। कहा सदस्यता अभियान जोर-शोर से चलाई जा रही है। जल्द ही समिति के नए जिला अध्यक्ष का चुनाव के माध्यम से चुना जायेगा। जल्द ही जिला कमेटी की बैठक की घोषणा की जाएगी। इसलिए आप लोग जल्द से जल्द सदस्यता ग्रहण कर ले। मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, विक्की कसेरा, विनोद प्रसाद, नगर महामंत्री सुशील पटनायक,संजय कुमार, प्रेम सिन्हा, पंकज महतो विकास पाठक, सूरज महतो दीपक महतो समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पांच दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है ट्रक एसोसिएशन




**लोहरदगा।** ट्रक एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के आह्वान पर सभी माइंसो में चलने वाले लगभग 1500 ट्रक पिछले पांच दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। इसके समर्थन हेतु झारखंड पठारी चंदवा ट्रक ओनर एसोसिएशन, लोहरदगा गूमला ट्रक ओनर एसोसिएशन, झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन बिमरला के संयुक्त आंदोलन में आज भी ऑनर बक्शीडीपा में अस्थाई कार्यालय में दिन-रात जुटे रहे। वहीं दूसरी ओर झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमानत अंसारी ने आकर अपना समर्थन दिया। कहा कि आप लोगों की मांगे जायज हैं हम आपके साथ हैं। ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दूरभाष पर संरक्षक धीरज प्रसाद साहू से बात की। श्री साहू ने कहा कि आंदोलन को अब और तेज किया जाएगा. कार्यालय में मुख्य रूप से लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ,झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सचिव मुद्रिका यादव, विनोद सिंह, तबरेज आलम, मोहम्मद बबलू, इनामुल अंसारी, पंकज सिंह, समसुल अंसारी, रहमत अंसारी, शंकर प्रजापति, दीपक साहू, ब्रज सिंह, अभय सिंह, राजेश शर्मा, शोएब अख्तर, संतोष साहू, राजेंद्र प्रसाद, गुलशेर हुसैन बबलू, मुख्तार अंसारी ,शोएब अख्तर सहित सैकड़ो ऑनर उपस्थित थे।

### सीएसआर से संबंधित बैठक संपन्न

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा अंचल कार्यालय में सीएसआर की बैठक शुक्रवार को अंचलाधिकारी आशीष मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पिछले माह में दिए गए निदेर्शों की समीक्षा किया गया। जिसमें हिंडालको के सीएसआर प्रभारी रामस्वरूप पासवान ने आंगनबाड़ी भवन मरम्मती के संबंध में बताया कि इस कार्य के लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है अन्य प्रस्तावों पर भी कंपनी प्रबंधन द्वारा विचार विमर्श किया जा रहा है इसके बाद काम किया जाएगा। पिछले माह में जो भी प्रपोज हिंडालको को दिया गया था उसमें से एक भी काम हिंडाल्को के द्वारा क्षेत्र में नहीं किया गया है जिस पर अंचलाधिकारी ने जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि यदि इस तरह का रवैया रहा तो हाइ कोर्ट में सीएसआर के खिलाफ याचिका दायर किया जाएगा। जो काम सीएसआर की बैठक में पारित किया जाता है उस काम को करना अनिवार्य है यदि ऐसा ना करते हुए अपने मनमाने तरीके से हिंडालको काम करेगी तो इस पर कड़ा कार्रवाई किया जाएगा। इस बैठक में अंचलाधिकारी आशीष मंडल, प्रमुख सविता देवी, रामस्वरूप पासवान, राजेश बड़ाइक, चांदनी देवी व शंकर साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### हेमंत सोरेन को जमानत मिलना, न्याय की जीत है : सुखदेव भगत




**गुमला।** सुखदेव भगत ने कहा कि हेमंत सोरेन को अन्याय तरीके से जो प्रताड़ित करने का काम किया गया उसका अंत विधानसभा चुनाव में भाजपा का सुपड़ा साफ कर होगा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार हाईकोर्ट में जमानत दे दिया। इस विषय पर लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत संसद परिसर नई दिल्ली में पत्रकारों के द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि यह झारखंडवासियों के लिए राहत भरी खबर है। न्यायालय पर पूरा भरोसा था और यह न्याय की जीत हुई। तथा कथित लैंडस्केप के नाम पर हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने का काम किया गया है। सीएनटी एक्ट में कहीं भी भूमिहर जमीन बेची नहीं जा सकती है जो जमीन बेची नहीं जा सकती ना खरीदी जा सकती है उसके आरोप में हेमंत सोरेन जमीन खरीदी है उनको जेल में डाला गया। न्यायालय ने उन चीजों को देखा। आगामी विधानसभा चुनाव होने वाला है जम्हूरियत में जनता ही सर्वोपरि होता है। जनता के बीच हम लोग जाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी होने वाले विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का सुपड़ा साफ हो जाएगा। अन्याय का अंत होगा, अहंकार का अंत होगा। अन्याय के तरीके से जो प्रताड़ित करने का काम किया गया उसका अंत विधानसभा चुनाव में होगा।

# रियल टाइम डेटा एनालिसिस के लिए आरबीआई कर रहा एआई का इस्तेमाल : शक्तिकांत दास

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से हाई फ्रीक्वेंसी और रियल टाइम डेटा की मॉनिटरिंग के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) का उपयोग किया जा रहा है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरबीआई की 18वें सांख्यिकी दिवस कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन पर लोगों को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि एआई और एमएल के जरिए क्षमताओं को बढ़ाने और इस पर फोकस किया जा रहा है। अनस्ट्रक्चर्ड डेटा को एनालिसिस करने पर जोर है। हालांकि, ऐसा करते समय नैतिकताओं का ध्यान रखना चाहिए और एल्गोरिदम में पूर्वाग्रह को दूर करना चाहिए।




एनुअल इवेंट के दौरान उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में आधिकारिक सांख्यिकी के लिए 2025 काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। व्यापक आर्थिक आंकड़ों के संकलन के लिए (विशेष रूप से राष्ट्रीय खातों और भुगतान संतुलन के लिए) नए वैश्विक मानकों के रूप में वैश्विक प्रयास एक नए आयाम पर जाने की उम्मीद की जा रही है। प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस के जन्मदिवस के अवसर पर सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है।

# मई में देश के आठ प्रमुख उद्योगों में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कोयला, सीमेंट, इस्पात और बिजली जैसे आठ प्रमुख उद्योगों ने इस साल मई में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 6.3 प्रतिशत अधिक की वृद्धि दर्ज की है।

पिछले साल के मुकाबले इस साल मई में बिजली उत्पादन में 12.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मई में कोयला उत्पादन में भी 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस्पात उत्पादन में भी 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस साल मई में प्राकृतिक गैस उत्पादन में भी पिछले साल मई की तुलना में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे देश को परिवहन क्षेत्र और घरेलू रसोई में हरित ईंधन का अधिक उपयोग करने में मदद मिली। इसी प्रकार पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन में पिछले साल की मई की तुलना में इस साल मई में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि, उर्वरक उत्पादन में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल से मई, 2024-25 के दौरान आठ प्रमुख उद्योगों की कुल वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.5 प्रतिशत अधिक रही है। ये प्रमुख उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं के भार का 40.27 प्रतिशत हिस्सा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस साल फरवरी के लिए आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक की वृद्धि दर को संशोधित कर 7.1 प्रतिशत कर दिया गया है।

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

**अधिसूचना संख्या 465/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 18.06.2024**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–रमकण्डा, थाना नं0–126, थाना–रमकण्डा, अंचल–रमकण्डा, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना रंका–रमकण्डा पथ (कुल लम्बाई 20.925 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–रमकण्डा, थाना नं0–126, थाना–रमकण्डा, अंचल–रमकण्डा, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **2.397** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 675 | 32 | रैयती | टाड़ दो | 0.048 | समीम अंसारी | 26 | रास्ता | 27 | 33 |
| 2 | 139 | 33 | रैयती | टाड़ दो | 0.166 | विडियो कोरवा वगैरह पिता स्व0 बुधन कोरवा | 33 रास्ता | 33 रास्ता | 34 | 32 |
| 3 | 128 | 34 | रैयती | टाड़ दो | 0.026 | 1 चन्द्रधन भुईयां 2 बिरबल भुईयां पिता– स्व0 फागु भुईयां | 33 रास्ता | 34 रास्ता | 35 | 33 |
| 4 | 128 | 35 | रैयती | टाड़ दो | 0.149 | 1 सुखदेव भुईयां पिता– जगु भुईयां 2 शकुन्तला कुमारी पति– चन्दन भुईयां 3 सुनील भुईयां पिता– बेचन भुईयां 4 रामचन्द्र भुईयां पिता– तेतर भुईयां | 35 रास्ता | 35 रास्ता | 36 | 34 |
| 5 | 111 | 37 | रैयती | टाड़ दो | 0.103 | अममद भुईयां पिता– स्व0 गुठल भुईयां | 37 रास्ता | 37 रास्ता | 39 | 36 |
| 6 | 656 | 39 | रैयती | टाड़ दो | 0.090 | इसहाक मियां पिता– फेकु मियां | 39 | रास्ता | 41 | 37 |
| 7 | 340 | 41 | रैयती | टाड़ दो | 0.006 | जलील अंसारी वगैरह पिता–स्व0 खलील अंसारी | 52 | रास्ता | 39 | 43 |
| 8 | 138 | 44 | रैयती | टाड़ दो | 0.137 | 1 पचन भुईयां पिता– स्व0 छठु भुईयां2 राजमुनी भुईयां पिता– स्व0 कन्हाई भुईयां 3 समीम अंसारी पिता– स्व0 रज्जाक अंसारी 4 भुखन भुईयां पिता– स्व0 चरकु भुईयां | 50 | रास्ता | 43 | 45 |
| 9 | 130 | 45 | रैयती | टाड़ दो | 0.067 | 1 भुखन भुईयां पिता– स्व0 चरकू भुईयां 2 श्रवण भुईयॉ 3 प्रेम भुईयां छोटू भुईयां पिता– स्व0 दुखन भुईयां | 47 | रास्ता | रास्ता | 46 |
| 10 | 98 | 95 | रैयती | टाड़ दो | 0.027 | जानमोहम्मद अंसारी पिता– स्व0 घुरन मियां | 96 | 96 | रास्ता | 96 |
| 11 | 98 | 97 | रैयती | टाड़ दो | 0.124 | 1 जानमोहम्मद अंसारी पिता– स्व0 घुरन मिया 2 तबारक अंसारी 3 मुबारक अंसारी पिता– स्व0 सहाबुदीन अंसारी 4 बौध अंसारी पिता– स्व0 गुलाम हुसैन मियां 5 कुतुबुदीन अंसारी पिता– स्व0 गुलाम हुसैन अंसारी 6 जियाउल मंसूरी पिता– ऐनुल मंसूरी 7 डॉ शमीम पिता स्व0 अब्दुल रज्जाक | 96 | रास्ता | रास्ता | 98 |
| 12 | 98 | 120 | रैयती | टाड़ दो | 0.117 | 1 इमामुदीन अंसारी पिता– नसीम अंसारी 2 अब्दुल मजीज पिता– स्व0 अब्दुल हमीद खलिफा 3 इसहाक अंसारी 4 अकबर अंसारी पिता– स्व0 सहाबुदीन अंसारी 5 एकबाल अंसारी पिता– स्व0 हनीफ अंसारी 6 इसराईल अंसारी 7 नसीर खलिफा पिता– नजीवान खतीफा 8 जिबराईल अंसारी पिता– जानमोहम्मद अंसारी 9 मुस्लिम अंसारी पिता– सोबराती मियां 10 असमुदीन अंसारी पिता– अमरु मियां | 117 | रास्ता | 98 | 121 |
| 13 | 98 | 121 | रैयती | टाड़ दो | 0.031 | 1 असगर अंसारी 2 रहीन अंसारी 3 कुतुबुदीन अंसारी 4 अजीम अंसारी पिता– स्व0 गुलाम हुसैन | 123 | रास्ता | 120 | 122 |
| 14 | 37 | 122 | रैयती | टाड़ दो | 0.019 | 1 इन्ताज अंसारी पिता– स्व0 इसलाम अंसारी 2 समीम अंसारी पिता– इसलाम अंसारी | 123 | रास्ता | 121 | 124 |
| 15 | 194 | 125 | रैयती | टाड़ दो | 0.064 | 1 समीम अंसारी 2 इन्ताज अंसारी पिता– स्व0 इस्लाम अंसारी 3 फजलु रहमान पिता– हवीबुर्रहमान | 141 | रास्ता | 124 | 126 |
| 16 | 120 | 126 | रैयती | टाड़ दो | 0.044 | 1 फजलू रहमान पिता– हबीबु रहमान 2 सकील अंसारी पिता– हफीजुल अंसारी 3 शिवशंकर मिस्त्री पिता– स्व0 रामदेव मिस्त्री 4 इस्लाम अंसारी पिता– स्व0 गुलाम हुसैन मियां 5 असगर अंसारी पिता– स्व0 गुलाम हुसैन मियां | 125 | रास्ता | 125 | 127 |
| 17 | 120 | 127 | रैयती | धान दो | 0.027 | 1 रहीम अंसारी पिता– स्व0 रहमत मियां 2 समीम मंसूरी | 128 | रास्ता | 126 | 131 |
| 18 | 43 | 132 | रैयती | टाड़ दो | 0.033 | हकीम अंसारी पिता– स्व0 रहमान मियां | 133 | रास्ता | 131 | रास्ता |
| 19 | 672 | 424 | रैयती | टाड़ दो | 0.002 | हकीम मियां पिता– स्व0 रहमत मियां | 422 | रास्ता | रास्ता | 429 |
| 20 | 185 | 430 | रैयती | धान दो | 0.025 | 1 जन्नत हुसैन 2 जाकिर हुसैन पिता– स्व0 वहदली मियां | 429 | रास्ता | रास्ता | 431 |
| 21 | 185 | 431 | रैयती | धान एक | 0.027 | 1 जाहीद मंसूरी 2 सत्येन्द्र प्रसाद पिता– छठू साव | 432 | रास्ता | 430 | 433 |
| 22 | 23 | 433 | रैयती | धान दो | 0.001 | अलिमुइदीन मियां पिता– क्यामत मियां | 436 | रास्ता | 431 | 434 |
| 23 | 520 | 567 | रैयती | टाड़ एक | 0.002 | 1 नईम अख्तर अंसारी पिता– पीर मोहम्मद मियां 2 परवेज अंसारी पिता– स्व0 अबदुल क्यूम अंसारी | रास्ता | 566 | रास्ता | 562 |
| 24 | 53 | 566 | रैयती | टाड़ एक | 0.007 | 1 परवेज अंसारी 2 मंजूर अंसारी पिता– स्व0 कयूम अंसारी | 567 | 565 | रास्ता | 563 |
| 25 | 553 | 565 | रैयती | मकान मय सहन | 0.012 | 1 संजर अंसारी 2 मंजर अंसारी पिता– स्व0 अब्दुल कयूम अंसारी | 566 | 717 | रास्ता | 563 |
| | | | | | | फजलू रहमान पिता– स्व0 हबीबुल रहमान | | | | |
| 26 | 256 | 718 | रैयती | मकान मय सहन | 0.004 | अहमद मियां पिता स्व0 धनु मियां | 565 | 716 | रास्ता | 719 |
| 27 | 43 | 716 | रैयती | टाड़ एक | 0.008 | 1 सतार मियां पिता– अहमद मियां 2 मो0 दिलशाद अंसारी पिता– सफीउददीन अंसारी 3 मजीद अंसारी पिता– अहमद अंसारी | 718 | 715 | रास्ता | 712 |
| 28 | 43 | 704 | रैयती | मकान मय सहन | 0.003 | अकीदा बीबी पति– स्व0 एकराम मियां | 715 | 703 | रास्ता | 705 |
| 29 | 185 | 703 | रैयती | मकान मय सहन | 0.003 | अकीदा बीबी पति– स्व0 एकराम मियां | 704 | 702 | रास्ता | 706 |
| 30 | 519 | 701 | रैयती | मकान मय सहन | 0.012 | 1 जन्नत हुसैन पिता– स्व0 वहदली मियां 2 जसमुदीन अंसारी पिता– स्व0 वहदली मियां 3 मो0 समीम अंसारी पिता– स्व0 अबुल रज्जाक | 702 | 698 | रास्ता | 780 |
| 31 | 553 | 698 | रैयती | | 0.013 | 1 कुदावन बैठा 2 मथु बैठा 3 मथन बैठा 4 हरावन बैठा पिता– स्व0 रामगहन बैठा | 700 | 597 | रास्ता | 692 |
| 32 | 294 | 696 | रैयती | टाड़ एक बाड़ी | 0.009 | 1 गुलाम रब्बानी 2 कलीम अंसारी पिता– हुसैन अंसारी | 697 | 694 | रास्ता | 693 |
| 33 | 5 | 688 | रैयती | टाड़ एक बांडी | 0.004 | इन्ताज अंसारी पिता– स्व0 नेजाम मियां | 697 | 687 | रास्ता | 689 |
| 34 | 535 | 687 | रैयती | मकान मय सहन | 0.007 | बिरन मियां पिता– स्व0 रहमान मियां | 688 | 686 | रास्ता | 688 |
| 35 | 39 | 690 | रैयती | मकान मय सहन | 0.012 | इसहाक मियां पिता– फेकु मियां | 687 | रास्ता | रास्ता | 692 |
| 36 | 79 | 745 | रैयती | टाड़ एक | 0.009 | मो0 समीम पिता– स्व0 अब्दुल रज्जाक | रास्ता | 746 | रास्ता | 744 |
| 37 | 205 | 746 | रैयती | मकान मय सहन | 0.011 | 1 एकबाल अंसारी 2 अल्ताफ अंसारी पिता– स्व0 महबुब अंसारी | 745 | रास्ता | रास्ता | 747 |
| 38 | 43 | 747 | रैयती | मकान मय सहन | 0.005 | 1 रउफ अंसारी 2 अकुफ अंसारी 3 हनीफ अंसारी 4 मोईन अंसारी पिता– स्व0 सुखाड़ी अंसारी | 744 | रास्ता | 746 | 748 |
| 39 | 536 | 748 | रैयती | टांड़ दो | 0.005 | इब्राहीम अंसारी पिता– वाजुदीन मियां | 743 | रास्ता | 747 | 750 |
| 40 | 536 | 750 | रैयती | | 0.006 | 1 अजमुईदीन अंसारी पिता– स्व0 रहमान मियां 2 कयूम मंसरी पिता रहमान मियां | 751 | रास्ता | 748 | 753 |
| 41 | 60 | 751 | रैयती | | 0.007 | 1 मुस्ताक मियां पिता– मोहम्मद कासिम 2 मो कमाल पिता– मो0 कासिम | 743 | रास्ता | 750 | 753 |
| 42 | 378 | 752 | रैयती | मकान मय सहन | 0.006 | अब्दुल गफार पिता– स्व0 वाजुदीन मियां | 751 | 753 | रास्ता | 754 |
| 43 | 409 | 753 | रैयती | | 0.011 | बनारसी बैठा पिता– स्व0 लाखा बैठा | 762 | रास्ता | 751 | 750 |
| 44 | 409 | 762 | रैयती | | 0.013 | 1 दुखी बैठा 2 बाबूलाल बैठा पिता– स्व0 गनौरी बैठा | 765 | रास्ता | 757 | रास्ता |
| 45 | 657 | 764 | रैयती | टाड़ एक | 0.007 | मो0 जमरुदीन अंसारी पिता– स्व0 सकूर | 762 | रास्ता | रास्ता | 765 |
| 46 | 657 | 765 | रैयती | मकान मय सहन | 0.018 | मो0 जमरुदीन अंसारी पिता– स्व0 सकूर | 766 | रास्ता | 764 | रास्ता |
| 47 | 657 | 766 | रैयती | टाड़ एक बाड़ी | 0.005 | ररामसेवक ठाकुर पिता– स्व0 लक्ष्मण ठाकुर | 771 | 765 | 762 | रास्ता |
| 48 | 622 | 771 | रैयती | | 0.004 | कामेश्वर साव पिता– स्व0 नरेश साव | 767 | 766 | रास्ता | रास्ता |
| 49 | 622 | 767 | रैयती | | 0.003 | कामेश्वर साव पिता– स्व0 नरेश साव | 771 | रास्ता | 771 | 768 |
| 50 | 622 | 768 | रैयती | | 0.008 | रमेश प्रसाद पिता– स्व0 बिगन प्रसाद | 770 | रास्ता | 767 | 769 |
| 51 | 235 | 770 | रैयती | टाड़ दो | 0.017 | 1 संदीप कुमार 2 मंदीप कुमार पिता– स्व0 रामचन्द्र बैठा 3 बिगन बैठा 4 गंगा बैठा पिता– स्व0 दुखी बैठा | 804 | रास्ता | 772 | रास्ता |
| 52 | 609 | 805 | रैयती | | 0.018 | सुमंत पाण्डेय पिता– स्व0 रामसुन्दर पाण्डेय | 809 | रास्ता | 770 | रास्ता |
| 53 | 122 | 806 | रैयती | टाड़ दो | 0.005 | गोपाल दुसाध पिता– गोखुल दुसाध | 807 | रास्ता | 805 | रास्ता |
| 54 | 45 | 808/1274 | रैयती | टाड़ दो | 0.009 | चम्पा देवी पति7 शिवनारायण साव | 806 | 804 | 805 | 808 |
| 55 | 302 | 808 | रैयती | टाड़ दो | 0.012 | 1 शिवनारायण साव 2 नीती कुवर पिता– अखिलेश राम 3 संतोष पासावान 4 कृष्णा पासवान | 0ण्819 | रास्ता | 817 | रास्ता |
| 56 | 302 | 807 | रैयती | मकान मय सहन | 0.005 | नन्देव साव पिता स्व0 रामधनी साव | 808 | रास्ता | 6274 | 808 |
| 57 | 171 | 836 | रैयती | | 0.004 | 1 सुर्यदेव पासवान 2 सुनील पासवान पिता– जागा पासवान 3 तपेश्वर पासवान 4 सुखाड़ी मांझी पिता– वंशी मांझी | 835 | 837 | रास्ता | 835 |
| 58 | 679 | 628 | रैयती | | 0.028 | इकबाल अंसारी पिता– स्व0 तालिब मियां | रास्ता | रास्ता | रास्ता | 627 |
| 59 | 694 | 629 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | मो0 हुसैन अंसारी पिता– सेखावत मियां | रास्ता | रास्ता | 627 | 626 |
| 60 | 37 | 623 | रैयती | टाड़ दो | 0.046 | 1 इन्ताज अंसारी 2 समीम अंसारी पिता– स्व0 इसलाम अंसारी | रास्ता | 632 | 624 | 622 |
| 61 | 237 | 621 | रैयती | टाड़ दो | 0.025 | दुखी बैठा वो बाबुलाल बैठा पिता– गनौरी बैठा | रास्ता | 622 | 623 | 620 |
| 62 | 694 | 619 | रैयती | टाड़ दो | 0.037 | 1 सुरेश सोनी पिता– राधा सोनी 2 अलिहुसैन पिता– सेखावत मियां | रास्ता | 618 | 620 | 616 |
| | | | | | | 3 नजीवा बीबी पति असलम अंसारी | | | | |
| 63 | 120 | 614 | रैयती | टाड़ दो | 0.027 | 1 सुरेश सोनी पिता राधा सोनी 2अजीम अंसारी पिता– गुलाम हुसैन मियां | रास्ता | 613 | 616 | 606 |
| 64 | 120 | 606 | रैयती | टाड़ दो | 0.036 | 1 कुतुबुदीन अंसारी पिता गुलाम ुसैन अंसारी 2 अल्तफ अंसारी 3 एकबाल अंसारी पिता– स्व0 महबूब अंसारी | रास्ता | 607 | 614 | 605 |
| 65 | 409 | 603 | रैयती | | 0.012 | कब्रिस्तान की खाली भूमि | रास्ता | 600 | 604 | 602 |
| 66 | 409 | 602 | रैयती | | 0.006 | कब्रिस्तान की खाली भूमि | रास्ता | 600 | 603 | 601 |
| 67 | 671 | 571 | रैयती | | 0.060 | कुतुबुद्दीन अंसारी पिता– स्व0 गुलाम हुसैन अंसारी | रास्ता | 598 | 601 | रास्ता |
| 68 | 682 | 570 | रैयती | धान एक | 0.016 | बुटाई साव पिता– स्व0 शिवप्रसाद साव | रास्ता | 569 | 571 | रास्ता |
| 69 | 681 | 569 | रैयती | धान एक | 0.030 | 1 प्रकाश गुप्ता पिता– स्व0 गिरजा प्रसाद 2 गोरख साव पिता– टीपू साव | रास्ता | 573 | 572 | रास्ता |
| 70 | 553 | 576 | रैयती | | 0.003 | संतोष बैठा पिता– रामगहन बैठा | 574 | 6192 | 587 | रास्ता |
| 71 | 749 | 577/6192 | रैयती | | 0.008 | हरिहर साव पिता– शिव नारायण साव | 576 | 577 | 587 | रास्ता |
| 72 | 150 | 577 | रैयती | धान एक | 0.015 | गुडु डॉक्टर | 6192 | 579 | 586 | रास्ता |
| 73 | 712 | 579 | रैयती | धान एक | 0.014 | 1 इस्माईल मियां 2 रहिम मियां 3 असगर मियां 4 कुतुबुदीन मियां पिता– स्व0 गुलाम हुसैन मियां | 577 | 580 | 583 | रास्ता |
| 74 | 712 | 580 | रैयती | | 0.005 | 1 रफिक अंसारी पिता– स्व0 सुधु मियां 2 मुस्तकिम अंसारी पिता– स्व0 साबिर मियां | 579 | 581 | 582 | रास्ता |
| 75 | 712 | 581 | रैयती | | 0.003 | मुस्तकिम मियां स्व0 साबिर मियां | 580 | 675 | 582 | रास्ता |
| 76 | 520 | 675 | रैयती | टाड़ एक | 0.009 | 1 हसीना बीबी पति– नसमुदीन अंसारी 2 सहनाज बीबी पति– रफीक मियां 3 जाकिर हुसैन पिता– स्व0 वहदली मियां | 581 | 677 | 583 | रास्ता |
| 77 | 50 | 677 | रैयती | | 0.009 | कबुलन बीबी पति– स्व0 पीरमोहम्मद मियां | 675 | 676 | 674 | रास्ता |
| 78 | 50 | 676 | रैयती | | 0.006 | कबुलन बीबी पति– स्व0 पीरमोहम्मद मियां | 677 | 677 | 677 | रास्ता |
| 79 | 672 | 678 | रैयती | टाड़ एक | 0.004 | जहांगीर अंसारी पिता– मोहम्मद जान अंसारी | 677 | 679 | 666 | रास्ता |
| 80 | 672 | 679 | रैयती | मकान मय सहन | 0.010 | 1 मोहम्मद जहॉगीर पिता– मो0 नजीर 2 सकील सिद्दीकी पिता– हफीजुल सिद्दीकी 3 गोल्डेन अंसारी पिता– असमोहम्मद अंसारी 4 आसीन जासीम, अबुल, सफीक अंसारी पिता– सलेमान मियां | 678 | 680 | 678 | रास्ता |
| 81 | 672 | 680 | रैयती | मकान मय सहन | 0.019 | 1 अबुल अंसारी पिता– स्व0 सुलेमान मियां 2 नवजान अंसारी पिता– स्व0 उदित मियां 3 करार हुसैन पिता– स्व0 सलिम मियां | 679 | रास्ता | 681 | रास्ता |
| 82 | 672 | 685 | रैयती | मकान मय सहन | 0.002 | 1 बिरन मियां 2 इसराईल मियां पिता– स्व0 रहमान मियां | 680 | रास्ता | 684 | रास्ता |
| 83 | 106 | 1154/6166 | रैयती | | 0.004 | कलिंदा देवी पति– नन्दलाल प्रसाद | रास्ता | 685 | 1154 | 687 |
| 84 | 205 | 1154 | रैयती | | 0.010 | इस्लाम मंसुरी | रास्ता | 1153 | 1156 | रास्ता |
| 85 | 452 | 1154/6167 | रैयती | मकान मय सहन | 0.005 | अज्ञात | 1154 | 1153 | 1158 | रास्ता |
| 86 | 536 | 1153 | रैयती | | 0.006 | सीमाराम साव पिता– स्व0 बेलास साव | रास्ता | 1152 | 1156 | रास्ता |
| 87 | 466 | 1081 | रैयती | टाड़ एक | 0.011 | सुशीला देवी पति सत्यनारायण यादव वगैरह | रास्ता | 1082 | रास्ता | 1080 |
| 88 | 466 | 1080 | रैयती | मकान मय सहन | 0.012 | 1 जीतनारायण यादव 2 विजय यादव 3 भरदूल यादव 4 राजेश यादव वगैरह पिता– स्व0 वंशी यादव | रास्ता | 1082 | 1081 | 1079 |
| 89 | 126 | 1079/6278 | रैयती | टाड़ दो | 0.011 | अज्ञात | रास्ता | 1080 | 1080 | 1079 |
| 90 | 126 | 1079 | रैयती | | 0.012 | 1 शिवशंकर यादव 2 जीतन यादव पिता– स्व0 वंशी यादव | रास्ता | 1071 | 6278 | 1078 |
| 91 | 126 | 1078 | रैयती | | 0.006 | 1 मनौती कुवंर पति– स्व0 संतोष प्रसाद 2 संजय प्रसाद पिता– स्व0 चन्द्रदेव साव | रास्ता | 1079 | 1079 | 1077 |
| 92 | 424 | 890 | रैयती | | 0.005 | विश्वनाथ साव पिता– स्व0 रामदेव साव | 889 | रास्ता | रास्ता | 891 |
| 93 | 329 | 889 | रैयती | टाड़ एक | 0.025 | 1 पृथ्वीनाथ अग्रवाल पिता– स्व0 रामधारी साव 2 आनन्द अग्रवाल 3 राजकिशोर अग्रवाल 4 शंकर अग्रवाल पिता– पृथ्वीनाथ अग्रवाल | रास्ता | 890 | रास्ता | 888 |
| 94 | 329 | 888 | रैयती | मकान मय सहन | 0.006 | 1 पृथ्वीनाथ अग्रवाल पिता– स्व0 रामधनी साव 2 राजकिशोर अग्रवाल पिता– पृथ्वीनाथ अग्रवाल | रास्ता | 892 | 889 | 887 |
| 95 | 623 | 887 | रैयती | टाड़ एक | 0.010 | 1 प्रमोद प्रसाद 2उमेश प्रसाद 3 शशि प्रसाद गुप्ता पिता– स्व0 रामचन्द्र साव | रास्ता | 888 | 888 | 886 |
| 96 | 681 | 886 | रैयती | टाड़ एक | 0.029 | 1 दिनानाथ साव पिता– स्व0 कृष्णा साव 2 प्रमिला देवी पति– प्रहलाद साव 3 विमला देवी पति– विश्वनाथ साव 4 सीताराम दुसाध पिता– स्व0 बुझावन दुसाध | रास्ता | 895 | 887 | 885 |
| 97 | 122 | 882 | रैयती | | 0.019 | 1 उमेश सोनी पिता– स्व0 नन्दु सोनी 2 एहसान अंसारी पिता– स्व0 मुनीबुल्लाह अंसारी 3 राजकिशोर साव पिता– स्व वकिल साव | रास्ता | 883 | रास्ता | 884 |
| 98 | 123 | 884 | रैयती | टाड़ दो | 0.013 | गोवर्धन पासवान पिता– गोपाल राम | रास्ता | 877 | 882 | 879 |
| 99 | 522 | 879 | रैयती | | 0.006 | 1 संजय राम वगैरह पिता– मुटुकुधारी मोची 2 रामदेनी मोची वगैरह पिता– मीठू मोची 3 दुखी मोची पिता– स्व0 दमरी मोची | रास्ता | 877 | 884 | रास्ता |
| 100 | 224 | 848/6275 | रैयती | मकान मय सहन | 0.003 | सीताराम साव पिता– रामवृत साव | रास्ता | 852 | रास्ता | 848 |
| 101 | 419 | 3906 | रैयती | | 0.001 | 1 दुर्गेश साव 2 पंकज साव पिता– स्व0 बनारसी साव | 3907 | रास्ता | 3906 | 3905 |
| 102 | 508 | 3905 | रैयती | | 0.003 | कनीलाल साव पिता– स्व0 रघुराई साव | 3908 | रास्ता | 3906 | 3904 |
| 103 | 509 | 3904 | रैयती | धान दो | 0.037 | 1 सुरजदेव साव 2 लाल साहेब साव पिता– स्व0 आदिल साव 3 अजीत पासवान 4 बसंत पासवान पिता– स्व0 उमेश पासवान | 3908 | रास्ता | 3905 | 3903 |
| 104 | 508 | 3903 | रैयती | टाड़ दो | 0.018 | 1 गोविन्द पासवान पिता– स्व0 मुनारिक पासवान 2 जीमरुदीन अंसारी | 3902 | रास्ता | 3904 | 3902 |
| 105 | 508 | 3902 | रैयती | धान दो | 0.014 | 1 जीमरुदीन अंसारी 2 अजीत 3 बसंत पासवान पिता– स्व0 उमेश पासवान 4 गोविन्द पासवान पिता– स्व0 मुनारिक पासवान 5 लखन पासवान पिता– स्व0 मुनारिक पासवान | 3900 | रास्ता | 3903 | 3896 |
| 106 | 101 | 3091 | रैयती | टाड़ दो | 0.005 | 1 श्रवण प्रसाद वगैरह पिता– लाल साहेब 2 गणपति ठाकुर पिता– स्व0 नान्हु ठाकुर | रास्ता | 3082 | रास्ता | 3092 |
| 107 | 101 | 3092 | रैयती | धान दो | 0.013 | प्रकाश गुप्ता पिता– स्व0 गिरजानन्द प्रसाद | रास्ता | 3095 | 3092 | 3099 |
| 108 | 385 | 3093 | रैयती | धान दो | 0.030 | 1 कृष्णा प्रजापति पिता– सरजू प्रजापति 2 उमेश प्रसाद पिता– नथुनी साव 3 महादेव प्रजापति | रास्ता | 3094 | 3092 | 3096 |
| 109 | 502 | 3099 | रैयती | आहर बान्ध | 0.028 | 1 धनजय प्रसाद पिता– स्व0 रामसेवक साव 2 सुरेश साव पिता– स्व0 रामसेवक साव 3 द्रोपती देवी पति– मनोज विश्वकर्मा 4 रामचन्द्र साव पिता– स्व0 डोमन साव 5 कृष्णा प्रजापति पिता– स्व0 सरजू प्रजापति | रास्ता | 3098 | 3093 | रास्ता |
| | | | | कुल :– | 2.397 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ढ0/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

PR 328023 District(24-25)D

उपायुक्त,गढ़वा।

# इटली की पीएम मेलोनी का भारत के प्रति सम्मान

**जी7** में प्रधानमंत्री मोदी सहित सभी का स्वागत नमस्ते से करने वाली इटली की पीएम मेलोनी मोदी जी के साथ सेल्फी को लेकर काफी चर्चा में थीं। इधर भारत के प्रति सम्मान प्रकट करने में उनकी सहृदयता की चर्चा सर्वत्र हो रही है। इटली में भारतीय नागरिक सतनाम की मौत से पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। सिर्फ भारत ही नहीं इससे इटली को सबसे ज्यादा झटका लगा है। पूरी दुनिया में इटली की छवि खराब हो रही है क्योंकि देश में काम करने गए एक भारतीय मजदूर की मौत हो गई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को इस बात से बड़ा गुस्सा आया। जॉर्जिया मेलोनी का मन अशांत है। संसद में सतनाम सिंह का नाम लेकर जिस तरीके से जॉर्जिया मेलोनी भावुक हुईं। उसके बाद पूरी दुनिया की निगाहें मानों इटली पर आकर रूक गई। रूंधे गले से न सिर्फ उस शख्स का नाम मेलोनी ने लिया बल्कि कुछ ऐसा कहा कि संसद में मौजूद हर कोई अपनी सीट से खड़ा हो गया। फिर पूरी संसद में केवल तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई पड़ने लगी। जॉर्जिया मेलोनी ने जो कुछ भी कहा उसे सुनकर पूरी दुनिया स्तब्ध है। दुनिया के बाकी देश भी इससे सीख लेना चाहते हैं। बता दें कि इटली उस वक्त सुर्खियों में आ गया जब पंजाब के भठिंडा जिले के रहने वाले सतनाम सिंह की इटली में मौत हो गई। सिंह का लातिना में स्ट्रॉबेरी की पैकिंग करने वाली मशीन से हाथ कट गया था जिसके बाद उनके नियोक्ता ने सिंह को बिना चिकित्सा उपचार के छोड़ दिया था। शव परीक्षण के प्रारंभिक परिणामों का हवाला देते हुए एएनएसए ने अलग से बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव के उनकी मृत्यु हुई थी। भारत ने इटली से उस भारतीय श्रमिक की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को कहा, जिसे भारी कृषि मशीनरी से उसका हाथ कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उसे बिना चिकित्सकीय सहायता के सड़क पर फेंक दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। विदेश मंत्रालय में कांसुलर, पासपोर्ट, वीजा और प्रवासी भारतीय मामलों के सचिव मुक्तेश परदेशी ने विदेश में इतालवी नागरिक और प्रवासन नीतियां के महानिदेशक लुइगी मारिया विग्नाली को सतनाम सिंह की मौत पर भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया है। दूतावास ने कहा, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने की मांग की। दूतावास ने कहा कि दूतावास मदद और शव को लाने के लिए सतनाम सिंह के परिवार के संपर्क में है। राष्ट्राध्यक्ष अपनी ज़िम्मेदारी के साथ सहृदयता और मिलनसारिता दिखाएं तो विश्व में सहयोग और शांति के नए रास्ते खुलेंगे। विश्व के अनेक देशों के बीच युद्ध और छद्मयुद्ध मामूली बातों को लेकर होते हैं ऐसे में पीएम मेलोनी की यह सहृदयता सराहनीय है और स्तुत्य भी।

**संसद में सतनाम सिंह का नाम लेकर जिस तरीके से जॉर्जिया मेलोनी भावुक हुई। उसके बाद पूरी दुनिया की निगाहें मानों इटली पर आकर रूक गई। रूंधे गले से न सिर्फ उस शख्स का नाम मेलोनी ने लिया बल्कि कुछ ऐसा कहा कि संसद में मौजूद हर कोई अपनी सीट से खड़ा हो गया। फिर पूरी संसद में केवल तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई पड़ने लगी। जॉर्जिया मेलोनी ने जो कुछ भी कहा उसे सुनकर पूरी दुनिया स्तब्ध है। दुनिया के बाकी देश भी इससे सीख लेना चाहते हैं। बता दें कि इटली उस वक्त सुर्खियों में आ गया जब पंजाब के भठिंडा जिले के रहने वाले सतनाम सिंह की इटली में मौत हो गई।**

इन दिनों

# राहुल गांधी का कद भी बढ़ा व राजनीतिक कौशल भी



ललित गर्ग

**राहुल** गांधी लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बन गये हैं, यह उनका पहला संवैधानिक पद है, इससे पहले वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस बड़े पद के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जायेंगी। दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा। निश्चित ही राहुल गांधी का कद बढ़ा है और अब वे स्वल्प समय में ही कद्दावर नेता की तरह राजनीति करने लगे हैं। राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है। राहुल की राजनीति को चमकाने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' के अलावा मणिपुर से मुंबई तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब प्रतिनेता के रूप में उनकी एक नई यात्रा शुरू हो रही है जो उन्हें नई राजनीतिक ऊंचाई दे सकती है। देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी एवं जनता की आवाज को जोरदार तरीके से उठाने एवं सरकार की नीतियों-योजनाओं पर तीखी नजर रखने एवं प्रभावी सवाल उठाने की स्थितियों को बल मिलेगा। लेकिन विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। नेता प्रतिपक्ष पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। राहुल की सुविधाएं बढ़ने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी



दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे। कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतकर इस पद को हासिल किया है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़े चयन के अलावा लोकपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक जैसी प्रमुख नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण पैनल के सदस्य भी होंगे। प्रधानमंत्री इन पैनल के प्रमुख होते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को लोकसभा में पहली पंक्ति में सीट मिलेगी। यह सीट डिप्टी स्पीकर की सीट के बगल वाली होगी। इसके अलावा संसद भवन में सचिवीय तथा अन्य सुविधाओं से युक्त एक कमरा भी मिलेगा। विपक्ष के नेता को औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त होते हैं। एक केन्द्रीय मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं राहुल गांधी को मिलेगी। राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुर्नजीवन दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचाया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है। इससे कांग्रेस ने अपना आत्मविश्वास फिर से पा लिया है, जो कोई छोटी बात नहीं। और यह राहुल और प्रियंका गांधी की गतिविधियों में साफ झलकता है। साथ ही, अब इस बात को लेकर भी कांग्रेस में कोई दुविधा नहीं रह गई है कि गांधी परिवार ही सर्वोच्च है और पार्टी पर उसका पूरा नियंत्रण होगा। इसका यह भी मतलब है कि टीम-राहुल का सभी मामलों में फैसला अंतिम होगा। पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कांग्रेस का सबसे बड़ा काम दलित और पिछड़े मतदाताओं ने यूपी में जो उनकी मदद की है, उनका विश्वास बनाए रखने का है। यह बड़ी सचाई है कि आज भी देश के महत्त्व के राज्यों में भाजपा को क्षेत्रीय दल शिकस्त दे रहे हैं। अगर क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़ बना रहे, तो ही भाजपा पर दबाव आएगा। बड़ा सच यह भी है कि न भाजपा बदली है ना उसकी विचारधारा। भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी को भले ही चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिला हो, लेकिन वह ही आज ताकतवर है। यह भी समझना होगा कि भाजपा विपक्ष की ताकत से नहीं, बल्कि सरकार की बड़ी गलतियों एवं पार्टी के अति उत्साह से नुकसान में पहुंची है। यह भी एक तथ्य है कि मुस्लिमों के सक्रिय-समर्थन के बिना कांग्रेस को कामयाबी नहीं मिल सकती थी। निश्चित ही मुसलमानों के वोट की अहमियत कुछ-कुछ सीटों पर हार-जीत का फैसला कर गई है। भाजपा अपनी आगे की रणनीति इसी आधार पर बनाएगी और वो पिछले चुनावों के जैसी ही होगी। मतलब कि भाजपा कोई नई भाषा नहीं बोलने वाली है। वह आरोप लगाती रहेगी कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करती है। कांग्रेस के सामने चुनौती होगी कि वो इस आरोप को अपने पर आने न दे, ताकि भाजपा हिंदुओं के हितों की एकमात्र रक्षक है, ऐसा दावा ना कर सके। कांग्रेस को इस हिंदु-मुस्लिम राजनीतिक बवंडर से बचने के लिये अपनी रणनीति को बनाना होगा। बिना हिन्दू वोट के कांग्रेस सफल राजनीतिक पारी नहीं खेल सकती है। इसके साथ ही कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सफलता और निष्फलता का सही आकलन कर लेना जरूरी है। जनता के समक्ष अपना आत्मविश्वास बढ़ाए रखना अच्छी बात है, लेकिन मोदी आज जिस जमीन पर खड़े हैं, जनता के बीच उनकी जो स्वीकार्यता है उसका सही आकलन करना कांग्रेस की आगे की रणनीति के लिए बेहद जरूरी होगा। राहुल गांधी सदन में विपक्ष की मजबूत आवाज बनकर उभरेंगे, इसमें सन्देह नहीं है। पक्ष एवं विपक्ष के बीच एक संतुलन बनना लोकतंत्र की खूबसूरती है एव अपेक्षा भी है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में विपक्ष के नेता की प्रमुख भूमिकाओं में से एक सरकार की नीतियों पर 'प्रभावी' सवाल उठाना है। विपक्ष के नेता की भूमिका वास्तव में बहुत चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि उसे सरकार की विधायिका और जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी होती है।

नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें सरकारी प्रस्तावों-नीतियों के विकल्प प्रस्तुत करने होते हैं। निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अलग एवं ऊंचे स्तर पर अपने तेवर दिखा सकता है। सरकार के लिए कोई भी बिल पास कराना अब इतना आसान नहीं होगा। मोदी की स्थिर सरकार देने की जद्दोजहद के बीच मोदी और राहुल के बीच की टकराव की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता है, लेकिन बावजूद इसके सदन में सकारात्मक वातावरण बना रहना भी जरूरी है। स्थिर सरकार देश की बड़ी जरूरत है, राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट एवं आरोप-प्रत्यारोप की छिछालेदार राजनीति को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करें। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करते हुए देशहित को सामने रखना होगा। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठना होगा। प्रेषक

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## आपकी बात



### जाति आधारित आरक्षण

**जातिगत** आरक्षण इस समय देश की सबसे बड़ी समस्या है। अयोग्य व्यक्ति जब ऊंचे पदों पर पहुंच जाते हैं, तो ना समाज का भला होता है और ना ही देश का वर्तमान समय में, अगर हमारे देश के विकास का सबसे बड़ा अवरोधक चीज है तो वो है जाति आधारित आरक्षण। सही बात तो यह है कि आरक्षण जैसी चीजें मूल जरूरतमंदों के पास तक पहुंच ही नहीं पातीं, बस कुछ मलाई खाने वाले लोग और राजनीतीक रोटी शेकने वाले लोग इसका भरपूर फायदा उठाते हैं। 1950 में भारतीय संविधान लिखा गया और आज तक आरक्षण लागू है। जबकि, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने भी इसे कुछ समय के लिए ही लागू करने की सिफारिश की थी। क्योंकि वे इस बात को बखूबी जानते थे कि आरक्षण बाद में देश व समाज के लिए नासूर बन सकता है। इसलिए उन्होंने इसे कुछ वर्षों के लिए लागू करने का प्रावधान किया था। ताकि, कुछ पिछड़े हुए लोग मुख्यधारा में आ सकें। लेकिन, दुर्भाग्य है कि अब कुछ लोग इसे मौलिक अधिकार मान बैठे हैं। यह सोच कहीं से भी देश और समाज हित में नहीं है। आरक्षण के कारण प्रमुख पदों पर अयोग्य व्यक्ति का चयन होना लाजिमी है। जब तक अयोग्य लोग प्रमुख पदों पर चयनित होते रहेंगे, तब तक देश की पूर्णतः विकास की परिकल्पना संभव नहीं है। साथ ही किसी भी जाति का भला नहीं होने वाला। आरक्षण देश के विनाश का कारण बनने की ओर है। आज हर जाति में अमीर हैं और हर जाति में गरीब हैं। आरक्षण कमजोर वर्ग का सहारा बन्ने के बजाए राजनीतिक हथियार हो गया है। जरूरत है, जातपात को भूलकर योग्यता पर बल दें। ताकि, देश और समाज मजबूत बन सके।

**- नवनीत कुमार**

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस

# राष्ट्रीय विकास में सांख्यिकी का विशेष महत्व



डॉ. रमेश ठाकुर

**राष्ट्रीय** सांख्यिकी दिवस सालाना 29 जून को सांख्यिकी के क्षेत्र में प्रोफेसर पीसी महालनोबिस के अतुलनीय योगदान को ध्यान में रखकर उनके सम्मान में मनाया जाता है। ये विषय राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों में आमजनों द्वारा विश्वास करने, सरकार व निजी क्षेत्र का आधिकारिक डेटा को सुरक्षित करने, नवाचार और सार्वजनिक डेटाबेस प्रबंधन के महत्व को दर्शाता है। प्रो. महालनोबिस को भारतीय सांख्यिकी का जनक माना गया है। पहला राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस सन 2007 को मनाया गया था। पिछले वर्ष-2023 की थीम थी सतत विकास लक्ष्यों की निगरानी के लिए राज्य संकेतक 'ढांचे को राष्ट्रीय संकेतक ढांचे के साथ संरेखित करना'। सरकारी स्तर पर सांख्यिकी दिवस समसामयिक राष्ट्रीय महत्व के विषय वस्तु पर मनाया जाता है। राष्ट्रीय विकास में आधिकारिक सांख्यिकी के महत्व को उजागर करने के लिए ये दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। आज कई जगहों पर सेमिनार, चचाएं और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगे, जहां लोगों को सांख्यिकी के संबंध में जागरूक किया जाएगा। किसी भी प्रतिष्ठान या व्यावसायिक गतिविधियों की पारदर्शी कार्यशैली की नींव उसके सांख्यिकी या डाटा से पहचानी जाती है। डिजिटल डेटा और प्रौद्योगिकी प्रक्रियाओं में खपलेबाजी आधुनिक समय की बड़ी समस्याओं में गिनी जाने लगी है। इस दिवस के महत्व की जहां तक बात है, तो रोजमर्रा की जिंदगी में सांख्यिकी के उपयोग को लोकप्रिय बनाना और देशवासियों को इस बाबत जागरूक करना की सांख्यिकी नीतियों को आकार देने और तैयार करने में कैसे मदद करती है। 29 जून को प्रोफेसर महालनोबिस की जयंती भी होती है जिनका सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में योगदान अमूल्य रहा है। महालनोबिस का जन्म 29 जून 1893 को कलकत्ता में एक धनी और शैक्षणिक रूप से उन्मुख बंगाली परिवार में हुआ था। उन्होंने भौतिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बाद में उच्च शिक्षा के लिए लंदन चले गए थे। उन्होंने भौतिकी में अपना ट्रिपोस पूरा किया और मानव विज्ञान और मौसम विज्ञान में समस्याओं को हल करने में सांख्यिकी की प्रभावकारिता की खोज की थी।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**सरकारी स्तर पर सांख्यिकी दिवस समसामयिक राष्ट्रीय महत्व के विषय वस्तु पर मनाया जाता है। राष्ट्रीय विकास में आधिकारिक सांख्यिकी के महत्व को उजागर करने के लिए ये दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# मीडिया ट्रायल बनाम समानान्तर अदालती व्यवस्था



डॉ. हरवंश दीक्षित

**नीट** में लापरवाही के आरोपों और इलेक्ट्रानिक मीडिया के बीच एक और खबर आयी। अपनी फटी ओएमआर सीट दिखाते हुए भावुक आरोप लगाने वाली छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उसे फर्जी पाया। अदालत के सामने प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के बाद यह पाया गया कि छात्रा ने फर्जी एप्लीकेशन नम्बर से एनटीए को मेल किया था। लखनऊ बेंच ने छात्रा के रवैये को अफसोसजनक बताते हुए याचिका को खारिज कर दिया और यह भी कहा कि एनटीए चाहे तो छात्रा के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई कर सकता है। इस तरह की परीक्षाओं में करोड़ों लोगों का भविष्य जुड़ा रहता है। राष्ट्रहित में यह जरूरी है कि उनके संचालन में पूरी शुचिता बरती जाए, किन्तु अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रानिक मीडिया जिस तरह से समानान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर देती है, उससे ऐसे सामाजिक दबाव का सृजन होता है कि वह न्याय की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाता है। बिना सुबूत और अदालती निर्णय के ही समाज की निगाह में लोगों को दोषी ठहरा देता है। कुछ समय बाद चाहे भले ही अदालत उन्हें निर्दोष ठहरा दे, किन्तु उनकी जो प्रतिष्ठा खो चुकी होती है, वह कभी भी वापस नहीं आती। बीते वर्षों में रिया-सुशांत, आरुषि-तलवार की हत्या और दिल्ली के जसलीन कौर-सर्वजीत कौर के मामले ऐसे कई उदाहरणों में से कुछ गिनाए जा सकते हैं, जब इलेक्ट्रानिक मीडिया ने अपनी टीआरपी के लिए लोगों को अपूर्णीय क्षति पहुंचायी है। रिया-सुशान्त के मामले में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने रिया को कहीं का नहीं छोड़ा। खुद ही सुबूत इकट्ठा करके उसके ऊपर जादू-टोना से लेकर कई काल्पनिक आरोप लगाए। अदालत ने उन्हें नाकाफी और अविश्वसनीय माना, किन्तु रिया उससे अब तक नहीं उबर पायी और लांछन उनके साथ सदैव के लिए चस्पा हो गया। इसी तरह आरुषि हत्याकांड में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उसके मां-बाप को जीते जी मार डाला। बगैर किसी पुख्ता सुबूत और अदालती निर्णय के आरुषि की मौत के बाद उसके चरित्र पर जिस तरह छींटाकशी की गई, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। राजेश और नुपूर तलवार मीडिया के सामने गिड़गिड़ाते रहे कि उन्हें परेशान न किया जाए, किन्तु उनकी किसी ने एक नहीं सुनी और अपनी टीआरपी के लिए नित नई कहानियां तैयार करते रहे। नौ साल की यन्त्रणादायक कानूनी लड़ाई के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें बरी कर दिया, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उन्हें समाज में रहने लायक नहीं छोड़ा। नीट से जुड़े मामले सर्वोच्च अदालत के सामने हैं। अदालत सभी पहलुओं पर गौर कर रही है, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने समान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर ली है। उसमें उनके अभियोजक और गवाह हैं। निर्णय लेने की जिम्मेदारी उन्होंने खुद ले ली है। जानकारी की कमी या टीआरपी के दबाव में उन लोगों को भी दोषी ठहराया जा रहा है, जो केवल औपचारिक प्रमुख की भूमिका में है। मसलन एनटीए के अध्यक्ष का पद विश्वविद्यालयों के चांसलर की तरह होता है। नीति निर्माण या क्रियान्वयन में उसकी कोई भूमिका नहीं होती, किन्तु मीडिया बगैर सुबूत के ही उन्हें मुजरिम की तरह पेश कर रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



बोधि वृक्ष

# घने जंगल के बीच स्थित है आस्था का केंद्र साईं धाम

**ज्ञान रंजन ने रखी थी आधारशिला**

लापुंग में इस साईं मंदिर की आधारशिला स्व. ज्ञानरंजन ने 9 जून 1993 को रखी थी। लगभग 22 लाख की लागत से 22 अप्रैल 1994 में विशेष अनुष्ठान करके मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गयी। जयपुर से साईं बाबा की संगमरमर की आदमकद मूर्ति बनवायी गई। महाराष्ट्र के शिरडी साईं बाबा की अखंड धुनी लाकर यज्ञशाला स्थापित की गई। इस मंदिर का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने किया। प्रत्येक दिन मंदिर में मुख्य पुजारी मनोज पाडेय व आदित्य पाडेय के नेतृत्व में सुबह पांच बजे से काकड़ आरती, धूप आरती, मध्याह्न आरती, संध्या आरती सेज आरती समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित होते है। यहां पर्यटक पूरे परिवार के साथ जंगल के किनारे वन भोज का आनंद लेने के लिए आते हैं।



पर्यटन विभाग की ओर से मंदिर परिसर में दो यात्री शेड बनाए गए हैं। यहां सारे कार्यक्रम शिरडी सरसा साईं मंदिर ग्राम विकास केंद्र संचालित करता है।

**विशेष है मंदिर की वास्तुकला-**

साई धाम की वास्तुकला काफी विशेष है। इस मंदिर की बनावट सप्तकोणीय है, जिसमें 7 दरवाजे हैं। मंदिर की दीवारें कर्रा से मंगाए गए पत्थरों से बनी हैं और खप्पड़ की छत बनाई गई है। (क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# इनवर्टर और नन इनवर्टर के बारे में जानिए

वहीं दूसरी तरफ नान इनवर्टर एसी इसका उल्टा काम करता है अर्थात अगर कमरा ठंडा हो जाए तो वह कंप्रेसर बंद हो जाता है और फिर जब कमर गर्म होता है तो कंप्रेसर चालू होता है ऐसे में आप समझ चुके होंगे कि ठंडा के लिहाज से दोनों में कौन सी बेहतरीन है। इसके अलावा कीमत की बात करें तो इनवर्टर एसी आपको निश्चित रूप से अधिक पैसे में मिलता है। हालांकि इसमें कीमत में कुछ बहुत ज्यादा फर्क नहीं होता है थोड़ा बहुत जो फर्क होता है वह बिजली की बचत से आप समझ सकते हैं। अगर आप इनवर्टर एसी खरीदने वाले हैं तो शुरू में जरूर आपको थोड़े ज्यादा पैसे चुकाने पड़ेंगे लेकिन नॉन इनवर्टर एसी में बिजली बिल ज्यादा आता है और इसका कारण बड़ा साफ है कि कंप्रेसर कभी बंद होता है कभी चालू होता है। इसके अलावा अगर रिपेयरिंग की बात करें तो आप यह समझ लीजिए कि अगर इनवर्टर एसी का PCB भी खराब हो जाए तो उसे ठीक करने में 5000



से अधिक का खर्चा आ सकता है। वहीं आउटडोर PCB खराब हो जाए तो इसे रिपेयर ही नहीं किया जा सकता बल्कि उस पार्ट को रिप्लेस करना पड़ता है और खर्च और भी ज्यादा बढ़ जाता है। वहीं नॉन इनवर्टर एसी का खर्च इनवर्टर एसी की रिपेयरिंग और रिप्लेसमेंट से काफी कम होता है। ऐसे में आप समझ गए होंगे कि दोनों ही चीजों का अपना फायदा है और अपना नुकसान है। अब आप सोचिए कि आपके लिए कौन सा बेहतर ऐसी हो सकता है। **(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज बॉक्स

### बिजली की समास्याओं का जल्द करें समाधान : विधायक अमित कुमार



**बरकट्ठा।** विद्युत कार्यालय हजारीबाग में विधायक अमित कुमार यादव ने बरकट्ठा, इचाक, दारू व टाटीझरिया प्रखंड में बिजली आपूर्ति की समस्या का समाधान को लेकर एसी से मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हो रहे बिजली की समास्याओं का जल्द से जल्द समाधान के लिए एसी समेत अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया। कहा कि बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कोई भी गांव, मोहल्ला अंधकार में नहीं रहना चाहिए । सभी स्थानों में बिजली की पूर्ति पूर्ण रूप से हो ऐसी व्यवस्था की जाए। जहां ट्रांसफार्मर, नए पोल व तार लगवाने को जरूरत हो वहां पर लगवाने का कार्य करें ताकि परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इसके साथ ही बरकनगांगो, गैड़ा, चुगलामों पंचायत को नए सबस्टेशन धुर्ली बिजैया से जोड़ने का निर्देश दिया।वहीं बरकट्ठा से चलकुशा में 33हजार का बिजली सप्लाई हो उसपर पुनः फॉरेस्ट विभाग से एनओसी लेकर के उनके कार्य चालू करने को कहा गया । मौके पर कार्यपालक अभियंता ने भी अश्वस्त किया कि बरकट्ठा विधानसभा में बिजली की समस्या नहीं होने दी जाएगी और पूरी टीम युद्ध स्तर पर लगी हुई है।

### यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ्य नहीं रह सकता है : आशीष झा



**रामगढ़।** कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सीसीएल रजरप्पा द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विद्यालय में स्वच्छता पर आधारित निबंध, पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवम से बारहवीं तक के भैया बहनों ने भाग लिया। बच्चों ने व्यक्तिगत स्वच्छता से स्वस्थ भारत विषय पर निबंध लिखे व क्विज के माध्यम से खुद सीखा और बड़ों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता में आराध्या, साधना, तन्नु, पूजा, रूही, जनिशा, कुमारी मानशी, मनीता, रागिनी, नूतन, अनुष्का, स्पर्श, अनुराग, राज निखिल, प्रियंशु, प्रेम प्रकाश, नीरज, आयुष, अमन, दुर्गेश आदि भाईयों- बहनों ने भाग लिया।इस अवसर पर सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी आशीष झा ने कहा कि स्वच्छता को अपने आचरण में इस तरह बसा लो कि वो आपकी एक आदत बन जाये। यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ्य नहीं रह सकता है। सबकी भागीदारी सुनिश्चित करना स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं विकास कुमार उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकप्पी पंचायत स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय बेलकप्पी में अध्ययनरत वर्ग अष्टम के 28 छात्र छात्राओं के बीच साईकल का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित मुखिया ललिता देवी ने कहा कि यह झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गरीब बच्चों के लिए बहुत ही अच्छी योजना है । इससे गरीब वर्ग के बच्चे पढ़ सकेंगे और उन्हें विद्यालय आने-जाने में सहूलियत होगी। वहीं मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने शिक्षकों को मन लगाकर पढ़ाने तथा बच्चों को मन लगाकर पढ़ने तथा सलाह दी। कहा कि अच्छी शिक्षा से ही व्यक्ति अपने भविष्य को बेहतर रूप से संवार सकता है। वितरण के दौरान मुखिया ललीता देवी, झारखंड आंदोलनकारी सह मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, प्रधानाध्यापक आलोक तिवारी, सीताराम ,संतोष निराला, रंजित पांडेय ,अमर पांडेय ,छात्र छात्राये एवं अन्य अभिभावक उपस्थित थे।

# बरही विधानसभा प्रभारी ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



प्रखण्ड, अंचल, नगर इकाई कार्यालय में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर आजसू बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को बरही बीडीओ सी. आर. इंदवार को लिखित ज्ञापन सौंपा और समस्या के समाधान का आग्रह किया। लिखित ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि जमीन संबंधी दाखिल खारिज हेतू अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अविलंब निष्पादन किया जाए तथा पंजी 02 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का जल्द से जल्द उचित एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए। वर्तमान में अबुआ आवास हेतु चयन में पारदर्शिता लाई जाए और जरूरतमंद एवं निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ मिलें। मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कुप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान यथाशीघ्र किया जाए ताकि वर्षा से पहले कार्य को पूर्ण किया जा सके। छात्र- छात्राओं के छात्रवृति हेतू जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में शीघ्रता लाई जाए ताकि गरीब निर्धन परिवार के अध्ययनरत छात्र-छात्राएँ छात्रवृति से वंचित न हो। सभी किसानों को खाद्य एवं बीज की आपूर्ति समय पर किया जाए ताकि खेती पर निर्भर रहने वाले किसानों को समुचित लाभ हो सके। प्रखंड में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। अतः भीषण गर्मी को देखते हुए प्रखण्ड में 24 घण्टे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में पदस्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए ताकि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामवासियों का कार्य सरलतापूर्वक हो सके। सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्बाध रूप में किया जाए। सभी राशन कार्ड धारियों को राशन समय पर आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा राशन में कटौती बन्द किया जाए। खराब पड़े सभी चापाकलों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए। मौके पर आजसू विधानसभा प्रभारी राज सिंह चौहान, आजसू बरही प्रखंड अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार साव, पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर, महेंद्र सिंह, कृष्णा प्रजापति सहित कई लोग मौजूद रहे।

### साफ-सफाई,पौधरोपण के साथ दिलाया गया स्वच्छता शपथ

**हजारीबाग।** भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एन.एस.एस.ओ.) क्षे०सं०प्र०, उप क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा 16 से 30 जून 2024 तक आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 16 जून से ही कार्यालय परिसर में साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। आज 28 जून को स्थानीय सी.एम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, गर्ल्स (राजकीय कन्या उच्च विद्यालय), हजारीबाग के परिसर में स्वच्छता जागरूकता सह पौधारोपण कार्यक्रम के अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम एन.एस.एस.ओ. हजारीबाग के कर्मियों द्वारा रैली निकालकर विद्यालय परिसर में प्रवेश किया गया एवं परिसर की साफ सफाई की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि हजारीबाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी, एनएसएसओ के प्रभारी सूरज कुमार, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी के.वी शेखर, जयदेव कुमार एवं विद्यालय की प्राचार्या सुजाता केरकेट्टा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। स्वागत गान विद्यालय की बालिकाओं ने प्रस्तुत किया।

# शहरी क्षेत्र में चला वाहनों का सघन जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर हजारीबाग जिला में व्यापक वाहनों का जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला मे ऑटो,टोटो और दुपहिया वाहनों का सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। शहर के विभिन्न हिस्सों में चले जांच अभियान में सैकड़ो टोटो चालको के वाहन को जब्त कर उनसे वाहनों के दस्तावेज की मांग की गई। इस अभियान मे जिला परिवहन पदाधिकारी,यातायात पुलिस तथा सडक सुरक्षा टीम शामिल रही। जांच के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में बेहिसाब यत्र तत्र टोटो,ऑटो के परिचालन से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है,जिसके कारण सुगम यातायात में व्यवधान हो जाता है। इस कारण आज वाहनों की सघन जांच की जा रही है, कई बिन हेलमेट वाले वाहनों से चालान भी काटे गए है तथा बिना कागजात वाले वाहनों को जब्त किया गया है।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय) झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा**
E-mail Id-dscogarhwa@gmail.com

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए सूचना**

झारखण्ड राज्यनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसुन पर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु "**जलनिधि**" नामक एक नयी योजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से प्रारंभ की गयी है। जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

**योजना का स्वरूप**

(i) डीप बोरिंग की योजना

| कार्य योजना | पत्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter deep boring Submersible pump 1.5 HP, आवश्यक Accessories एंव संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सिमांत कृषक समूहों के लिए लागू होगा विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्युनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 46 इकाई | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

2. परकोलेशन टैंक (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब ) की योजना

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Length of Percolation Tank - 120ft. width of Percolation Tank -100 ft. Depth of Percolation Tank -12ft. Length of Bound -370ft. Side Slope-1:1 | योजना लघु एवं सिमांत कृषक समूहों के लिए लागू होगा विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्युनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 114 इकाई | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए आवदेन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 12.07.2024 है।15.05.**

**कृषक / संस्था का चयन**

(i) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / लघु / सीमांत कृषक / महिला कृषकों / इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा ।
(ii) जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता "**जलनिधि योजना**" के लिए मान्य नहीं होगी।
(iii) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिशचित की जायेगी एवं **ग्राम सभा द्वारा** चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्राप्ति**

(i) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I , प्रपत्र–II में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
(ii) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय से निशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साईट www.jharkhandsoil.gov.in पर भी उपलब्ध है।
(iv) **आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, गढ़वा में जमा लिया जायेगा।**
1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी एंव स्थानीय मुखिया कि अध्यक्षता में) एवं पानी–पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी–पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
6. जमीन का अद्यतन रसीद /अंचलाधिकारी द्वारा भू–धारिता प्रमाण पत्र एवं पहचान–पत्र।
7. अंचलाधिकारी के द्वारा निर्गत चेक स्लिप।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पताः**– भूमि संरक्षण कार्यालय, गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन गढ़वा

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 327964 (Agriculture) 24-25 (D)



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
समाहरणालय भवन ब्लाक सी कमरा सं0–9
ईमेल–jepcpalamau@rediffmail.com

**झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना**
विज्ञापन सं0 **04/JBAV/KGVB/2023**

1. राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक फन्४40४207४2022४3060 दिनांक 03.08.2023 के निदेशानुसार जिला में संचालित **01 (एक)** झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय प्रखण्ड पीपरा एवं राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक GE/08/163/2022-23/3119 दिनांक 08.08.2023 के निदेशानुसार जिला में संचालित **12 (बारह)** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पलामू में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अर्हताधारी **महिला अभ्यर्थियों** से निहित शर्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में विज्ञापन सं0 **03/JBAV/2023** एवं **04/JBAV/KGVB/2023** के द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था।

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक GE/08/163/2022-23/1072 दिनांक 20.03.2024 के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 06 से 08 के लिये शिक्षिकाओं की नियुक्ति में CTET तथा पड़ोसी राज्यों से TET उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में शामिल करने के संबंध में निदेश प्राप्त है।

उक्त के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 20.12.2023 को सहायक आचार्य परीक्षा से संबंधित वाद में आदेश पारित किया गया है, जिसमें CTET तथा पड़ोसी राज्यों से भी TET पास करने वाले को चयन में शामिल करने हेतु आदेशित किया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि उपरोक्त में से कोई अभ्यर्थी चयनित होते है तो उन्हें 03 वर्ष के अन्दर JTET प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण होना होगा। यह भी अंकित किया गया है कि यदि झारखण्ड सरकार 03 वर्ष के अन्दर JTET का आयोजन नहीं करती है तो सफल अभ्यर्थी पर यह शर्त लागू नहीं होगी। चयनित अभ्यर्थियों को 03 माह का समय JTET की तैयारी हेतु भी दिया जाना है।

उपर्युक्त निदेशानुसार पुन : दिनांक 15.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ निबंधित डाक के माध्यम से आवेदन पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय, ब्लॉक–सी0, कमरा संख्या–09, पिन 822101 पलामू में आमंत्रित किए जाते है।

झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, प्रखण्ड पीपरा, पलामू

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | EWS | |
| | कक्षा 06 से कक्षा 08 | | | | | | | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) भाषा (हिन्दी / अंग्रेजी) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– गणित | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–सामाजिक विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | कुल | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पलामू

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | EWS | |
| | कक्षा 06 से कक्षा 08 | | | | | | | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा(हिन्दी / अंग्रेजी) | 4 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 4 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) –गणित | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–सामाजिक विज्ञान | 3 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 |
| | कुल | 10 | 1 | 0 | 1 | 3 | 2 | 3 | 10 |

प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते, अर्हता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निर्देश जिले के अधिकारिक बेवसाईट www.palamu.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

उपायुक्त–सह– अध्यक्ष
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 328116 (Palamu) 24-25 (D)



**कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव**
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com
पत्रांक– .............. न0पं0 दिनांक– ..............................

**आम सूचना (3rd Call)**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड रॉची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में गढ़वा जिले के नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित की जाने वाले Urban Health & wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों की चयन हेतु दिनांक 11.07.2024 को कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में पूर्वाह्न 11:00 बजे Walk in Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क्र0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सको की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रूपये मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियॉ | 01 (एक पद) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जायेगा। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 11.07.2024 को नगर पचायत मझिऑव को पूर्वाहन 11:00 बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव।

PR 327974 Urban Development(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SR/DT/Med-03/2024-25 (1st Call)** दिनांक 27.06.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of 125x115 mm dia and 60 mtr. (av.) deep drilled tube well with installation of IM-II Hand Pump, 1.85m dia meter PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basis in different rural habitation under DW&S Division, Medininagar for the year 2024-25. | SR /MED -01 | 33 | 2768311.00 | 55500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 29.06.2024 / 02.30 बजे अपराह्न में। | | | | | |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 06.07.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.07.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 08.07.2024 / 04.00 बजे अपराह्न में। | | | | | |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। | | | | | |
| 7 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 7543089612 | | | | | |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 | | | | | |

नोटः–1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 328107 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D



"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता।" E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com
**कार्यालय ; जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू**

**मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024**
**आम–सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2024-ERS (Vol.II) दिनांक 20.06.2024 के द्वारा दिनांक 01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (2nd SSR, 2024) निर्धारित किया गया है। उक्त कार्यक्रम के तहत पुनरीक्षण संबंधी कार्यों का संचालन जिला के सभी 05 विधानसभा क्षेत्रों यथा– 75–पाँकी / 76–डालटनगंज / 77–विश्रामपुर / 78–छत्तरपुर (अ0जा0) एवं 79–हुसैनाबाद में कराया जा रहा है,जो दिनांक 20.08.2024 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन तक संचालित रहेगा।

आयोग के द्वारा दिनांक 01.07.2024 को अर्हता तिथि के आधार पर प्रारम्भ किया जा रहा द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 02 चरणों में सम्पादित होगा –

**(01) Pre-Revision Activities – From 25.06.2024 to 24.07.2024**
**(02) Revision Activities – From 25.07.2024 to 20.08.2024**

आयोग के स्तर से प्राप्त कार्यक्रम की विवरणी निम्नवत है –

| Sl. No. | Activity | Period |
|---|---|---|
| | **Pre-Revision Activities** | |
| 01 | (i) H2H verification through BLOs<br>(ii) Rationalization /Re-arrangement of Polling Stations.<br>(iii) Removal of discrpancies in the Electorall Roll/ EPIC.<br>(iv) Improvement of Image quality ensuring good quality photographs, by replacing blurred, poor quality and not to specification and non-human images in the roll, wherever necessary.<br>(v) Recasting of Section/ Parts and Finalization of proposed restructuring of section / part boundary's location of polling stations and getting approval of list of Polling stations.<br>(vi) Updation of Control Table.<br>(vii) Preparation of Format 1 to 8<br>(viii) Preparation of integrated draft roll with reference to 01.07.2024 as the qualifying date. | 25-06-2024 (Tuesday) to 24.07.2024 (Wednesday) |

*Revision Activities*

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Publication of Integrated draft electoral roll. | On 25.07.2024 (Thursday) |
| 02 | Period for filing claims & objections | 25.07.2024 (Thursday) to 09.08.2024 (Friday) |
| 03 | Special Campaign Dates | 27.07.2024 (Saturday)<br>28.07.2024 (Sunday)<br>03.08.2024 (Saturday)<br>04.08.2024 (Sunday) |
| 04 | (i) Disposal of claims and objections<br>(ii) Checking of health parameters and obtaining Commission' s permission for final publication<br>(iii) Updating database and printing of supplements | By 19.08.2024 (Monday) |
| 05 | Final publication of Electoral Roll | **On 20.08.2024 (Tuesday)** |

**सभी आम जनों को सूचित किया जाता है कि –**

✓ दिनांक 01.07.2024 एवं 01.10.2024 को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र–6 में रंगीन फोटो एवं आयु तथा निवास प्रमाण–पत्र के साथ आवेदन कर सकते है।
✓ मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रवासी भारतीय प्रपत्र 6क में आवेदन समर्पित कर सकते है।
✓ मतदाता सूची में नाम विलोपन करने हेतु प्रपत्र 7 में आवेदन जमा किये जायेंगे।
✓ मतदाता सूची में प्रविष्टियों का सुधार, EPIC का प्रतिस्थापन, दिव्यांगन चिह्नांकित करने, विधानसभा क्षेत्र के अन्दर अथवा बाहर निवास स्थानान्तरण हेतु प्रपत्र 8 में आवेदन कर सकते हैं।
✓ दावा / आपति संबंधी प्रपत्र 6, 6क, 7 एवं 8 को जमा करने की अवधि **दिनांक 25.07.2024 से 09.08.2024 तक** निर्धारित है, जिसके दौरान उक्त आवेदन BLO के पास/ विधानसभा के संबंधित क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय / निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। उक्त सभी प्रपत्र सभी स्थलों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं।
✓ दिनांक 27.07.2024, 28.07.2024, 03.08.2024 एवं 04.08.2024 को आयोजित विशेष अभियान दिवस में बी0एल0ओ0 मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर प्रपत्र प्राप्ति की कार्रवाई करेंगे।
✓ दिनांक 29.07.2024 से 02.08.2024 के मध्य समावेशी सप्ताह (Inclusive Week) का आयोजन किया जायगा, जिसमें निम्नांकित कार्रवाई की जायगी।

| | |
|---|---|
| दिनांक 29.07.2024(सोमवार) | Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs) एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जनसमूह के निबंधन हेतु विशेष अभियान। |
| दिनांक 30.07.2024(मंगलवार) | जिलान्तर्गत सभी रैन बसेरों / आश्रय गृहों में आवासित पात्र नागरिकों का निबंधन हेतु विशेष अभियान का संचालन। |
| दिनांक 31.07.2024(बुधवार) | सभी पात्र दिव्यांगजनों का निबंधन एवं मतदाता सूची में मार्किंग हेतु विशेष अभियान का संचालन। |
| दिनांक 01.08.2024(गुरूवार) | सभी 85+ आयुवर्ग के व्यक्तियों का शत–प्रतिशत सत्यापन करते हुए निबंधन हेतु विशेष अभियान का संचालन |
| दिनांक 02.08.2024(शुक्रवार) | सभी पात्र Third Gender/ Sex Workers का निबंधन हेतु विशेष अभियान का संचालन। |

✓ सभी प्रपत्रों का Online आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के Voter Helpline App (VHA) & https://voters.eci.gov.in/ के माध्यम से किया जा सकता है।
✓ सभी प्रपत्र आयोग के वेबसाईट www.eci.gov.in एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड, राँची के website – ceo.jharkhand.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।
✓ पूर्व पुनरीक्षण एवं पुनरीक्षण अवधि के संबंध में जानकारी प्राप्त करने अथवा मतदाता सूची में नाम निबंधित / संशोधित / विलोपित करने संबंधी किसी प्रकार की सहायता हेतु Toll Free-1950 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR 328120 (Palamu) 24-25 (D)

## एक नजर

### महिला से मारपीट के मामले में पति और दो देवर गए जेल

**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में न्यू मधुकम के रहने वाले पति-पत्नी के बीच दो दिनों पहले जम कर मारपीट हुई थी। इस घटना में पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल अवस्था में ही महिला ने सुखदेवनगर थाने में मामला दर्ज कराया था। महिला ने बताया कि पति प्रवीण लोहानी तथा देवर आशीष लोहानी और मनीष लोहानी कई कारणों से मेरे साथ मारपीट की है। महिला की स्थिति को देखते हुए गुरुवार को थाना में मामला दर्ज कर लिया गया था। शुक्रवार को तीनो भाई को जेल भेज दिया गया।

### 20 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**रांची।** चुटिया से एक युवक को 20 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया है। लोअर बाजार चुटिया पुलिस को इसकी जानकारी मिलते ही उसे रंगेहाथों पकड़ा है। युवक का नाम राम बाबू साहू है। वह कृष्णापुरी रोड नंबर 2 चुटिया का रहने वाला है। युवक ने पुलिस को बताया कि वह अरगोड़ा तथा जमशेदपुर से ब्राउन शुगर लाकर रांची में बेचा करता था। पुलिस ने बताया कि इससे पहले भी युवक आर्म्स एक्ट के तहत जेल जा चुका है।

### 13 जुलाई को व्यवहार न्यायालय परिसर में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला ने वन विभाग, श्रम विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों, उत्पाद अधीक्षक के साथ बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन पर चर्चा की गई। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित थे। मालूम हो कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने बैंक ऋण, पेंशन, बीमा संबंधित विवाद, मुआवजा बीमा, वन अधिनियम, शमनीय फौजदारी मुकदमा, राजस्व वाद, दूरसंचार वाद, सर्विस मैटर, वैवाहिक वाद, भू-अर्जन वाद, मोटरयान दुर्घटना क्लेम संबंधित सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए प्राधिकार के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### जमशेदपुर व आदित्यपुर के 60 हजार बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर और आदित्यपुर में टाटा स्टील के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने टाटा स्टील यूआईएसएल के बढ़े हुए हुए टैरिफ को नामंजूर कर दिया है। अब उपाभोक्ताओं को साल 2024-25 में पुरानी दर से ही बिजली बिल का भुगतान करना होगा। टाटा स्टील यूआईएसएल ने बिजली दर में प्रति यूनिट 10 और अधिकतम 65 पैसे, जबकि फिक्सड चार्ज में न्यूनतम तीन से 12 रुपये की बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा था। इसको लेकर झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने जमशेदपुर के गोलमुरी क्लब और आदित्यपुर के ऑटो क्लस्टर में मार्च-अप्रैल माह में जनसुनवाई की थी। जनसुवाई में बढ़े हुए टैरिफ का विरोध किया गया था। विरोध को देखते हुए झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने दर बढ़ाने के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है। इसके बाद से उपभोक्ताओं को पुरानी दर से ही बिजली बिल का भुगतान करना होगा। इससे जमशेदपुर और आदित्यपुर के कुल 60 हजार उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है।

### स्टार्टअप कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर चैंबर भवन में हुई बैठक

# उच्च कोटि के शिक्षण संस्थानों के अभाव से बाहर जा रहे होनहार विद्यार्थी : किशोर मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की स्टार्टअप और एजुकेशन उप समिति की संयुक्त बैठक शुक्रवार को चैंबर भवन में हुई। 6 जुलाई को आयोजित होने वाले स्टार्टअप कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर यह बैठक हुई थी।

बैठक में उपस्थित एजुकेशन सेक्टर से जुड़े शहर के गण्यमान्य को चैंबर के इस आयोजन से अवगत कराते हुए एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि राज्य में उच्च कोटि के शिक्षण संस्थान की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के कारण राज्य के होनहार विद्यार्थी अन्य राज्यों में चले जाते हैं। इससे राज्य की इकोनॉमी के साथ ही राज्य का टैलेंट भी बाहर चला जाता है।

बच्चे बाहर में शिक्षा ग्रहण करते हुए वहीं पर रोजगार भी प्राप्त कर लेते हैं। यदि राज्य में ही उच्च कोटि की शिक्षा और स्वरोजगार की व्यवस्था हो जाए, तब राज्य के होनहार बच्चे राज्य में ही रहेंगे।



बैठक में उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए यह जानना चाहा कि कैसे राज्य से शिक्षा और रोजगार के लिए पलायन को रोका जा सकता है।

चर्चा के क्रम में ये बातें सामने आई कि स्वरोजगार के लिए युवाओं में उद्यमिता के गुण विकसित करने की आवश्यकता है। इनोवेटिव आइडिया से स्वरोजगार करने के ईच्छुक युवक-युवतियों को उनके पसंद के सेक्टर में प्रोत्साहन देने के लिए चैंबर को सहयोगी भूमिका में पहल पर भी जोर दिया गया। चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि चैंबर अपने क्षेत्रीय उपाध्यक्षों के सहयोग से सभी प्रमंडलों में स्थानीय कॉलेज से समन्वय बनाकर बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए बिजनेस प्लान बनाने से लेकर फंडिंग तक की व्यवस्था में पहल करेगा।

कॉन्क्लेव में सभी प्रमुख कॉलेजों के स्टार्टअप सेल के विद्यार्थी शामिल हो सकें, इसके लिए एजुकेशन उप समिति के चेयरमेन विकास सिन्हा ने कहा कि कॉन्क्लेव में स्टार्टअप सेल के छात्रों को आमंत्रित किया जाएगा, जहां उन्हें निवेशकों, सरकारी अधिकारियों, मार्गदर्शकों और बैंकों से मिलने का अवसर मिलेगा। यह उनकी उद्यमशीलता के सपनों को साकार करने का एक महत्वपूर्ण मंच होगा।

राज्य में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के चैंबर अध्यक्ष और स्टार्टअप उप समिति के प्रयासों की सराहना की करते हुए सदस्यों ने इसे राज्य के युवाओं के लिए उपयुक्त बताया। इस बात पर भी संतोष जताया गया कि चैंबर के इस प्रयास में राज्य सरकार के आईटी विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी इनोवेशन लैब, एमएसएमई विभाग, एचडीएफसी बैंक का भरपूर सहयोग मिल रहा है। कॉन्क्लेव में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी भी शामिल होंगे।

बैठक में चैंबर के महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष अरुण बुधिया, सदस्य बिनोद बंका, वेद प्रकाश बागला, प्रकाश शाह, विश्वनाथ नारसरिया, अनिकेत कुमार, सौरव कुमार और श्रेया सिंह राजपूत उपस्थित थे।

# छह महीने से राशन नहीं उठाया तो रद्द करें राशन कार्ड : उपायुक्त

### डीसी की अध्यक्षता में हुई खाद्य आपूर्ति से संबंधित समीक्षा बैठक

### 50 प्रतिशत से कम चीनी वितरण करनेवाले पीडीएस डीलर को शोकॉज किया जाए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिले में जिन गुलाबी और हरा राशन कार्डधारियों ने पिछले 6 महीने से खाद्यान्न का उठाव नहीं किया है, उनका राशन कार्ड रद्द किया जाएगा। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को खाद्य आपूर्ति से संबंधित बैठक के दौरान इस संबंध में निर्देश दिए। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, जिला के सभी पणन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। बैठक में मई एवं जून 2024 के लिए एनएफएसए योजना के अंतर्गत एवं जुलाई एवं अगस्त 2023 के लिए जेएसएफएसएस योजनांतर्गत खाद्यान्न का डोर स्टेप डिलीवरी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति, अक्टूबर से दिसंबर 2023 के लिए नमक, चीनी एवं अप्रैल 2024 में चना दाल के उठाव एवं वितरण की स्थिति, द्वितीय छमाही के लिए सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना की स्थिति, पेट्रोल पर सब्सिडी देने के लिए सीएम-सपोर्ट की स्थिति आदि की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत मई एवं जून 2024 तथा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत जुलाई एवं अगस्त 2023 तक खाद्यान्न का डीएसडी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को



उपायुक्त ने खाद्यान्न वितरण में अनिमितता बरतने वाले जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के विरुद्ध जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। कम खाद्यान्न वितरण पर डीएसओ द्वारा बताया गया कि कई राशन कार्डधारी राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं, इस पर उपायुक्त ने 6 महीने से खाद्यान्न का उठाव नहीं करनेवाले कार्डधारियों का राशन कार्ड रद्द करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्डधारियों के कार्ड डिलीशन का प्रॉसेस रेग्युलर रखें।

अक्टूबर से दिसंबर 2023 के लिए नमक एवं चीनी के उठाव एवं वितरण की स्थिति की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने 50 प्रतिशत से कम चीनी वितरण करनेवाले पीडीएस डीलर को शोकॉज करने को कहा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को इस संबंध में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिन प्रखंडों में नमक का वितरण नहीं किया गया है, वहां के जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को भी शोकॉज करें। पीवीटीजी डाकिया योजनांतर्गत खाद्यान्न का वितरण की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने वितरण और ऑनलाइन रिफ्लेक्शन में सुधार के निर्देश दिए।

### कर्ज में डूबे व्यवसायी ने दुकान में लगाई फांसी

**रामगढ़।** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में कर्ज में डूबे एक व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे ने बताया कि मृतक की पहचान अशोक जैन नामक व्यापारी के रूप में हुई है। वह थाना क्षेत्र के पुराने अशोक सिनेमा के पीछे रउता जाने वाले रास्ते पर दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके ऊपर कर्ज इतना अधिक हो गया था कि वह उसे चुका नहीं पा रहा था, जिसकी वजह से वह लगातार तनाव में भी रह रहा था। उसने अपनी दुकान में ही फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दी है। पुलिस को जैसे ही इस बात की खबर लगी, घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# रांची में दो दिवसीय प्रतिभा चयन ट्रायल शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के अंतर्गत पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय स्तर (रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा) पर दो दिवसीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार से किया जा रहा है ।

विभाग द्वारा आयोजित आवासीय क्रीड़ा केंद्र, सीएम एक्सीलेंस केंद्र (एकलव्य केंद्र) में फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तीरंदाजी, हॉकी खेल में रिक्त स्थानों को भरा जाएगा।

राजधानी में इस चयन प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र




कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आगंतुकों का स्वागत जिला खेल समन्वयक आशीष कुमार बनर्जी ने किया, जबकि मंच का संचालन विभाग के वरिष्ठ खो-खो प्रशिक्षक अजय झा ने किया। विभाग के प्रशिक्षक भरत कुमार साहू, संजू कुमार, सौरभ कुमार, अंजलूस तिर्की, वीणा केरकेट्टा, करम मुंडा, जेम्स पूर्ति, काली चरण महतो, करुणा पूर्ति, सोना राम चांपिया, गोपाल तिर्की, रेमेंड मिंज, राजू साहू, तपन कुमार राउत, हरीश कुमार, शिशिर कुमार सहित कई अन्य प्रशिक्षक के साथ विभाग के बिरसी मुंडू, मुकेश कुमार ने सहयोग कर आज के चयन प्रक्रिया को सफल बनाया। सभी खेलों से लगभग छह सौ खिलाड़ियों ने चयन प्रतियोगिता में भाग लिया। दूसरे दिन सभी स्थानों पर सुबह सात बजे से चयन प्रतियोगिता प्रारंभ होगा।

# वन विभाग के खिलाफ महाविरोध प्रदर्शन 2 जुलाई को

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

दलमा वन क्षेत्र प्रभावित संघर्ष समिति की ओर से दो जुलाई को दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी, कार्यालय मानगो जमशेदपुर के खिलाफ महाविरोध प्रदर्शन किया जाएगा। महाविरोध प्रदर्शन को लेकर समिति ने शुक्रवार को धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र सौंपने वालों में सुकलाल पहाड़िया, सुचांद सिंह, दीनबंधु सिंह, रविंद्र सरदार, जितेन सिंह आदि शामिल थे। वन विभाग द्वारा लागू किए गए कई नियमों के खिलाफ और आठ सूत्री मांगों के समर्थन में समिति महाविरोध प्रदर्शन का आयोजन कर रही है। समिति की मांगों में किसानों के धान समेत सब्जी आदि की फसल को जंगली हाथी, बंदर, भालू, सूअर आदि के द्वारा अपना आहार बनाने और बर्बाद किए जाने पर प्रति एकड़ एक लाख की दर से मुआवजा देने, जंगली हाथी द्वारा किसी व्यक्ति की जान लेने पर दस लाख रुपये का मुआवजा देने, वन क्षेत्र में अवस्थित सरना स्थल, मंदिर, श्मशान आदि सार्वजनिक स्थलों पर वन विभाग द्वारा छेड़छाड़ बंद करने, माकुलाकोचा हिरण पार्क चेकनाका में वाहनों से टैक्स वसूलना बंद करने, दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में पदस्थापित सभी पदाधिकारी व कर्मियों की संपत्ति की जांच करने समेत अन्य मांगें शामिल



हैं। इस संबंध में सुकलाल पहाड़िया ने कहा कि दलमा वन क्षेत्र के पदाधिकारी व कर्मियों द्वारा दलमा वन क्षेत्र के निवासियों और दलमा वन दर्शन करने आने वाले सैलानियों को तरह-तरह का कानून लगा कर परेशान किया जा रहा है। दलमा पहाड़ के रास्ते संपदडीह, माकुलाकोचा, चाकुलिया समेत अन्य कई गांवों से प्रतिदिन मजदूरी करने अमशेदपुर जाने वालों को भी माकुलाकोचा चेकनाका में टैक्स देने के लिए दबाव दिया जाता है। रुपये नहीं देने पर वापस जाने की बात कही जाती है। उन्होंने कहा कि दलमा वन क्षेत्र के आस-पास के आदिवासी बहुल गांवों के लोग दलमा को अपनी मां और बाबा मानते हैं। आदिवासी शिकारी प्रवृति के जरूर होते हैं, लेकिन इतने बेवकूफ नहीं कि जंगल से लुप्त होते जानवरों का सेंदरा कर उसे खत्म कर दें।

# मेडिकल कॉलेज के प्रस्ताव को हरी झंडी

### कॉलेज निर्माण के लिए जमीन किया जा रहा है चिह्नित

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के लोगों के लिए बहुत ही खुशी की बात है। अपने जिले में मेडिकल कॉलेज निर्माण होने को लेकर राज्य सरकार से हरी झंडी मिल गयी है। वहीं अब मेडिकल कॉलेज के निर्माण को लेकर जमीन चिन्हित करने का काम शुरू हो चूका है। शुक्रवार को सदर विधायक सुदिव्य कुमार, अपर समाहर्ता दीपक सिंह बिरुवा, सिविल सर्जन एसपी मिश्रा, अंचलाधिकारी मो असलम आदि गिरिडीह- डुमरी पथ के किनारे स्थित बदगुनदा कला पहुंचे। मौके पर यहां एक भूखंड को मेडिकल कॉलेज के लिए उपयुक्त मानते हुए उसे चिन्हित किया गया।

इस दौरान विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि सरकार के द्वारा गिरिडीह वासियों केलिए बड़ी खुशखबरी है। जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना जल्द से जल्द हो इसको लेकर वे लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज जमीन चिन्हीत करने के लिए यहांप हुंचें हैं। उन्होंने कहा कि गिरिडीह-डुमरी मुख्य पथ में स्थित



यह भू-खंड मेडिकल कॉलेज के लिए बेहद ही उपयुक्त होगी।

वहीं सिविल सर्जन एसपी मिश्रा ने भी कहा कि यह जमीन गिरिडीह सदर अस्पताल से 8 किलोमीटर कीदुरी पर स्थित है। गिरिडीह में मेडिकल कॉलेज के निर्माण हो जाने से लोगों को इलाज करवाने में काफी सुविधा होगी। साथ ही मरीजों को जिले से बाहर रेफर करने की समस्या नहीं होगी। स्थानीय स्तर पर ही मरीजों का समुचित इलाज हो सकेगा।

इधर मौके पर मौजूद अपर समाहर्ता दीपक सिंह बिरुवा ने कहा कि जिस जमीन को चिन्हित किया जा रहा है वह काफी उपयुक्त है। कहा कि यहां आने पर देखा जा रहा है कि कुछ जगह को अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है।

# वर्षों से लंबित निगम के सेवानिवृत्त 6 कर्मियों की पावना राशि का किया गया भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मियों के वर्षों से लंबित पावना राशि का भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। शुक्रवार को सेवानिवृत्त 6 कर्मियों की पावना राशि का भुगतान किया गया। मौके पर उप नगर आयुक्त विशालदीप खलको ने कर्मियों को बुलाकर उन्हें इसकी जानकारी दी। साथ ही कहा कि नगर निगम परिवार जैसा है। हमेशा सभी के दुःख, सुख की घड़ी में निगम परिवार खड़ा रहेगा और हर संभव मदद भी की जाएगी। मौके पर श्री खलको ने कहा कि वर्षों से लंबित उनकी पावना का भुगतान किया जा रहा है। इन रुपयों का कोई दुरूपयोग नहीं करें। बताया गया कि निगम से सेवानिवृत्त आशा हारिन, चमेली देवी, भवानी मरवाडीन, ममता देवी, मीणा देवी, शांति हारिन के बीच 28 लाख 83 हजार 256 रुपए का भुगतान किया जा रहा है।

इस बाबत उप नगर आयुक्त विशालदीप खलको ने कहा कि आज बड़े ही खुशी का दिन है कि 6 लोगों को उनका बकाया पावना का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य मद और बकाया से संबंधित लोगों के भुगतान के लिए राज्य सरकार से पत्राचार किया गया है। उन्होंने बताया कि कल सचिव स्तर की बैठक में भी इन बातों को गंभीरता से रखा जाएगा।



# पांच दिनों से कचरा उठाव बंद, जगह-जगह फैली गंदगी



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर शहर में पांच दिनों से नगर परिषद की ओर से कचरा का उठाव नहीं किया जा रहा है। इसके कारण जगह-जगह गंदगी का अंबार लग गया है। डोर टू डोर कचरा उठाव बंद होने के साथ-साथ नगर परिषद की ओर से शहर के विभिन्न स्थानों पर रखे डस्टबीन से कचरा का उठाव नहीं हो रहा है। डस्टबीन पूरी तरह भर गये हैं और कचरा सड़क पर फैल रहा है। वहीं नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा बारिश को देखते हुये की गई नालियों की सफाई का कचरा भी उसी स्थान पर छोड़ दिया गया है।

इससे बदबू फैलने के कारण सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। वहीं डस्टबीन के किनारे सड़क पर पशुओं का जमावड़ा लगा रहने से दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। सबसे ज्यादा बुरा हाल चक्रधरपुर के गुदड़ी बाजार, बाटा रोड, पुरानी रांची रोड, सरफराज क्वार्टर का है। यहां बाजार का सारा कचरा फेंका जा रहा है, लेकिन उठाव नहीं हो रहा है। इससे लोग परेशान हैं। चक्रधरपुर के 24 वार्ड का कचरा कुदलीबाड़ी स्थित श्मशान घाट के समीप वर्षों से फेंका जा रहा था। कचरा का निस्तारण नहीं होने से यहां कचरों का अंबार लग गया था। इसके साथ ही समय-समय पर कचरों के भंडार में आग लगा दी जाती थी। इससे आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो गया था। श्मशान घाट में शव का अंतिम संस्कार करने आने वाले लोग भी कचरों के कारण परेशान रहते थे। इसकी लगातार शिकायत मिलने व स्थानीय लोगों द्वारा नाराजगी जताये जाने पर चक्रधरपुर की गिरिराज सेना के सदस्यों ने पांच दिन पूर्व रोष जताते हुये कुदलीबाड़ी में कचरा डंप करने पर रोक लगा दी।

# शहर में बढ़े अपराध को लेकर दो दिनों में थानेदार दें स्पष्टीकरण : एसएसपी

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

हर में बढ़ते अपराध को लेकर शुक्रवार को एसएसपी किशोर कौशल ने शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, सभी डीएसपी, सभी थाना प्रभारी और शाखा प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में एक जुलाई से लागू होने वाले न्यू क्रिमिनल लॉ के बारे में जानकारी दी गई। सभी को नए क्रिमिनल लॉ के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया वहीं सभी डीएसपी को नए क्रिमिनल लॉ के बारे में ब्रीफ करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा एसएसपी किशोर कौशल ने सभी लंबित वारंट, इश्तेहार और कुर्की का समय से निष्पादन के लिए एक विशेष टीम गठित करने का भी निर्देश दिया।एसएसपी ने शहर में बढ़ रहे अपराध को लेकर सभी थाना प्रभारियों को दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा है वहीं एनडीपीएस एक्ट के मामले में अभियुक्तों के खिलाफ निगरानी पंजी खोलकर उनपर निगरानी रखने को कहा है।सभी थाना प्रभारी अब पोक्सो एक्ट के मामलों को 60 दिनों के अंदर निष्पादित करेंगे। वैसे अपराधी जिसके खिलाफ दो से ज्यादा संगीन मामले दर्ज है वैसे अपराधियों के विरूद्ध सीसीए और निगरानी प्रस्ताव भेजने को कहा गया है।

एसएसपी ने बैठक के दौरान आदेश दिया कि डायल 112 पर प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 30 मिनट के अंदर ही संज्ञान ले ताकि लोगों को समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर झामुमो और गठबंधन के नेताओं में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी। कोर्ट ने शुक्रवार को सोरेन को कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दे दी। बता दें कि सुनवाई के बाद झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय ने जमानत याचिका पर अपना फैसला 13 जून को सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद आज फैसला सुनाते हुए हेमंत सोरेन को जमानत दे दी गई। करीब 5 महीने जेल में बंद रहने के बाद हेमंत सोरेन को मिली जमानत से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और इससे जुड़े गठबंधन दल में खुशी का माहौल है। जमानत की खबर आते ही शहर के बस स्टैंड रोड स्थित झामुमो जिला कार्यालय में जश्न का माहौल हो गया। विधायक सुदिव्य कुमार समेत पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्त्ता, सहयोगी गठबंधन दल के नेता व कार्यकर्त्ता मौके पर पहुंचे। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर, आतिशबाजी कर और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान जेल का ताला टूट गया हेमंत सोरेन छूट गया जैसे नारेबाजी



करते हुए पार्टी नेताओं ने खुशी का इजहार किया। मौके पर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि आज विपक्षी दलों का षड्यंत्र और साजिश नाकाम हो गयी है। कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को परेशान किया जा सकता है पराजित नहीं।

### बोकारो स्टील प्लांट में ड्यूटी के दौरान करंट लगने से मजदूर की मौत

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान करंट लगने से ठेका मजदूर अमन कुमार सिंह की मौत हो गई. वह बीएसएल झोपड़ी कॉलोनी में रहता था। वह बीएसएल में निजी कंपनी विष्णु कंस्ट्रक्शन में वेल्डर के पद पर कार्यरत था। शुक्रवार को वह जेनरल शिफ्ट में काम पर आया था। उसकी ड्यूटी सिन्टर प्लांट में थी। शाम करीब 4:30 बजे वह वेल्डिंग करने मशीन के पास पहुंचा, तो पहले पूरी जगह पानी से गिली थी। जैसे ही उसने मशीन को स्पर्श किया, करंट का जोर का झटका लगा और बेहोश होकर गिर पड़ा। वहां मौजूद कर्मियों ने इसकी सूचना तुरंत प्रबंधन को दी। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पीवी नरसिम्हा राव का जन्मोत्सव मना

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

शुक्रवार को जिला मुख्यालय चाईबासा के कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पामुलापति वेंकट नरसिम्हा राव का 103वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास ने कहा उनका जन्म 28 जून 1921 को आंध्र प्रदेश के करीमनगर में हुआ था। उन्होंने शुरूआती शिक्षा समाप्त करने के उपरांत लेखक, वकालत इत्यादि से आरंभ कर राजनीति का सफर बहुत ही निराला अंदाज में किया था। उनका झुकाव छात्र जीवन से ही राजनीति की ओर था। वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव पद पर भी आसीन रहे। मौके पर जिला प्रवक्ता जगदीश सुन्डी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पामुलापति वेंकट नरसिम्हा राव के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा जब वे 1991 में प्रधानमंत्री बने उस समय देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी। देश की उस विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने अपना धैर्य नहीं खोया और अपनी हिम्मत और सूझबूझ का परिचय देते हुए अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह को वित्तमंत्रालय का कार्यभार सौंपा। जिन्होंने मात्र एक वर्ष के भीतर पूरी अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला कर खड़ा कर दिया था।

# सरला बिरला स्कूल ने की आर्ट्स कॉन्क्लेव 'प्रतिध्वनि' की मेजबानी

## कल होगा कॉन्क्लेव का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में शुक्रवार (28 जून) को नेशनल इंटर स्कूल इंटर-डिसिप्लिनरी आर्ट्स कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण 'प्रतिध्वनि' का शानदार उद्घाटन हुआ। यह कॉन्क्लेव श्रीमती सरला बिरला की जन्म शताब्दी को समर्पित है। इस शानदार कार्यक्रम में पूरे भारत के 35 स्कूलों के 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। ज्ञात हो कि इस कॉन्क्लेव का समापन आगामी 30 जून को होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों और प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीबीएमकेयू, धनबाद के पूर्व कुलपति प्रो (डॉ) अंजनी कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। अन्य गण्यमान्य अतिथियों में सरला बिरला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो (डॉ) वीके सिंह, जेवीएम, श्यामली के प्राचार्य समरजीत जाना, और गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, कमड़े की प्राचार्या शालिनी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। निर्णायक मंडल में कला एवं संस्कृति क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल थे। दीप प्रज्वलन से शुभ दिन की शुरुआत हुई और इसके बाद स्वागत नृत्य हुआ।

प्राचार्या परमजीत कौर ने भाग लेने वाले स्कूलों को संबोधित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रतिभागी स्कूलों को प्रतियोगिता के सामान्य नियमों से अवगत कराया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में सामान्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, क्वाट्रेंट : अंग्रेजी में प्रायोगिक थिएटर प्रोडक्शन, फ्रेम्स- कैमरे के लिए पश्चिमी नृत्य, टॉर्क-एकीकृत नृत्य संवाद, संदर्भ- गीतों और शब्दों के माध्यम से एक यात्रा, सेमियो टेक्स्ट विजुअल आर्ट जैसी प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला तथा बहु-प्रारूप वाद-विवाद और रचनात्मक लेखन जैसी प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं। प्रथम दिन आयोजित प्रतियोगिताएं पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुईं। मुख्य अतिथि प्रो (डॉ) अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने इस भव्य कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए स्कूल को धन्यवाद दिया। उन्होंने जीडी बिरला से जुड़ी अपनी यादें साझा की और सभी को उनके दूरदर्शी व्यक्तित्व के बारे में बताया। उन्होंने समाज में श्रीमती सरला बिरला के योगदान और पूरे भारत में 45 स्कूलों की स्थापना में उनके प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं।

प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि हमारे कार्य इस ब्रह्मांड में गूंजते हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य जीतना या हारना नहीं, बल्कि किसी उद्देश्य के लिए खुद को प्रतिबद्ध करना और समाज को एक संदेश देना है। उन्होंने दर्शकों को जीवन के हर क्षेत्र में कला को शामिल करने की याद दिलाई, क्योंकि कला मूल्यों की अभिव्यक्ति का एक माध्यम है। उन्होंने सभी को तहे दिल से धन्यवाद दिया। नॉलेज रिसोर्स क्यूरेटर, श्री मुखर्जी, ने सभी को 'रिपब्लिक' के सही अर्थ की याद दिलाई। साथ ही, उन्होंने सरला बिरला जी की जन्म शताब्दी और गणतंत्र दिवस के 76वें वर्ष एवं भारतीय संविधान को अपनाने और भारत के चुनाव आयोग की स्थापना के 75वें वर्ष की महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में भी बताते हुए कहा कि हमारा सम्मेलन 'प्रतिध्वनि'इन्हीं को समर्पित है। उन्होंने सभी को इस प्रकार के 'कॉन्क्लेव' के आयोजन की आवश्यकता और इसमें शामिल मौलिक कौशलों के बारे में बताया। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि व्यक्ति अंतर-व्यक्तिगत शिक्षा में डूबा रहे, क्योंकि यह सीखने के दृष्टिकोण को आकार देता है। उन्होंने छात्रों को 21वीं सदी में जीवन कौशल प्राप्त करने के लिए पाठ्यक्रम को देखने के बजाय पाठ्यक्रम को सीखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# माहेश्वरी महिला समिति की प्री मॉनसून प्रदर्शनी में मिल रहे हैं सूजी से बने नूडल्स

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



माहेश्वरी महिला समिति के तीन दिवसीय प्री मॉनसून एग्जीबिशन मेला के शुभारंभ के बाद खरीदारी करने आए ग्राहकों की चहल-पहल से मेले के सभी उद्यमियों में जोश दिखा। 28 वर्ष से लग रहे इस मेले में चैरिटी के कार्य के लिए पहली बार मेला प्रवेश शुल्क रखा गया है। मेले में हाथ से बनी 10 से 700 रुपये की राखी, 250 से 5000 रुपये तक की कुर्ती एवं 3000 से 25000 रुपये की सिल्क बनारसी साड़ी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। लड्डू गोपाल के पोशाक, गहने, खिलौने, बंदनवार, इंडो वेस्टर्न ड्रेस, गाउन, कॉटन बेड शीट्स, बैग्स, 100 से 5000 रुपये तक की आर्टिफिशियल ज्वेलरी के साथ 14 कैरेट एवं रियल गोल्ड डायमंड की 4000 से 5 लाख रुपये के गहने भी प्रदर्शनी में आए लोगों को खूब भाए। प्रदर्शनी में आए ग्राहकों ने मेले में आई 'टैरो कार्ड' रीडर के पास भी समय दिया। उनसे कुछ निजी सवाल भी पूछे गए। प्री मॉनसून मेले में सूजी से बने नूडल्स, पास्ता, राजस्थानी मुखवास, पापड़, अचार जैसे सभी स्टॉलों पर लोगों की चहल-पहल रही। महिला समिति ने 5,000, 10,000 एवं 15,000 रुपये की खरीदारी पर कस्टमर के लिए आकर्षक गिफ्ट का भी एलान किया। मेले में आने वाले सभी ग्राहकों ने खूब खरीदारी की। मेले का आयोजन भव्य था एवं सभी उद्यमियों का व्यवहार भी बहुत अच्छा था। ग्राहकों ने भाईजी के लजीज व्यजन का भी आनंद लिया। भारती, विजयश्री, बिमला, अनीता, सरला, लक्ष्मी, विनीता, ममता, रश्मि, रंजू, शारदा, पूनम, सुमन, सीमा, रेखा, नेहा, भावना, कुमुद आदि सभी सदस्यों के साथ भवन में रहने वाली पूरी टीम का अमूल्य योगदान रहा।

# रिम्स प्रबंधन ने कोर्ट से कहा, रिपीट ऑर्डर पर मशीनों की होगी खरीदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स के बेहतरी मामले पर शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय एवं न्यायमूर्ति दीपक रौशन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। सरकार की ओर से स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, रिम्स के निदेशक एवं भवन निर्माण के प्रबंध निदेशक मनीष रंजन खंडपीठ के समक्ष उपस्थित होकर रिम्स के सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों को बताया। खंडपीठ ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है, इस मामले की विस्तृत सुनवाई 18 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान रिम्स प्रबंधन की ओर से बताया गया कि रिम्स 100 करोड़ रुपये से रिपीट ऑर्डर पर खरीदारी करना चाह रही है। इसके लिए सरकार से भी इस संबंध में चर्चा हुई है। रिम्स में खाली पड़े पदों की बहाली के लिए 2 जुलाई से 6 जुलाई तक सरकार द्वारा जारी रोस्टर के अनुरूप किया जाएगा।


GARHWA NAGAR PARISHAD

(Govt. of Jharkhand Undertaking)

Regd. Office: - Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana, Road, Jharkhand

VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE

FOR DETERMINATION OF RATE

NIQ. No: GNP-01/2024-25 Date. 26.06.2024

Online Quotations are invited for the work Stadium Tip up Chair at Multipurpose Cultural Complex For Garhwa Nagar Parishad (Jharkhand) for non-schedule Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, retailers, Distributors, Timber Merchants and others for items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deal all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deal with. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty and carriage. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Term and Condition

1. The quotationer shall furnish PAN, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm, final and unconditional.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

Note :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of E-Quotations on Website | 01.07.2024 |
| 2 | Last Date/Time of upload of E-Quotations on Website | 10.07.2024 at 05:00 PM |
| 3 | Date/Time of opening of E-Quotations | 11.07.2024 at 11:00 AM |
| 4 | Name & Address of office Inviting E-Quotations | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa Near Jyoti Shree Cinema Hall, Sahijana, Road, Jharkhand. |
| 5 | Helpline Number | 8409053313 |
| 6 | e-mail ID | eo.gharhwa.np@gmail.com |

Any change can be seen on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in. Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.

Executive Officer,
Nagar Parishad Garhwa.

PR 327984 Urban Development(24-25)D


# राज्य के सरकारी स्कूलों में संचालित बाल संसद में हो रहा स्कॉलरशिप मंत्री का चयन

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में संचालित बाल संसद में स्कॉलरशिप मंत्री पद का सृजन किया जा रहा है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ के आदेश के उपरांत उपरोक्त पदों का सृजन हो रहा है, ताकि बच्चे छात्रवृत्ति को लेकर जागरूक हो सकें। पूर्वी सिंहभूम के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली 'जानकी' अब बच्चों को छात्रवृत्ति के लिए जागरूक कर रही है। वह यह सुनिश्चित करती है कि उसके विद्यालय के सभी बच्चों को छात्रवृत्ति प्राप्त हो।


प्रपत्र VI 'क'

समाहरणालय, गढ़वा

(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 468/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 18.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम-चटकमान**, थाना नं0-104, थाना-रंका, अंचल-रंका, जिला-गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **रंका-रमकण्डा पथ (कुल लम्बाई 20.925 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम-चटकमान**, थाना नं0-104, थाना-रंका, अंचल-रंका, जिला-गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश- **1.935** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 137 | 1146 | रैयती | टाड़ दो | 0.044 | सीमिखा परहिया पिता-लोधा परहिया | 255 | रास्ता | 254 | 226 |
| 2 | 35 | 243 | रैयती | टाड़ दो | 0.019 | जुलफन भुईया पिता सुधु भुईयां | 244 | रास्ता | 1138 | 246 |
| 3 | 72 | 246 | रैयती | टाड़ दो | 0.076 | वृजपति देवी पति अयोध्या तिवारी | 245 | रास्ता | 243 | 247 |
| 4 | 107 | 247 | रैयती | टाड़ दो | 0.040 | रामपृत यादव पिता देवी महतो | 250 | रास्ता | 246 | 248 |
| 5 | 50 | 266 | रैयती | टाड़ दो | 0.036 | रामलाल यादव वगैरह | 250 | रास्ता | 248 | 267 |
| 6 | 117 | 270 | रैयती | धान दो | 0.027 | नटई यादव | 267 | रास्ता | रास्ता | 271 |
| 7 | 18 | 278 | रैयती | टाड़ दो | 0.059 | विशुन यादव वगैरह | 277 | रास्ता | 272 | 279 |
| 8 | 5 | 280 | रैयती | टाड़ दो | 0.039 | जगदेव यादव वगैरह | 290 | रास्ता | 279 | 285 |
| 9 | 147 | 281 | रैयती | स्कूल मैदान | 0.051 | झरी बैगा तिपा हजवड़ बैगा | 280 | 282 | रास्ता | 283 |
| 10 | 5 | 479 | रैयती | टाड़ दो | 0.047 | अयोध्या तिवारी पिता नन्द किशोर तिवारी वगैरह | रास्ता | 479 | रास्ता | 480 |
| 11 | 26 | 7 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.032 | चमरू सिंह पिता जिवधन सिंह | 6 | 9 | 5 | रास्ता |
| 12 | 101 | 77 | रैयती | टाड़ दो | 0.097 | राजकुमार साह वो हजारी साह वो रघुविर साह | रास्ता | 76 | रास्ता | 78 |
| 13 | 125 | 78 | रैयती | टाड़ दो | 0.025 | जोधा यादव वगैरह | रास्ता | 81 | 77 | 79 |
| 14 | 125 | 79 | रैयती | धान दो | 0.057 | जोधा यादव वगैरह | रास्ता | 81 | 78 | 217 |
| 15 | 72 | 217 | रैयती | टाड़ दो | 0.070 | वृजपति देवी पति अयोध्या तिवारी | रास्ता | 82 | 79 | 213 |
| 16 | 113 | 213 | रैयती | टाड़ दो | 0.040 | रामलखन यादव पिता फकिरा यादव | रास्ता | 214 | 217 | 211 |
| 17 | 110 | 211 | रैयती | टाड़ दो | 0.057 | रामविलास यादव पिता फकिरा यादव | रास्ता | 210 | 213 | 209 |
| 18 | 37 | 209 | रैयती | टाड़ दो | 0.017 | जोखन यादव पिता नकछेदी यादव | रास्ता | 208 | 211 | 208 |
| 19 | 27 | 208 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | जोखन यादव पिता नकछेदी यादव | रास्ता | 207 | 209 | 188 |
| 20 | 50 | 188 | रैयती | टाड़ दो | 0.024 | नान्हू महतो पिता दुखन महतो | रास्ता | 189 | 208 | 187 |
| 21 | 18 | 187 | रैयती | टाड़ दो | 0.023 | गणेश यादव पिता लालचन्द यादव | रास्ता | 186 | 188 | 161 |
| 22 | 18 | 161 | रैयती | टाड़ दो | 0.053 | गणेश यादव पिता लालचन्द यादव | रास्ता | 162 | 187 | 160 |
| 23 | 5 | 160 | रैयती | टाड़ दो | 0.010 | देवपति देवी इत्यादि | रास्ता | 159 | 161 | रास्ता |
| 24 | 147 | 159 | रैयती | टाड़ दो | 0.071 | झरी बैगा तिपा हजवड़ बैगा | 160 | रास्ता | 164 | रास्ता |
| 25 | 63 | 156 | रैयती | टाड़ दो | 0.023 | बासुदेव यादव पिता अल्यार यादव | रास्ता | 156 | रास्ता | 157 |
| 26 | 5 | 564 | रैयती | टाड़ दो | 0.082 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 564 | 564 | रास्ता | 563 |
| 27 | 114 | 561 | रैयती | टाड़ दो | 0.024 | रामलखन यादव वो रामबिलास यादव वो जानकी यादव | 564 | 558 | रास्ता | 556 |
| 28 | 114 | 558 | रैयती | टाड़ दो | 0.027 | रामलखन यादव वो रामबिलास यादव वो जानकी यादव | 561 | 553 | रास्ता | 557 |
| 29 | 64 | 553 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | मसोमात विगनी कुवंर वगैरह | 558 | 552 | रास्ता | 554 |
| 30 | 5 | 1077 | रैयती | टाड़ दो | 0.032 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 564 | 1076 | रास्ता | 1078 |
| 31 | 4 | 1076 | रैयती | टाड़ दो | 0.002 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 1077 | 1074 | रास्ता | 1075 |
| 32 | 5 | 1074 | रैयती | टाड़ दो | 0.059 | सकल साव | 1076 | 1072 | रास्ता | 1144 |
| 33 | 5 | 1072 | रैयती | टाड़ दो | 0.194 | अजय शंकर तिवारी वगैरह | 1074 | 1103 | रास्ता | 1099 |
| 34 | 5 | 603 | रैयती | टाड़ दो | 0.120 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 603 | 602 | 610 | रास्ता |
| 35 | 5 | 602 | रैयती | टाड़ दो | 0.002 | रास्ता | 603 | 601 | 603 | रास्ता |
| 36 | 5 | 601 | रैयती | टाड़ दो | 0.004 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 602 | 600 | 598 | रास्ता |
| 37 | 5 | 600 | रैयती | रास्ता | 0.002 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 601 | 598 | 601 | रास्ता |
| 38 | 5 | 598 | रैयती | टाड़ दो | 0.002 | सुरेन्द्र तिवारी वगैरह | 600 | 567 | 599 | रास्ता |
| 39 | 5 | 567 | रैयती | टाड़ दो | 0.045 | लिलावती देवी पति महादेव यादव वगैरह | रास्ता | 566 | 569 | रास्ता |
| 40 | 4 | 566 | रैयती | टाड़ दो | 0.091 | मुनी देवी पति सुरेन्द्र | 567 | रास्ता | रास्ता | रास्ता |
| 41 | 85 | 1065 | रैयती | टाड़ दो | 0.028 | महावीर भुईयां पिता गणपति भुईयां | रास्ता | 1066 | 1057 | रास्ता |
| 42 | 143 | 1066 | रैयती | धान दो | 0.039 | मुस्मात सुरजी भुईयां पिता राम भुईयां | 1065 | 1067 | 1065 | रास्ता |
| 43 | 143 | 1069 | रैयती | टाड़ दो | 0.022 | मुस्मात सुरजी भुईयां पिता राम भुईयां | 1067 | 1070 | 1068 | रास्ता |
| 44 | 118 | 1070 | रैयती | टाड़ दो | 0.032 | ललू भुईयां पिता भरोसा भुईयां | 1069 | 1070 | 1062 | रास्ता |
| 45 | 125 | 1138 | रैयती | टाड़ दो | 0.075 | लंगडू यादव, पिता-रोवन यादव | 242 | रास्ता | रास्ता | 243 |
| कुल :- | | | | | 1.935 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू-अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0-08ढ0/भू0अ0नि0(अधिनियम)-129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 328015 District(24-25)#D



प्रपत्र VI 'क'

समाहरणालय, गढ़वा

(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा)

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 472/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 18.06.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-गासेदाग, थाना नं0-105, थाना-रंका, अंचल-रंका, जिला-गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना रंका-रमकण्डा पथ (कुल लम्बाई 20.925 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-गासेदाग, थाना नं0-105, थाना-रंका, अंचल-रंका, जिला-गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश- **3.629** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 208 | 307 | रैयती | टाड़ दो | 0.16 | लालु भुइया पिता-भरोसा भुइया | 307 | 306 | रास्ता | 2588 |
| 2 | 208 | 306 | रैयती | टाड़ दो | 0.08 | लालु भुइया पिता-भरोसा भुइया | 307 | 305 | रास्ता | 308 |
| 3 | 208 | 305 | रैयती | टाड़ दो | 0.10 | लालु भुइया पिता-भरोसा भुइया | 306 | 304 | रास्ता | 308 |
| 4 | 125 | 303 | रैयती | टाड़ दो | 0.72 | बोधा महतो पिता-रूद्र महतो | 304 | 300 | रास्ता | 302 |
| 5 | 29 | 295 | रैयती | टाड़ दो | 0.53 | चन्द्रिका दूबे वगैरह पिता अमृत दुबे | 297 | रास्ता | रास्ता | 294 |
| 6 | 229 | 285 | रैयती | टाड़ दो | 0.025 | सुखदेव दुबे वगैरह | रास्ता | 283 | रास्ता | 283 |
| 7 | 229 | 283 | रैयती | टाड़ दो | 0.073 | सुखदेव दुबे वगैरह | 285 | रास्ता | रास्ता | 276 |
| 8 | 183 | 282 | रैयती | टाड़ दो | 0.005 | रामवासी लोहारीन पिता-भरोसा लोहारीन वगैरह | रास्ता | 275 | रास्ता | 275 |
| 9 | 29 | 272 | रैयती | टाड़ दो | 0.045 | चन्द्रीका दुबे वगैरह पिता-अमृत दुबे | 275 | 270 | रास्ता | 273 |
| 10 | 28 | 270 | रैयती | टाड़ दो | 0.039 | चन्द्रीका दुबे वगैरह पिता-अमृत दुबे | 272 | 264 | रास्ता | 271 |
| 11 | 30 | 247 | रैयती | टाड़ दो | 0.042 | भिखारी सिंह वो बाल केश्वर सिंह पिता- रामजीवर सिंह | रास्ता | 246 | रास्ता | रास्ता |
| 12 | 35 | 244 | रैयती | टाड़ दो | 0.097 | जगपति सिंह वगैरह पिता रामा सिंह | 247 | 243 | रास्ता | 242 |
| 13 | 16 | 238 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.044 | कोदु सिंह वगैरह पिता-लक्ष्मण सिंह | 243 | 237 | रास्ता | 239 |
| 14 | 16 | 237 | रैयती | टाड़ दो | 0.010 | कोदु सिंह वगैरह पिता-लक्ष्मण सिंह | 238 | 236 | रास्ता | 239 |
| 15 | 16 | 236 | रैयती | टाड़ दो | 0.057 | कोदु सिंह वगैरह पिता-लक्ष्मण सिंह | 237 | 235 | रास्ता | 235 |
| 16 | 145 | 223 | रैयती | टाड़ दो | 0.071 | रघुनाथ सिंह पिता- भरोसा राउत | 224 | रास्ता | रास्ता | 225 |
| 17 | 126 | 226 | रैयती | टाड़ दो | 0.043 | बंगाली देवी पिता राम भजन सिंह | 225 | रास्ता | 225 | 227 |
| 18 | 126 | 227 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.032 | बंगाली देवी पिता राम भजन सिंह | 231 | रास्ता | 226 | 228 |
| 19 | 126 | 228 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.051 | सुखदेव दुबे वगैरह पिता अमुत सिंह | 231 | रास्ता | 227 | 229 |
| 20 | 229 | 25 | रैयती | टाड़ दो | 0.060 | सुखदेव दुबे वगैरह पिता अमुत सिंह | रास्ता | 26 | 26 | रास्ता |
| 21 | 229 | 26 | रैयती | टाड़ दो | 0.181 | तुलसी साव पिता रामदेव साव | रास्ता | 27 | 27 | रास्ता |
| 22 | 56 | 50 | रैयती | टाड़ दो | 0.028 | रघुनाथ साव वगैरह पिता- बासदेव साव | 2577 | 51 | 48 | रास्ता |
| 23 | 144 | 51 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | कोदु सिंह वगैरह पिता-लक्ष्मण सिंह | 50 | 52 | 48 | रास्ता |
| 24 | 16 | 85 | रैयती | टाड़ दो | 0.042 | कोदु सिंह वगैरह पिता-लक्ष्मण सिंह | 84 | 87 | 90 | रास्ता |
| 25 | 16 | 87 | रैयती | टाड़ दो | 0.008 | रघुनाथ सिंह पिता- भरोसा राउत | 85 | 88 | 86 | रास्ता |
| 26 | 16 | 88 | रैयती | टाड़ दो | 0.055 | रघुनाथ सिंह पिता- भरोसा राउत | 87 | 89 | 89 | रास्ता |
| 27 | 207 | 91 | रैयती | टाड़ दो | 0.036 | बंगाली देवी पिता राम भजन सिंह | 89 | रास्ता | 80 | रास्ता |
| 28 | 145 | 220 | रैयती | टाड़ दो | 0.047 | कोदु सिंह वगैरह पिता-लक्ष्मण सिंह | रास्ता | 219 | 221 | 215 |
| 29 | 145 | 215 | रैयती | टाड़ दो | 0.022 | कमला तिवारी पिता राम सागर तिवारी | रास्ता | 219 | 219 | 214 |
| 30 | 126 | 214 | रैयती | टाड़ दो | 0.079 | बीजु राम पिता वनवासी राम | रास्ता | 213 | 217 | नदी |
| 31 | 16 | 600 | रैयती | टाड़ दो | 0.066 | बंगाली देवी पिता राम भजन सिंह | 598 | रास्ता | रास्ता | 607 |
| 32 | 11 | 2547 | रैयती | टाड़ दो | 0.047 | बंगाली देवी पिता राम भजन सिंह | रास्ता | 632 | रास्ता | 613 |
| 33 | 104 | 633 | रैयती | टाड़ दो | 0.002 | बंगाली देवी पिता राम भजन सिंह | 632 | रास्ता | रास्ता | 632 |
| 34 | 126 | 641 | रैयती | टाड़ दो | 0.025 | बंगाली देवी पिता राम भजन सिंह | 634 | 642 | रास्ता | 639 |
| 35 | 126 | 642 | रैयती | टाड़ दो | 0.105 | बंगाली देवी पिता राम भजन सिंह | 641 | 653 | रास्ता | 644 |
| 36 | 126 | 667 | रैयती | टाड़ दो | 0.013 | बंगाली देवी पिता राम भजन सिंह | 666 | रास्ता | 668 | 667 |
| 37 | 166 | 1354 | रैयती | धान दो | 0.089 | रामचन्द्र तिवारी पिता जगमोहन तिवारी वगैरह | 1348 | रास्ता | 1353 | 1355 |
| 38 | 137 | 1382 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.057 | महादेव कोरवा पिता दाहन कोरवा | रास्ता | 1383 | रास्ता | 1381 |
| 39 | 166 | 1383 | रैयती | टाड़ दो | 0.018 | रामचन्द्र तिवारी पिता जगमोहन तिवारी वगैरह | 1382 | 1383 | रास्ता | 1384 |
| 40 | 104 | 767 | रैयती | टाड़ दो | 0.036 | बीजु राम पिता वनवासी राम | 767 | 766 | 768 | रास्ता |
| 41 | 09 | 752 | रैयती | टाड़ दो | 0.020 | एतवरीया देवी पिता करीमन भुइया | 766 | 2573 | 765 | रास्ता |
| 42 | 09 | 2573 | रैयती | टाड़ दो | 0.011 | एतवरीया देवी पिता करीमन भुइया | 752 | 750 | 752 | रास्ता |
| 43 | 185 | 750 | रैयती | टाड़ दो | 0.026 | रामपृत दुसाध वगैरह पिता-विफन दुसाध | रास्ता | 749 | 752 | रास्ता |
| 44 | 104 | 725 | रैयती | टाड़ दो | 0.016 | बीजु राम पिता वनवासी राम | 746 | 724 | 726 | रास्ता |
| 45 | 104 | 678 | रैयती | टाड़ दो | 0.027 | बीजु राम पिता वनवासी राम | 679 | 677 | 677 | रास्ता |
| 46 | 104 | 677 | रैयती | टाड़ दो | 0.030 | बीजु राम पिता वनवासी राम | 678 | 670 | 689 | रास्ता |
| 47 | 143 | 670 | रैयती | टाड़ दो | 0.042 | मोहरी राउततिन पिता वरकी राउत | 677 | रास्ता | 671 | रास्ता |
| 48 | 126 | 1330 | रैयती | टाड़ दो | 0.006 | बंगाली देवी पिता राम भजन सिंह | रास्ता | 1333 | 1325 | 1331 |
| 49 | 16 | 1331 | रैयती | टाड़ दो | 0.030 | कोदु सिंह वगैरह पिता-लक्ष्मण सिंह | रास्ता | 1348 | रास्ता | 1331 |
| 50 | 166 | 1351 | रैयती | धान दो | 0.064 | रामचन्द्र तिवारी पिता जगमोहन तिवारी वगैरह | 1350 | रास्ता | 1352 | रास्ता |
| 51 | 137 | 1352 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.092 | महादेव कोरवा पिता दाहन कोरवा | 1311 | रास्ता | 2569 | रास्ता |
| 52 | 166 | 2569 | रैयती | टाड़ दो नई परती | 0.017 | रामचरितर तिवारी वगैरह | 1311 | रास्ता | 1311 | रास्ता |
| कुल :- | | | | | 3.629 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू-अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0-08ढ0/ भू0अ0नि0 (अधिनियम)-129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 328016 District(24-25).D

# पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत मिलने की खुशी में झामुमो ने मनाया जश्न



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जमीन घोटाले के मामले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा जमानत दे दी। इधर जमानत मिलने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला अध्यक्ष अनिल कण्डुलना एवं जिला सचिव शफीक खान के नेतृत्व में सिमडेगा कचहरी के पास झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं जाम कर आतिशबाजी करते हुए मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री जन जन के नेता हैं और उनके मार्गदर्शन में और उनके नेतृत्व में झारखंड लगातार आगे बढ़ रहा था लेकिन साजिश के तहत केंद्र में बैठी मोदी सरकार के द्वारा जमीन घोटाले का झूठा आरोप लगाकर ईडी के माध्यम से उन्हें गिरफ्तार करते हुए जेल में डालने का काम किया जिसे पूरी झारखंड की जनता जानती है। हालांकि झारखंड की जनता को न्यायालय पर पूरा विश्वास था और उसी का परिणाम है कि उच्च न्यायालय के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत दे दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की तमाम साजिश से पूरी तरह से फेल हो गई है । न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य है इससे कानून पर लोगों का और भी विश्वास बढ़ेगा। जिला सचिव ने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री का जेल से बाहर आना कार्यकताओं के अंदर दुगनी खुशी का माहौल है। जिस प्रकार ईडी और सीबीआई का गलत प्रयोग करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री को फसाने का काम किया था वह अब बेनकाब हो चुकी है और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाहर हैं।मौके पर जिला उपाध्यक्ष ओस्कर डांग, कोषाध्यक्ष नोवस केरकेट्टा, संगठन सचिव कल्याण मिंज, विपिन कुल्लू, सह सचिव सिकंदर बरवा,केन्द्रीय सदस्य फिरोज अली, राकेश लकड़ा, रेश्मा कुल्लू, जलडेगा जिला परिषद शांति रोजालिया कंडुलना, पुनित तिर्की, जफर खान सभी प्रखण्ड के अध्यक्ष एवं सचिव, जिला के सभी 20 सूत्री सदस्य उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी ने 11 सूत्री मांगों को ले प्रखंड कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

आजसू जिला उपाध्यक्ष अनिल मेहर के नेतृत्व में आजसू पार्टी का 11 सूत्री मांगों को लेकर सिमडेगा प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया।उक्त ज्ञापन में जमीन संबंधी दाखिल-खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अविलंब निष्पादन किया जाए तथा पंजी-2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का जल्द से जल्द उचित एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए। वर्तमान में अबुआ आवास हेतु चयन में पारदर्शिता लायी जाए तथा जरूरतमंद एवं निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ मिलें। छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र बनवाने में शीघ्रता लाई जाए ताकि गरीब एवं निर्धन परिवार के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं छात्रवृति से वंचित न हो। सभी किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किया जाए ताकि खेती पर निर्भर रहने वाले किसानों को समुचित लाभ हो सके। प्रखण्ड में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। अतः भीषण गर्मी को देखते हुए प्रखण्ड में 24 घण्टे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रखण्ड/अंचल कार्यालय में पदस्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए ताकि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामवासियों का कार्य सरलतापूर्वक हो सके। सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता दी जाए। सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्बाध रूप में किया जाए।

## न्यूज | बॉक्स

### ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए श्रद्धानंद समाधान का दिया आश्वासन



**कुरडेग।** प्रखंड चाड़रीमुंडा ग्राम रेंगारबहार के ग्रामीणों के सुचना पर शुक्रवार को भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा एवं कुरडेग उप प्रमुख अजय जयसवाल पहुंचे एवं ग्रामीणों की समस्यायों से रूबरू हुए।ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या के संबंध में बताया कि विगत 3 वर्ष पूर्व चापाकल के लिए गड्ढे की खुदाई की गई थी, लेकिन तीन वर्ष उपरांत आज तक उसे पुर्ण नहीं किया गया है। जिसके कारण पेयजल की समस्या हो रही है।विद्युत के संबंध में कहा कि विगत दो महीने से गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं।उपरोक्त संबंध में श्री बेसरा ने गांव के लोगों को आश्वस्त कि पेयजल और विद्युत ट्रांसफार्मर खराब संबंधित समस्या को संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी दिया जाएगा और उचित जांच पड़ताल करके जल्द समाधान करने का आग्रह किया जाएगा।मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि जब से झारखंड में गठबंधन सरकार सत्तासीन हुई है। झारखंड का विकास रुक गया है।केंद्र सरकार नल जल योजना के लिए भरपूर पैसा राज्य सरकार को दे रही है पर योजना धरातल पर पूरी तरह फेल है ।भ्रष्टाचार चरम पर है गांवों में आज भी लोग सड़क ,बिजली ,पानी स्वास्थ्य जैसे बुनियादी सुविधाओं से मरहूम हैं।मौके पर गांव के महिला पुरुष उपस्थित थे।

### सिमडेगा डाक बंगला में जिला मुखिया संघ की बैठक का हुआ आयोजन



**सिमडेगा ।** जिला मुखिया संघ के द्वारा सिमडेगा डाक बंगला में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। कोचेडेगा मुखिया शिशिर टोप्पो ने कहा कि पंचायत के जनप्रतिनिधि ही जन-जन तक सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पहुंचाने का माध?यम है।पंचायत जनप्रतिनिधि के बिना कोई भी योजना गांव के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच सकती है। मौके पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष और सभी मुखिया के प्रति आभार प्रकट करते हुए सम्मानित किया बोलबा प्रखंड के कादोपानी मुखिया शशिकला तिर्की ने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं पहुंचाने का मुख्य केंद्र बिंदु पंचायत है और पंचायत के मुख्य व्यक्ति पंचायत सभी जनप्रतिनिधि हैं।कार्यक्रम में उपस्थित संघ के उपाध?यक्ष गंगाधर लोहारा ने कहा कि मुखिया संघ के माध्यम से सरकार से मांग करेंगे के हमे भी मानदेय संतोषजन मिले एवं दूसरा राज्य अपेक्षा झारखंड में भी मिले।कार्यक्रम में संबोधित करते हुए शिशिर टोप्पो ने कहा की हम सभी मुखियागण सभी कार्य को पंचायत में संचालित करने का प्रयास करते हुए पंचायत विकास करे मौके पर उर्मिला कुजूर, अनजान खलखो ,ज्योति प्रकाश कुल्लू , दुर्गा मुंडा,अंजना ,युधिका किड़ो ,रजनी कुजूर ,जागेश्वर प्रधान ,अंजना एक्का शुशीला डांग ,कल्पना देवी रेणुका , बसंती डुंग डुंग ,बिनीता कुल्लू ,हीरामुनी देवी ,अनिल उरांव, बलदेव खीस्तधानी,निराली रेखा बरवा सुरजन बड़ाईक,सुनीता,उपस्थित थे।

### महिलाओं के प्रति संवेदनशील हो समाज : एलिना होरो



**सिमडेगा।** आदिवासी वुमेन्स नेटवर्क विमेंस एंड जेंडर रिसोर्स सेंटर रांची के तत्वावधान में सामटोली स्थित समाज विकास केन्द्र में महिलाओं के वर्तमान परिस्थिति पर दो दिवसीय परिचर्चा का समापन शुक्रवार को हुआ, जिसमें कोलेबिरा, जलडेगा, बांसजोर, ठेठईटांगर, बोलबा, केरसाई, पाकरडांड़, कुरडेग और सिमडेगा प्रखंड के सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं के वर्तमान परिस्थिति पर प्रकाश डालते हुए संगठन के स्टेट कोर्डिनेटर एलिना होरो ने कहा कि वर्तमान में महिला हिंसा विकराल रूप धारण कर लिया है आए दिन महिला हिंसा संबंधी कई घटनाएं हुई जो रुह कांपने जैसी स्थिति थी, आए दिन सिमडेगा में भी दुष्कर्म जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अब समाज को भी महिलाओं के प्रति संवेदनशील होना होगा जिससे महिलाओं को घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न जैसी घटनाओं को खत्म किया जा सके। कार्यक्रम को ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने भी संबोधित करते हुए कहा कि समाज में सभी लोगों को सम्मान के साथ जीने अधिकार है अतः समाज के सभी गतिविधियों में महिलाओं को भी बराबरी का स्थान देना अनिवार्य है।

## कुरडेग के खलीजोर में दो बाइक की टक्कर में चार घायल



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के खालीजोर चुड़ा मिल के समीप शुक्रवार को दो बाइक के टक्कर में चार युवक घायल हो गये, जिन्हे जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा एवं थाना प्रभारी बिनायक कुमार पाण्डेय ने ग्रामीणो के सहयोग से ऑटो द्वारा ईलाज के लिए कुरडेग अस्पताल भेजा।घायलो की पहचान गुडडू साय, कुमुद तांती सुन्दरगढ़ निवासी है। वही दूसरे बाइक चालक की पहचान सुरेन्द्र साय अगुस्टीन तिर्की तलसारा निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गुड्डू साय एवं कुमुद तांती रिश्तेदार के घर कुरडेग लबडेरा आए थे, वही सुरेन्द्र साय एवं अगुस्टीन तिर्की शादी समारोह में भाग लेने कुरडेग चिंगझरिया आ रहे थे। खालीजोर चुड़ा मिल के समीप दोनो बाइक चालक अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गये, जिसमें गुड्डू साय एवं सुरेन्द्र को गंभीर चोट लगी है ।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**बानो।** बानो प्रखंड के महाबुआंग पुलिस ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार की है पीड़िता कहीं जा रही थी इसी क्रम में गाटीबांदु निवासी बुदु तोपनो भदरू कंडुलना ने नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर गांव से कुछ दुर जंगल ले गये तथा दुष्कर्म किया घटना की जानकारी पीड़िता ने परिवार वालों को दिया परिजनों ने घटना की जानकारी थाना को दिया। थाना में मामला दर्ज करते हुए. पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया।

## डीसी आमजनों की समस्याओं से हुई अवगत, समाधान का दिया निर्देश



**कोडरमा।** डीसी मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को डीसी के सामने रखा। डीसी ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में गैर मजरूआ जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, मारपीट और गली- गलौज करने, जलापूर्ति योजना में गड़बड़ी करने,केटीपीएस डीवीसी बांझेडीह द्वारा निकाली गई भर्ती के संबंध में, राशनकार्ड बनवाने, अवैध जमाबंदी रद्द करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने केबाद डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## निबंधन कराने को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा।** श्रम अधीक्षक कार्यालय में जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधीनस्थ संवेदकों को बीओसीडब्लू एस्टीबलिसमेंट एक्ट 1996 के तहत निबंधन कराने को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता श्रम अधीक्षक ने की। कार्यशाला में श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने संवेदकों को प्रत्येक कायार्देश के विरूद्ध ठेका मजदूर विनियमन एवं उन्मूलन अधिनियम 1970 के अधीन और बीओसीडब्लू एस्टीबलिसमेंट एक्ट 1996 में प्रतिष्ठान का निबंधन कराने का निर्देश दिया। साथ ही श्रम प्रर्वतन पदाधिकारी देव कुमार मिश्र ने प्रतिष्ठान में कार्यरत निर्माण श्रमिकों को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड अंतर्गत निबंधन की जानकारी दी। जबकि संवेदकों को बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया।

## बाइक से गिरकर महिला घायल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत गरहाई में शुक्रवार को बाइक पर पीछे बैठी महिला गिरकर घायल हो गई। घायल की पहचान ललिता देवी, उम्र लगभग 30 वर्ष, पति- मुकेश यादव, ग्राम खरकोटा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार खरकोटा से हिरोडीह जाने के दसैरान गरहाई के पास बाइक पर बैठी महिला अचानक नीचे गिर गई। इसके बाद आनन- फानन में सदर हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा इलाज चल रहा है।


## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

पत्रांक 701/न0प0, दिनांक 27.06.2024

### CANCELLATION OF TENDER

इस कार्यालय के पत्रांक–602/न0प0, दिनांक–18.06.2024 के द्वारा अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2024–25 के द्वारा नगर परिषद्, चतरा अन्तर्गत रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से निविदा निकाली गई थी, जिसका PR. No.- 326789 Urban Development (24-25)D है।

उक्त आंमत्रित निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 328006 (Urban Development) 24-25 (D)

## Office of the Executive Engineer Road Construction Department, Road Division,Garhwa.

### e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding
(Very Short Term Tender)

Re_e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/818/2023-24 (2nd Call) Date:- 27.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Widening, Strengthening & Reconstruction work of NH-75 to Manjhiaon PWD Road via Viktam Daleli Road (Total Length 9.084 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 30,50,65,501.00 (Rupees Thirty crore Fifty Lac Sixty Five thousand Five hundred One) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 30,51,000.00 (Rupees Thirty Lac Fifty One thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 10 (Ten) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 16-07-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 05-07-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
*Further details can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 327963 (Road) 24-25 (D)

## Govt. of Jharkhand URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT GARHWA NAGAR PARISHAD

### E-Procurement Notice
E-Tender Reference No. : GNP-01/2024-25

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Development of Green Space and Park, Ward No-19, Tandwa, Garhwa, Palamu Division (C-1) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 73,71,160.00 (Seventy Three Lakh Seventy One Thousand One Hundred Sixty Rupees) Only |
| 3. | Tender Fee | Rs. 10000.00 (Ten Thousand Only) (Online Mode) |
| 4. | Earnest Money (Rs.) | 147425.00 (One Lakh Forty Seven Thousand Four Hundred Twenty Five Rupees ) (Online Mode) |
| 5. | Time of Completion | 6 Months |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 01.07.2024 up to 11:00 AM |
| 7. | Last Date/Time for receipt of E-Tender on Website | 15.07.2024 up to 5:00 PM |
| 8. | Date of Opening E-Tender | 17.07.2024, Time: 11:00 AM |
| 9. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa-822114 |
| 10. | Contact No of E-Procurement officer | 9431141644, 8409053313 |
| 11. | Helpline Number of E-Procurement cell | 8409053313 |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. संवेदक द्वारा 10% से कम दर देने पर एकरारनामा के समय अतिरिक्ति जमानत की राशि देनी होगी
(i) 10% से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
(iii) पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के सभी प्रावधान लागू रहेंगे।

Sd/-
Executive Officer
Nagar Parishad Garhwa

PR.NO.327981 Urban Development (24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### शुद्धि-पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/O&M/Medininagar-01/2024-25 (1st Call) (O&M of Urban WSS) जो (PR No. 325689)*24-25 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 14.06.2024 / 04.00 P.M. | 29.06.2024 / 04.00 P.M. |
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.06.2024 / 5.00 P.M. | 06.07.2024 / 5.00 P.M. |
| सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.06.2024 / 5.00 P.M. | 06.07.2024 / 5.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.06.2024 / 05.00 P.M. | 08.07.2024 / 04.00 P.M. |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 328111 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

### मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर
अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड

एतद् द्वारा चतरा जिला के स्थानीय मत्स्य कृषकों/मछुआरों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय राज्यादेश सं0 04, दिनांक 30.05.2024 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार योजना अन्तर्गत "फीड बेस्ड फिशरीज" योजना (आहार आधारित मछली पालन) से तालाब में मछली उत्पादन में बढ़ोत्तरी के लिए मत्स्य कृषकों को प्रति किलोग्राम 50 प्रतिशत अधिकतम अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड(मछली का आहार) उपलब्ध कराया जाएगा।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | अनुदान हेतु प्रति लाभुक अधिकतम फीड के क्रय की मात्रा | प्रति कि0ग्रा0 अनुदान की राशि | अधिकतम अनुदान की राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2 mm. अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | 700 कि0ग्रा0 | 25/– प्रति कि0ग्रा0 | 17500/– | लाभुक द्वारा खुले बाजार से क्रय कर GST बिल कार्यालय की उपलब्ध कराया जायेगा। अनुदान की राशि लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी। |
| 2 | 2mm से बडे 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | 1200 कि0ग्रा0 | 25/– प्रति कि0ग्रा0 | 30,000/– | विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को फीड के रूप में ही दिया जाएगा। |
| 3 | 2mm से बडे 4mm से छोटे साईज | 1200 कि0ग्रा0 | 25/– प्रति कि0ग्रा0 | 30,000/– | कंडिका 1 एवं 2 के अतिरिक्त केज मत्स्य पालकों को दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिये फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड(खुले बाजार से) क्रय पर 50% अथवा अधिकतम 25/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से अनुदान देय होगा। |

(नोट : 1. खुले बाजार को फैक्ट्री उत्पादित फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड का क्रय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत विक्रेता से किया जा सकता है, परन्तु अधिकृत विक्रेता जिनसे फैक्ट्री उत्पादित फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड का क्रय किया जा रहा है, के पास GST In No. होना अनिवार्य है।
2. यह योजना पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर संचालित है। आवेदन पत्र दिनांक : 15.07.2024 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

PR 328055 (Fish) 24-25 (D)

## कार्यालयःजिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा (आवेदन–पत्र आमंत्रण सूचना)

वित्तीय वर्ष 2024–25 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश सं0 04 रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के द्वारा प्राप्त लक्ष्य के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत विभिन्न योजनाओं हेतु प्राप्त लक्ष्य के आलोक में सुयोग्य आवेदकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है, जो निम्न है :–

| क्र0 स0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (संख्या/लाख में) | ईकाई लागत (रू0) में | अनुदान की राशि प्रति ईकाई (रू0) में | लाभुक का अंशदान (रू0) में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों एवं उनके सदस्यों के लिए नाव | 09 | 33000.00 | 30000.00 | 3000.00 | 1. यह योजना केवल जलाशय स्तरीय म0जी0 स0स0/सदस्यों को दी जायेगी। 2. आवेदन के साथ समिति के कार्यकारिणी बैठक की छायाप्रति लगाना होगा एवं आवेदन पर समिति के सचिव का अनुशंसा अनिवार्य है। 3. लाभुक चयन हेतु विभाग स्वंतत्र रहेगा तथा विभाग द्वारा लिये निणर्य को किसी भी न्यायलय में चुनौती नहीं दी जायेगी। |
| 2 | जलाशय मत्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों/विस्थापितों/कोविड–19 के प्रवासी मजदूरों को जलाशय में शिकारमाही हेतु गिल नेट | 17 | 2950.00 | 2655.00 | 295.00 | 1. एक लाभुक को अधिकतम 05 कि0ग्रा0 गिल नेट का लाभ दिया जा सकता है। 2. लाभुक को अपना अंशदान लगाने की लिखित सहमति एवं विगत 02 वर्षो का मछली शिकारमाही का आकड़ा लिखित रूप से आवेदन के साथ लिया जायेगा। |
| 3 | पुराने रिवराईन फिश फार्मिग | 10 | 25000 | 25000 | - | – |
| 4 | वर्ष 2022–23 तक पुराने केजों/विभागीय अनुदान से अधिश्ठापित RFF/बॉयोफ्लॉक तालाब/बायॉफ्लॉक टैंक में पंगेषियस/Gift तेलापिया/ अन्य उपयुक्त बीज का संचयन | 14 | 1.50 | 1.50 | - | |
| 5 | नये रिवराईन फिश फार्मिग /ओपन एरिया फार्मिग | 5 | 86,000.00 | 86,000.00 | - | नये आर0एफ0एफ0 के लिए प्रति 40 X 05 मी0 के नेट के साथ इनपुट व्यय सहित इकाई लागत मो0 86,000.00 रू0 है। |
| 6 | तलाबों के मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु मत्स्य अंगुलिका के क्रय में सहायता | 750 | अधिकतम 1875/– रू0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र | - | - | स्थानीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिका के क्रय में 50 प्रतिशत सहायता अर्थात् अधिकतम 1875/– रू0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र (लगभग 5000 बीज प्रति एकड़) हेतु अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल से फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा। |

नोट :–
1. उपरोक्त योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक : 15.07.2024 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है। आवेदन कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।
2. क्र0सं0 03 एवं 05 में अंकित योजनाओं के लिए लाभुक को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में Escrow Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।
3. अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को अपना अंशदान Escrow Account में एक माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को योजना का लाभ प्राप्त करने की अर्हत्ता प्राप्त होगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

PR 328061 Fish(24-25)#D







**1936** के बाद जून महीने में 24 घंटे में हुई सबसे ज्यादा बारिश है।

**15** साल में कभी पूरे जून महीने में भी कुल 200 मिमी बारिश नहीं हुई है।



# दिल्ली में बारिश ने तोड़ा 88 साल का रिकॉर्ड

# पूरा एनसीआर पानी-पानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार देर रात से हो रही बारिश के चलते कई जगहों पर जलभराव हो गया है जिसके कारण लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह 8.30 बजे से शुक्रवार सुबह 8.30 बजे तक दिल्ली में 228 मिमी बारिश हुई है। यह 1936 के बाद जून महीने में 24 घंटे में हुई सबसे ज्यादा बारिश है। उस साल 28 जून को 235.5 मिमी बारिश हुई थी। दिल्ली में जून के पूरे महीने में औसतन 80.6 मिमी बारिश होती है। पिछले 24 घंटे में ही उससे लगभग तीन गुना बारिश होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। सुबह ऑफिस और काम पर जाने वालों को जाम और जलजमाव से जूझना पड़ा थी। हालांकि लोगों को दो महीने से जारी भीषण गर्मी से जरूर राहत मिली है। शुक्रवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.2 डिग्री कम है। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले 15 साल में कभी पूरे जून महीने में भी कुल 200 मिमी बारिश नहीं हुई है। मानसून की पहली बारिश ने ही दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा था कि इस बार दिल्ली वाले मानसून को पूरी तरीके से एंजॉय करेंगे। ड्रेनेज की सफाई का काम पूरा हो चुका है, लेकिन मानसून की पहली बारिश में ही जगह-जगह हुए जलभराव से उनके दावों की पोल खुल गई है।



### एमसीडी मेयर का दावा

### न तो दिल्ली की सड़कों पर पानी जमा होगा और न ही उसकी निकासी की कोई समस्या होगी

आईटीओ पर करीब दो-तीन फीट पानी भर गया है जिससे वहां जाम लग गया। मंडी हाउस जाने वाले हनुमान मंदिर चौराहे पर तीन फीट पानी भरा हुआ है जिसके बाद सड़क बंद कर दी गई है। इससे अशोक रोड, फिरोजशाह रोड और कनॉट प्लेस जाने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है। कुछ ऐसा ही हाल दिल्ली के मूलचंद और अन्य इलाकों का भी है। बीते 18 जून को शैली ओबेरॉय ने कहा था कि मानसून आने से पहले अपनी तैयारी को पूरा करने में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और उसके अधिकारी जुटे हुए हैं। एमसीडी मेयर का दावा था कि इस बार न तो दिल्ली की सड़कों पर पानी जमा होगा और न ही उसकी निकासी की कोई समस्या आयेगी। उत्तर प्रदेश के शो विंडो नोएडा में भी हाल बेहाल है। गुरुवार को एक दिन पहले ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ अपने अधिकारियों के साथ जायजा लेने बाहर निकले थे और गुरुवार देर रात से हो रही बारिश के चलते कई इलाकों में जलभराव की समस्या देखने को मिल रही है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि जो दावे और वादे किए गए थे वह सब हवा-हवाई थे और उसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा। नोएडा के महामाया फ्लाईओवर सेक्टर-62, सेक्टर-15 समेत कई इलाकों में लोगों को काफी ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### हेमंत की जमानत पर ममता ने जताई खुशी कहा - स्वागत है

**कोलकाता।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तारी के बाद जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। ममता बनर्जी ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने शुक्रवार को माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर लिखा है, झारखंड के महत्वपूर्ण आदिवासी नेता और तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक मामले के चलते इस्तीफा देना पड़ा था। लेकिन आज उन्हें माननीय उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है। बनर्जी ने आगे लिखा, मैं इससे बहुत खुश हूं और मुझे यकीन है कि वह तुरंत अपनी सार्वजनिक गतिविधियां शुरू कर देंगे। हेमंत, हमारे बीच आपका फिर से स्वागत है।

### बिहार के जमुई में मां-बेटे की हत्या, महिला का पति हिरासत में

**जमुई।** बिहार के जमुई जिले के चकाई थाना क्षेत्र में एक महिला और उसके छह साल के बेटे की सोते समय हत्या कर दी गई। पुलिस मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि पारंची गांव में गुरुवार देर रात एक महिला और उसके छह वर्षीय बेटे की हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान गांव के ही महेश दास की पत्नी सुनीता देवी (30) और बेटा ऋतिक के रूप में हुई है। बताया जाता है कि परिवार के अन्य सदस्य घर की छत पर सोए थे, जबकि महेश दास अपनी पत्नी और पुत्र के साथ घर के एक कमरे में सोया था। परिजनों के मुताबिक, करीब 2.30 बजे रात को महेश दास शोर मचाने लगा कि किसी ने उसकी पत्नी और बच्चे की हत्या कर दी है। प्रथम दृष्ट्या गला दबाकर और चाकू से वार कर हत्या का मामला लग रहा है।

## कर्नाटक में सड़क हादसा, दो बच्चों समेत 13 तीर्थयात्रियों की मौत

**हावेरी।** कर्नाटक के हावेरी जिले में आज सुबह हुए सड़क हादसे में दो बच्चों समेत 13 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। यह हादसा पुणे-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। स्थानीय पुलिस का कहना है कि ऐसा लगता है कि हादसाग्रस्त बस के चालक को नींद आ गई थी। पुलिस के अनुसार, ब्यादगी तालुक में गुंडेनहल्ली क्रॉसिंग में तड़के तीर्थयात्रियों को गंतव्य मार्ग पर ले जा रही मिनी बस के खड़े ट्रक से टकरा गई। सभी पीड़ित शिवमोगा के हैं। सभी देवी यल्लम्मा के दर्शन के बाद बेलगावी जिले के सवादट्टी से लौट रहे थे। हादसे में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## सेंगोल मुद्दे पर मायावती बोलीं, सपा के सभी हथकण्डों से रहें सावधान

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सेंगोल मामले में सपा पर हमला बोला है। उन्होंने सपा पार्टी के सभी हथकण्डों से जरूर सावधान रहने की सलाह दी हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया की साइड 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि सेंगोल को संसद में लगाना या नहीं, इस पर बोलने के साथ-साथ सपा के लिए यह बेहतर होता कि यह पार्टी देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों के हितों में तथा आम जनहित के मुद्दों को भी लेकर केन्द्र सरकार को घेरती। उन्होंने कहा कि जबकि सच्चाई यह है कि यह पार्टी अधिकांश ऐसे मुद्दों पर चुप ही रहती है और सरकार में आकर कमजोर वर्गों के विरूद्ध फैसले भी लेती है। इनके महापुरूषों की भी उपेक्षा करती है। इस पार्टी के सभी हथकण्डों से जरूर सावधान रहें।

## आज का राशिफल

**मेष** — खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनेंगे।

**वृषभ** — प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

**मिथुन** — कुछ कार्य भी सिद्धि होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कर्क** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह** — शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या** — सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला** — शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृश्चिक** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु** — नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मकर** — सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

**कुम्भ** — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन** — यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

### नरसिम्हा रेड्डी आयोग पर रोक लगाने की केसीआर की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की रिट याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। याचिका में जस्टिस एल नरसिम्हा रेड्डी आयोग द्वारा बीआरएस सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ के साथ किए गए बिजली खरीद समझौते और भद्राद्री तथा यदाद्री थर्मल पावर प्लांट के निर्माण की जांच पर रोक लगाने की मांग की गई है। चीफ जस्टिस आलोक अराधे और जस्टिस अनिल कुमार जुकांति की डिवीजन बेंच ने महाधिवक्ता ए. सुदर्शन रेड्डी की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख ने हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग गठित करने के सरकारी आदेश को रद्द करने की मांग की है। कोर्ट ने गुरुवार को केसीआर के वकील की दलीलें सुनी थी और शुक्रवार को मामले में आगे सुनवाई शुरू हुई। महाधिवक्ता ने याचिकाकर्ता के वकील की इस दलील को खारिज कर दिया कि आयोग ने एकतरफा कार्रवाई की है।

## बिहार : दोनों सदनों में भाजपा का कद बढ़ने के बाद एनडीए हुआ और मजबूत



एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा और विधानमंडल में फिलहाल भाजपा के सदस्यों की संख्या सबसे ज्यादा है। विधानसभा में भाजपा के अब 78 विधायक हैं जबकि विधान परिषद में उनकी सदस्यों की संख्या 24 है। विधानसभा अध्यक्ष पद हो या विधान परिषद सभापति, दोनों पर भाजपा काबिज है। कहा जा रहा है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा अभी से ही रणनीति बनाने में जुट गई है। विधानसभा में नंदकिशोर यादव अध्यक्ष हैं तो विधान परिषद में अवधेश नारायण सिंह कार्यकारी सभापति हैं। विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर के लोकसभा जाने के बाद भाजपा के अवधेश नारायण सिंह कार्यकारी सभापति चुने गए। माना जा रहा है कि पिछले विधानसभा चुनाव और हाल में ही हुए लोकसभा चुनाव में शाहाबाद एवं मगध की हार के बाद विधान परिषद में राजपूत समुदाय के अवधेश नारायण सिंह को सभापति बनाकर पार्टी के रणनीतिकारों ने सवर्णों को एक संदेश देने की कोशिश की है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में विधानसभा के चार एवं विधान परिषद के एक सदस्य के विजयी होने के बाद दोनों सदनों का आंकड़ा बदल गया है। राजद के विधायक सुरेंद्र प्रसाद यादव, सुधाकर सिंह, सुदामा प्रसाद हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी और जदयू के देवेश चंद्र ठाकुर लोकसभा के लिए चुने गए हैं।

### जदयू की दिल्ली में अहम बैठक आज, कई बड़े फैसले लिए जाने की संभावना

**पटना।** एनडीए में शामिल महत्वपूर्ण घटक दल जनता दल यूनाइटेड की शनिवार को दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना से दिल्ली रवाना हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद होने वाली इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। माना जा रहा है कि इस बैठक में कई बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। जदयू के सूत्रों की मानें तो इस बैठक में अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी और उसे लेकर कुछ बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा की जाएगी। पिछले साल दिसंबर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद नीतीश कुमार ने कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए थे, जिसमें महागठबंधन से नाता तोड़ना और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के समर्थन से बिहार में सरकार बनाना शामिल है।

# दो हजार करोड़ रु से उत्तर प्रदेश में स्थापित होगा बायो प्लास्टिक पार्क

## मुख्यमंत्री योगी ने परियोजना को तेजी से पूरा करने के दिये निर्देश



एजेंसी

**लखनऊ।** बायो प्लास्टिक के निर्माण के जरिए पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में जुटी योगी सरकार प्रदेश में दो हजार करोड़ से बायो प्लास्टिक पार्क की स्थापना करने जा रही है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद के गोला गोकर्णनाथ तहसील के कुम्भी गांव में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी ने दिये हैं। इस पार्क को बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा बनाया जाएगा, जिससे यहां ने केवल बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई अन्य सहायक उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। पार्क के विकास के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण को नोडल बनाया जाएगा।

### पार्क में होंगे वैज्ञानिक अनुसंधान

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास से नए वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी उत्पन्न होंगे ही साथ ही ये पार्क वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधानों के माध्यम से प्लास्टिक निर्माण की क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि इस पार्क में प्लास्टिक से जुड़ी विभिन्न प्रौद्योगिकियों का विकास और अध्ययन भी किया जाएगा। पार्क में वैज्ञानिक अनुसंधान होंगे, जिससे प्लास्टिक के प्रभावी उपयोग और पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीकी उत्पाद विकसित किए जा सकेंगे।

### निर्मित किये जा सकेंगे कई प्रकार के औद्योगिक उत्पाद

बायो प्लास्टिक एक प्रकार का प्लास्टिक होता है जो प्राकृतिक सामग्रियों, जैसे कि मक्का, सूरजमुखी या शक्कर के कणों से बनाया जाता है। इसे प्राकृतिक प्लास्टिक भी कहा जाता है। यह तेजी से विघटित हो जाता है,जिससे इसका पर्यावरण में प्रदूषण प्रभाव कम होता है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देता है, बल्कि इसका उपयोग अलग-अलग उद्योगों में भी किया जा सकता है। जैसे कि पैकेजिंग, रेडिमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य औद्योगिक उत्पाद। इसके विकास और उपयोग से प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और पर्यावरणीय स्थिति में सुधार करने में यह बहुत ही ज्यादा सहायक साबित हो सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम विष्णुदेव साय ने श्री रामलला दर्शन अभियान समितियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा कर लौटे छत्तीसगढ़ के सभी रामसेवकों का गुरुवार देर शाम अपने निवास परिसर में स्वागत एवं अभिनंदन किया। साय ने सभी रामभक्त छह समितियों को शाल श्रीफल और श्री रामलला की धातु की मूर्ति भेंटकर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा कर लौटे प्रभु श्री रामलला दर्शन अभियान समिति के अंतर्गत सभी 6 समितियों के साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने सभी समितियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के विराजित होने के साथ ही रामभक्तों की 500 सालों की मनोकामना पूर्ण हुई है। यह हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है कि प्रभु श्रीराम का ननिहाल हमारा छत्तीसगढ़ है और हम भांचा के रूप में श्री राम को पूजते हैं। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के इन 6 समितियों के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि ये समितियां स्वमेव प्रेरित होकर अयोध्या पहुंची और पूरी सेवाभाव के साथ वहां दर्शन करने आ रहे लगभग चार लाख श्रद्धालुओं को पूरे 60 दिनों तक भोजन कराया। यह छत्तीसगढ़ के लिए भी गौरव की बात है।

### जिप सदस्य हत्याकांड मे तीन अज्ञात पर प्राथमिकी, पुलिस की छापेमारी जारी



**पूर्वी चंपारण।** जिला परिषद क्षेत्र संख्या 23 के जिप सदस्य सुरेश यादव की गोली मार हत्या मामले में गुरुवार को सुरेश के भाई विजय यादव ने नगर थाना में तीन अज्ञात लोगो के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही घटना को लेकर एसपी कांतेश कुमार मिश्र द्वारा गठित एसआइटी अपराधियो के विरूद्ध ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए सात से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बुधवार से गुरुवार देर रात तक जिले के सुगौली, रघुनाथपुर, हरसिद्धि, अरेराज, पिपराकोठी व बंजरिया थाना क्षेत्र के कई इलाके में छापेमारी की गयी। पुलिस का कहना है कि हत्या में शामिल शूटरों की पहचान हो गई है। चिन्हित शूटरों के घर पर भी छापेमारी की गयी है। पुलिस का दावा है कि अनुसंधान के दौरान ऐसा प्रमाणित हुआ है कि चिह्नित बदमाशों ने ही इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद मोबाइल व धनौती नदी के किनारे से बरामद बाइक मालिक को भी चिन्हित कर लिया है, जिसके आधार पर दो बदमाशों की पूरी तरह पहचान हुई है।

### हेमंत सोरेन को जमानत मिली है, कोर्ट ने उन्हें बरी नहीं किया : नीरज कुमार



**पटना।** जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी है। उनकी जमानत पर बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) का कहना है कि कोर्ट ने उन्हें जमानत दी है, बरी नहीं किया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने शुक्रवार को यहां कहा कि उनको जमानत मिली है, यह न्यायपालिका का फैसला है। हेमंत सोरेन के ऊपर जो आरोप हैं उससे कोर्ट ने उन्हें बरी नहीं किया है। आदिवासी समुदाय के लोग अपने जल-जीवन-जंगल की लड़ाई लड़ते हैं और उनके नेता माल बटोरने में लगे रहते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने कम से कम इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इन्हीं के गठबंधन के केजरीवाल शराब घोटाले में जेल में बंद हैं, लेकिन अब तक इस्तीफा नहीं दिया; उन्होंने तो लोकतंत्र को शर्मसार कर दिया। बता दें, झारखंड हाई कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका मंजूर कर ली है।



## यूरो कप-2024

1 जॉर्जिया बनाम पुर्तगाल
प्रात : 12.30 बजे से
स्टेडियम: एरिना औफशाल्के, स्टेडियम

2 टर्की बनाम चेक गणराज्य
प्रात : 12.30 बजे से
स्टेडियम: वोल्क्सपार्कस्टेडियन

## एक नजर

### मेरा लक्ष्य विकेट नहीं, सही लेंथ पर गेंदबाजी करना था: अक्षर

**जॉर्जटाउन (गुयाना)।** तीन विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने कहा कि उन्होंने बिना कुछ अलग किए चीजों को सरल रखा। भारत की इस जीत में कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने बल्ले से काफी अहम भूमिका निभाई। वहीं, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और जडेजा ने अंतिम ओवरों में महत्वपूर्ण रन जुटाए जो अंत में विनिंग मार्जिन साबित हुआ। पहली पारी में भारत ने 171 रनों का स्कोर बनाया, जिसके जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम सिर्फ 103 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। गेंद के साथ कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने मैच जिताऊ गेंदबाजी की। अक्षर और कुलदीप ने तीन-तीन विकेट लेकर इंग्लैंड की पारी को तहस-नहस कर दिया। वहीं जसप्रीत बुमराह समेत अन्य गेंदबाजों ने भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई।

### काश हम भारत को 145-150 पर रोक पाते : बटलर

**जॉर्जटाउन (गयाना)।** इंग्लिश टीम के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया है कि भारत ने सेमीफाइनल मुकाबले में उन्हें खेल के हर विभाग में मात दी। इंग्लैंड के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ने मैच में मोईन अली गेंदबाजी न कराने पर भी अफसोस जताया। इस मैच में इंग्लैंड के स्पिनरों आदिल रशीद और लियाम लिविंगस्टन ने दोनों के कुल आठ ओवरों में 49 रन दिए, लेकिन बटलर ने स्पिन के लिए मददगार इस पिच पर अपने ऑफ स्पिन ऑलराउंडर मोईन अली को गेंदबाजी नहीं दी। बटलर ने इसे अपनी गलती माना। जोस बटलर ने टॉस जीता और बारिश के खतरे के बावजूद भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

# खिताबी मुकाबले पर बारिश का साया

## बारिश की भेंट चढ़ने पर दोनों टीम होंगे संयुक्त विजेता



● दोपहर में 99 फीसदी बादल छाए रहने से बारिश की संभावना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सेमीफाइनल में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर शानदार जीत के बाद, भारत और दक्षिण अफ्रीका शनिवार को ब्रिजटाउन, बारबाडोस में टी20 विश्व कप के फाइनल में आमने-सामने होंगे।

भारत ने गुयाना में दूसरे सेमीफाइनल में बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण विलंबित मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड को हराया, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को हराकर पहली बार विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमें टूर्नामेंट में अजेय रहीं, लेकिन दिन के मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार, फाइनल में बारिश की भूमिका निभाने की उम्मीद है। हालांकि, खिताबी मुकाबले के लिए एक आरक्षित दिन रखा गया है, लेकिन उस दिन भी पूर्वानुमान गंभीर रहता है। दोपहर में 99 फीसदी बादल छाए रहने से बारिश की संभावना लगातार बनी हुई है। रिजर्व डे (30जून) के लिए मौसम की भविष्यवाणी भी निराशाजनक है, जिसमें दोपहर में बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। ब्रिजटाउन के लिए रविवार के मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है, ज्यादातर बादल छाए रहेंगे और उमस रहेगी; सुबह हवा चलेगी, फिर दोपहर में कभी-कभार बारिश होगी और तूफान आएगा। यदि बारबाडोस में फाइनल मैच बारिश की भेंट चढ़ जाता है तो भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों को का संयुक्त विजेता घोषित किया जाएगा।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच के लिए बारबाडोस पहुंची टीम इंडिया

**एजेंसी। ब्रिजटाउन**

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के लिए शुक्रवार को बारबाडोस पहुंच गई। गुरुवार को गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर भारतीय टीम ने इस बड़े इवेंट के फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और सात अंकों के साथ ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर रही। रोहित शर्मा की टीम 2013 के चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से आईसीसी ट्रॉफी के लिए भारत के सूखे को खत्म करने और दक्षिण अफ्रीका में 2007 के उद्घाटन संस्करण के बाद से अपना पहला टी 20 विश्व कप जीतने के लिए उत्सुक होगी। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच की बात करें तो रोहित (57) के अर्धशतक और सूर्यकुमार यादव (47), हार्दिक पांड्या (23) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 17) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 171 का स्कोर बनाया।

# कोपा अमेरिका : पनामा ने अमेरिका को हराकर ग्रुप सी में उम्मीदें कायम रखीं

**एजेंसी। अटलांटा**

जोस फजार्डो के देर से किये गए गोल की बदौलत पनामा ने अमेरिका को गुरूवार रात 2-1 से हराकर कोपा-अमेरिका के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें कायम रखीं। मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में 18वें मिनट में टूर्नामेंट के मेजबान को 10-पुरुषों तक सीमित कर दिया गया था जब टिमोथी वेह को रॉडरिक मिलर पर एक हिंसक चैलेंज के लिए सीधे लाल कार्ड दिखाया गया था।



शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस झटके के बावजूद, संयुक्त राज्य अमेरिका चार मिनट बाद फोलारिन बालोगुन के माध्यम से आगे बढ़ गया, जिन्होंने एंटोनी रॉबिन्सन के साथ तालमेल के बाद बाएं पैर से शॉट लगाकर गेंद को शीर्ष-दाएं कोने में पहुंचा दिया। राइट-बैक सीजर ब्लैकमैन ने 18-यार्ड बॉक्स के बाहर से निचले प्रयास से गोलकीपर मैट टर्नर को हराकर लगभग तुरंत ही बराबरी कर ली। पनामा ने गेंद पर लगभग 75 फीसदी कब्जे को नियंत्रित किया और संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक पास पूरे किए, जो पीछे बैठकर अपने विरोधियों पर पलटवार करने से संतुष्ट थे। हालाकि, मध्य अमेरिकी टीम के पास अन्य विचार थे, और फजार्डो ने अब्दील अयार्जा के पास के बाद 12 गज की दूरी से गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। मैच में एक और मोड़ तब आया जब पनामा के एडलबर्टो कैरासक्विला ने समय से दो मिनट पहले क्रिश्चियन पुलिसिक को गिरा दिया, एक ऐसा अपराध जिसके कारण ह्यूस्टन डायनेमो के मिडफील्डर को सीधे लाल कार्ड मिला। लेकिन पनामा ने देर से आए दबाव को झेलते हुए टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

# चम्पाई सोरेन से रेसलर विकास कच्छप ने की मुलाकात, सीएम ने दी शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता रेसलर विकास कच्छप ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के उभरते हुए रेसलर विकास कच्छप को उनकी इस उपलब्धि के लिए अपनी ओर से उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



मुख्यमंत्री को रेसलर विकास कच्छप ने जोर्डन में आयोजित हुए अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने से लेकर कांस्य पदक जीतने तक की यात्रा एवं अनुभव से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि आप आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहें और देश-दुनिया में राज्य का नाम रोशन करते रहें। आप जैसे खिलाड़ियों पर राज्यवासियों को गर्व है।

उल्लेखनीय है कि रेसलर विकास कच्छप झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रेसलर विकास कच्छप राज्य के पहले खिलाड़ी बने, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीता है। इस अवसर पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और रेसलर विकास कच्छप की माता सुखमनी तिर्की सहित उनके अन्य परिजन उपस्थित थे।

# टी20 विश्व कप फाइनल में भारत की जीत के लिए काशी में हुई गंगा आरती

**एजेंसी। वाराणसी**

टीम इंडिया टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंच चुकी है। खिताबी जंग में टीम का सामना शनिवार को द.अफ्रीका से होगा। इस मुकाबले में भारत की जीत के लिए काशी में पूजा-अर्चना का दौर अभी से ही शुरू हो चुका है। भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड पर 68 रनों की जीत के साथ टी20 विश्व कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इसके बाद, वे बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण



अफ्रीका से भिड़ेंगे, जो टूर्नामेंट की भारत के साथ-साथ एकमात्र अन्य अपराजित टीम है। भारत आईसीसी टूर्नामेंट में अपने कई वर्षों के सूखे को खत्म करने और 2007 के बाद अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेगा। इस मुकाबले को लेकर भारतीय फैंस काफी उत्साहित हैं और वो उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार टीम इंडिया ट्रॉफी के साथ स्वदेश लौटेगी। इस मैच से पहले काशी की नमामि गंगे टीम ने विश्वनाथ धाम स्थित गंगा द्वार पर मां गंगा की आरती उतारकर भारतीय टीम के लिए प्रार्थना की। फैंस के हाथों में भारतीय क्रिकेटरों की तस्वीर, क्रिकेट बैट और राष्ट्रध्वज नजर आया।

### दून पब्लिक स्कूल स्विमिंग प्रतियोगिता में चार को स्वर्ण

**धनबाद।** जिला ओलंपिक संघ के बैनर तले जिले में गत 23 जून से जारी इंटरनेशनल ओलंपिक डे सप्ताह-व्यापी खेल आयोजन के तहत स्विमिंग प्रतियोगिता आज दून पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के तहत सभी प्रतिभागियों के बीच उम्र के अनुसार चार वर्गों की स्पधाएं आयोजित हुई। जिसके परिणाम इस प्रकार हैं: अंडर 14 ग्रुप अ: राधेश्याम गुप्ता (प्रथम), आदित्य राज (द्वितीय) तथा विवेक कुमार (तृतीय).

# दिसम्बर में वर्ल्ड टेनिस लीग सत्र अबू धाबी लौटेगा

**एजेंसी। अबू धाबी (यूएई)**

अबू धाबी स्पोर्ट्स काउंसिल वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के तीसरे सत्र की मेजबानी करने के लिए तैयार है जो ऐतिहासिक एतिहाद एरेना में 19 से 22 दिसम्बर तक आयोजित होगा। शानदार संगीत प्रदर्शन के साथ विशिष्ट टेनिस के मिश्रण के लिए मशहूर, डब्ल्यूटीएल के दूसरे सीजन ने महत्वपूर्ण लोकप्रियता और वैश्विक मीडिया मूल्य हासिल किया था। चार दिवसीय कार्यक्रम में दानिल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, आंद्रेई रुब्लेव, आर्यना सबालेंका, इगा स्वियाटेक और एलेना




रिबाकिना जैसे वैश्विक टेनिस आइकन के साथ-साथ वैश्विक चार्ट-टॉपर्स 50 सेंट, एकॉन और ने-यो ने दर्शकों को कोर्ट के अंदर और बाहर मंत्रमुग्ध कर दिया था। पीबीजी ईगल्स, जिसमें दानिल मेदवेदेव,आंद्रेई रुब्लेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन शामिल हैं, डब्ल्यूटीएल 2023 के चैंपियन के रूप में उभरे। सीजन 2 में 20,000 से अधिक उपस्थिति हुई और 125+ देशों में इसका सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें विश्व स्तरीय कलाकारों ने एतिहाद एरिना में प्रदर्शन किया। अच्छी तैयारी के साथ, अबू धाबी एक बार फिर 'ग्रेटेस्ट शो ऑन कोर्ट' की मेजबानी के लिए तैयारी कर रहा है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारती एयरटेल ने दिया झटका, महंगे किए मोबाइल रिचार्ज

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने शुक्रवार को 3 जुलाई से मोबाइल टैरिफ में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की। अनलिमिटेड वॉयस प्लान में कंपनी ने 179 रुपये के प्लान की कीमत बढ़ाकर 199 रुपये, 455 रुपये के प्लान की कीमत बढ़ाकर 599 रुपये और 1,799 रुपये वाले प्लान की कीमत बढ़ाकर 1,999 रुपये कर दी है। पोस्टपेड प्लान के लिए 399 रुपये वाला टैरिफ प्लान अब 449 रुपये का होगा। वहीं, 499 रुपये वाला प्लान अब 549 रुपये का मिलेगा। मौजूदा 599 रुपये वाला प्लान 699 रुपये का और 999 रुपये वाला प्लान अब 1199 रुपये का होगा। बढ़ी हुई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी।

### बचपन में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से जवानी में होगा नुकसान : शोध

**नई दिल्ली।** एक शोध में यह बताया गया है कि बचपन में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से आगे चलकर फेफड़ों के स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ सकता है। साथ ही इसमें शोधकताओं ने प्रदूषण को कम करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूएससी) के वैज्ञानिकों ने पाया है कि बचपन में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने के बाद वयस्क अवस्?था में ब्रोंकाइटिस के लक्षणों जैसे पुरानी खांसी, कंजेशन या कफ बनना देखा गया है। इन बीमारियों का सर्दी लगने से कोई संबंध नहीं था।

## ओएनडीसी के जरिए पांच लाख एमएसएमई की मदद करेगी सरकार

# महिलाओं को 50% होगा फायदा : केंद्रीय मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से पांच लाख एमएसएमई को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) पर लाने का फैसला किया गया है। इन इनिशिएटिव को 'एमएसएमई टीम' नाम दिया गया है।




इसके तहत पांच लाख एमएसएमई को ओएनडीसी पर लाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके अलावा अकाउंट मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग और कैटलॉग बनाने में भी मदद दी जाएगी।केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि इस योजना के तहत आधा फायदा महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई को मिलेगा। आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने में एमएसएमई की बड़ी भूमिका है। उन्होंने आगे कहा कि तेजी से बदलते वातावरण में एमएसएमई को डिजिटल और टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन अपनाने चाहिए।

मंत्रालय की ओर से एक अन्य पहल 'यशस्विनी' भी शुरू की गई है। इसका उद्देश्य महिला-स्वामित्व वाले अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक बनाना और उन्हें क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना है। इसके तहत चालू वित्त वर्ष में एमएसएमई मंत्रालय द्वारा अभियान की एक पूरी श्रृंखला लॉन्च की जाएगी। इसका फोकस टियर 2 और टियर 3 शहरों पर होगा।


### शेयर बाजार में टूटा तेजी का ट्रेंड, सेंसेक्स 210 अंक फिसला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार के दोनों मुख्य सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स 210 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 79,032 पर और निफ्टी 33 अंक या 0.14 प्रतिशत गिरकर 24,010 पर बंद हुआ। बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई थी। कारोबार के पहले घंटे में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 79,671 और 24,174 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। गिरावट का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 469 अंक या 0.89 प्रतिशत गिरकर 52,342 पर बंद हुआ।

# अदाणी डिफेंस के साथ मिलकर भारत में ही 70 एमएम रॉकेट बनायेगी थेल्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने की केंद्र सरकार की पहल के अनुरूप अदाणी समूह की कंपनी अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारत में ही 60 एमएम रॉकेट बनाने के लिए थेल्स समूह के साथ एक करार किया है। थेल्स ने एक बयान में बताया कि यह भागीदारी न सिर्फ भारत के लिए उसकी प्रतिबद्धता के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर हमारे पार्टनर नेटवर्क को मजबूत बनाने में भी मददगार होगी। थेल्स समूह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम इस भागीदारी पर अदाणी समूह को बधाई देते हैं। हम मिलकर भारत के रक्षा क्षेत्र के विकास और सफलता में योगदान देना चाहते हैं। हम भारत में अदाणी समूह के साथ भागीदारी की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। हम भारत में थेल्स के 70 एमएम रॉकेट के विनिर्माण में साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। थेल्स समूह ने कहा कि भारत के बढ़ते रक्षा उद्योग के लिए 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को जारी समर्थन में यह भागीदारी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।




अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस स्वदेशी रक्षा उत्पादों के डिजाइन, विकास एवं विनिर्माण की एक अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने इसी महीने संयुक्त अरब अमीरात के एज समूह के साथ एक महत्वपूर्ण करार किया है जो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और रक्षा क्षेत्र की एक प्रमुख वैश्विक कंपनी है।

# इमर्जिंग मार्केट्स बॉन्ड इंडेक्स में शामिल होगा भारत, अर्थव्यवस्था पर होगा सकारात्मक असर

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय बॉन्ड या सरकारी बॉन्ड को शुक्रवार से जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट्स बॉन्ड इंडेक्स में शामिल किया जाएगा। इस इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड का शामिल होना काफी अहम माना जा रहा है। पहली बार इस इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड शामिल होंगे और इसे पूरी दुनिया में ट्रैक किया जाता है। जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट्स बॉन्ड इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड का वेटेज 10 प्रतिशत होगा। भारत के सरकारी बॉन्ड के वेटेज को धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से 28 जून, 2024 से लेकर 31 मार्च, 2025 तक यानी 10 महीने में एक-एक प्रतिशत कर इस इंडेक्स में बढ़ाया

» इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड का शामिल होना काफी अहम माना जा रहा है

» जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट्स बॉन्ड इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड का वेटेज 10% होगा




जाएगा। एचएसबीसी होल्डिंग्स के मुताबिक, गवर्नमेंट बॉन्ड इंडेक्स-इमर्जिंग मार्केट्स (जीबीआई - ईएम) में शामिल होने से भारत में 30 अरब डॉलर का फंड इनफ्लो देखने को मिल सकता है। जेपी मॉर्गन की ओर से सितंबर 2023 में भारतीय बॉन्ड्स को जीबीआई-ईएम में शामिल करने का ऐलान किया गया था, तब से लेकर अब तक 10 अरब डॉलर से ज्यादा का इनफ्लो भारतीय बॉन्ड में आ चुका है। जीबीआई-ईएम में शामिल होने से भारतीय अर्थव्यवस्था पर कई सकारात्मक प्रभाव होंगे। गवर्नमेंट बॉन्ड इंडेक्स-इमर्जिंग मार्केट्स में शामिल होने से विदेशी निवेश में तेजी आएगी।

### डॉक्टरों ने लड़की की बायीं जांघ से निकाला दो किलोग्राम का ट्यूमर

**नई दिल्ली।** सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों ने आठ घंटे की सर्जरी के बाद 16 वर्षीय एक लड़की की बायीं जांघ से एक बड़ा ट्यूमर निकालकर उसके पैर को कटने से बचाया। दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिले के नजफगढ़ की रहने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा माया को लंबे समय से अपनी बाईं जांघ के पिछले हिस्से में सूजन हो रही थी। उसे सर गंगा राम अस्पताल में दिखाया गया। ट्यूमर शुरू में छोटा था, लेकिन जल्द ही इसका आकार बढ़ गया। इससे मरीज को चलने और दौड़ने में समस्या होने लगी। धीरे-धीरे यह दर्दनाक भी हो गया और निचले अंग सुन्न पड़ने लगे।

# पीएम गति शक्ति स्कीम से भारत के इन्फ्रा व विकास को मिला सहारा : मॉर्गन स्टेनली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैश्विक निवेश बैंक और वित्तीय कंपनी मॉर्गन स्टेनली का कहना है कि पीएम गति शक्ति योजना से भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और हाईवे, रेलवे एवं पोर्ट में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को गति मिली है जो आर्थिक विकास में मददगार रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक दशक में भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से सुधार हुआ है। इसकी वजह सरकार द्वारा इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाना है। इससे उत्पादकता बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश वित्त वर्ष 2028-29 तक बढ़कर जीडीपी




के 6.5 प्रतिशत पर पहुंच सकता है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 5.3 प्रतिशत रहा था। इस हिसाब से भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश सालाना आधार पर 15.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। ऐसे में अगले पांच साल में भारत इंफ्रास्ट्रक्चर पर कुल 1.45 लाख करोड़ डॉलर खर्च कर सकता है। इससे देश में निवेश बढ़ेगा और साथ ही उच्च विकास दर जारी रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि आम धारणा के विपरीत जीडीपी डिफ्रेंशियल के संदर्भ में देखा जाए तो भारत का फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से ही चीन के मुकाबले ज्यादा अनुकूल है।





हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद मोरहाबादी स्थित आवास में पिता शिबू सोरेन से बात करते हेमंत, बहन ने घर पर तिलक कर किया स्वागत, मां रूपी सोरेन ने दीप जलाकर किया बेटे का स्वागत।

# रिहाई के बाद हेमंत ने माता-पिता से लिया आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से 149 दिनों के बाद रिहा होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जेल गेट पर स्वागत करने के लिए खुद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन मौजूद थी। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से बाहर निकालने पर झामुमो के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन का फूलमाला से स्वागत किया। मौके पर मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताने के बाद हेमंत सीधे मोरहाबादी स्थित अपने माता-पिता के आवास पहुंचे और उनसे आशीर्वाद लिया। यहां उन्होंने पिता शिबू सोरेन से बात की जबकि माता रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन व बहन ने तिलक लगा और दही-चिनी खिला उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि इस मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन सहित पांच आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इसके अलावा झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित 10 आरोपितों पर पूरक आरोप पत्र भी बीते दिनों अदालत में दायर हुआ है।

बड़गाई जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन सहित 12 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार होने वाले आरोपितों में हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो. सद्दाम, मो. अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाह, हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार शामिल हैं।मालूम हो कि हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद हैं। मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसके अलावा जेएमएम नेता अंतू तिर्की सहित 10 आरोपितों पर पूरक आरोप पत्र भी बीते दिनों अदालत में दायर हो चुका है। मामले में हेमंत सोरेन सहित 11 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है।



## सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं : सीएम



रांची। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर खुशी व्यक्त करते लिखा है, सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। सत्यमेव जयते।



झारखंड के पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि न्यायालय के इस फैसले का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन है। अदालत के इस फैसले ने झूठ की रेत पर तानाशाही ताकतों द्वारा बनाए गए महल को भी ढहा दिया है।

## सोशल मीडिया एक्स पर झामुमो ने लिखा 'जय संविधान'

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिलने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने दो शब्दों में प्रतिक्रिया दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पार्टी ने लिखा 'जय संविधान' लिखा है। इस कमेंट के साथ हेमंत सोरेन की बड़ी दाढ़ी वाली फोटो है, जिसके पीछे एक शेर दहाड़ रहा है। झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा ने भी एक्स पर लिखा है सत्यमेव जयते! जय जोहार मेरे भाई हेमंत सोरेन। आपकी लड़ाई रंग लाई! मंत्री हफीजुल हसन ने ट्वीट कर हेमंत सोरेन की रिहाई पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि झारखंड हाई कोर्ट के इस फैसले ने झूठ की रेत पर तानाशाही ताकतों द्वारा बनाए गए महल को भी ढहा दिया है। सत्य कभी भी परास्त नहीं हो सकता।

आज झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट के इस फैसले का स्वागत एवं अभिनंदन है। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट से बरियातू के बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को करीब छह माह बाद शुक्रवार को राहत मिली है।

# हाई कोर्ट ने जेनेटिक अस्पताल के अमानवीय कृत्य का लिया संज्ञान, मुख्य सचिव से जवाब तलब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने रांची के बरियातू-बूटी रोड स्थित जेनेटिक अस्पताल में बिल जमा नहीं करने पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा एक मां को उसके नवजात से 23 दिन तक अलग रखकर बंधक बनाए जाने के मामले को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव से जवाब मांगा है। कोर्ट ने रांची सिविल सर्जन को अस्पताल के रजिस्ट्रेशन की जांच करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने आश्वस्त किया कि जांच कर जेनेटिक अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि जेनेटिक अस्पताल ने पेशेंट के साथ अमानवीय व्यवहार किया है। कोर्ट को बताया गया कि रनिया के बनावीरा नवाटोली निवासी सुनीता कुमारी को 28 मई को प्रसव पीड़ा होने पर खूंटी सदर अस्पताल ले जाया गया था। वहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। यहां आते ही एक ऑटो चालक महिला के पति मंगलू को झांसा देकर जेनेटिक अस्पताल ले गया, जहां महिला ने बच्चे को जन्म दिया। अस्पताल प्रबंधन ने मंगलू से चार लाख रुपये मांगे। जमीन बेचकर दो लाख उसने दे दिए। शेष दो लाख देने में उसने असमर्थता जतायी। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने सुनीता को बंधक बना लिया। सूचना मिलने पर सीआईडी की टीम ने 27 जून को सुनीता को अस्पताल से मुक्त कराया था।

# पृष्ठ एक के शेष

**149 दिन बाद जेल से बाहर...**
पहुंचकर मुलाकात की। जहां उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया।

**न्याय की प्रक्रिया का लंबा खिंचना चिंताजनक : हेमंत :** रिहाई के बाद हेमंत सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा, षड्यंत्र रचकर और झूठी कहानी गढ़कर मुझे पांच महीने तक जेल में रखा गया। अंततः न्यायालय के आदेश पर राज्य की जनता के बीच हूं। न्यायालय का जो आदेश आया है, वह देखने-समझने लायक है। हमने जिस लड़ाई का संकल्प लिया है, उसे मुकाम तक पहुंचाएंगे। सोरेन ने कहा कि न्यायालय के आदेश का पूरा सम्मान है, लेकिन न्याय की प्रक्रिया का लंबा खिंचना चिंता की बात है। आज देश में सरकार के खिलाफ बोलने वाले राजनेताओं, समाजसेवियों, लेखकों, पत्रकारों की आवाज को सुनियोजित तरीके से दबाया जा रहा है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि कोर्ट के समक्ष अब तक जो तथ्य लाए गए हैं, उसमें यह मानने का कोई आधार नहीं है कि सोरेन मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी हैं। मालूम हो कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। 1 फरवरी को उन्हें न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेजा गया था।

**हेमंत के अधिवक्ता कपिल सिब्बल और मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा था :** जिस जमीन पर कब्जे के आरोप में ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की है, वह जमीन छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट के तहत भुईंहरी नेचर की है और इसे किसी भी स्थिति में किसी व्यक्ति को बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता। इस जमीन की लीज राजकुमार पाहन के नाम पर है। इस जमीन पर हिलेरियस कच्छप नामक एक व्यक्ति खेती करता था और बिजली का कनेक्शन उसी के नाम पर पर है। इससे हेमंत सोरेन का कोई संबंध नहीं है। अधिवक्ताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन पर वर्ष 2009-10 में इस जमीन पर जब कब्जा करने का आरोप लगाया गया, लेकिन इसे लेकर कहीं कंप्लेन दर्ज नहीं है। अप्रैल 2023 में ईडी ने इस मामले में कार्यवाही शुरू की और सिर्फ कुछ लोगों के मौखिक बयान के आधार पर बता दिया कि यह जमीन हेमंत सोरेन की है। ईडी के पास इस बात के कोई सबूत नहीं हैं कि हेमंत सोरेन ने इस पर कब, कहां और किस तरह कब्जा किया। यह राजनीतिक प्रतिशोध का मामला है।

**ईडी की ओर से असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा था :** इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि बरियातू की 8.86 एकड़ जमीन पर हेमंत सोरेन का अवैध कब्जा है। इस जमीन के कागजात में भले हेमंत सोरेन का नाम दर्ज नहीं है, लेकिन जमीन पर अवैध कब्जा पीएमएलए के तहत अपराध है। इस जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की उनकी योजना थी, जिसका नक्शा उनके करीबी विनोद सिंह ने उनके मोबाइल पर भेजा था। राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद ने अपने बयान में भी यह स्वीकार किया है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से मिले निर्देश पर उसने बड़गाईं स्थित जमीन का विस्तृत ब्योरा तैयार कर उपलब्ध कराया था। हिलेरियस कच्छप ने भी हेमंत सोरेन को इस जमीन पर अवैध कब्जा करने में मदद की थी, बिजली कनेक्शन भी अपने नाम लिया था, जमीन की घेराबंदी भी करायी थी। हेमंत सोरेन प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उन्होंने राज्य तंत्र का दुरुपयोग करते हुए खुद को बचाने के कई प्रयास किए थे। उन्हें जमानत दी जाती है तो वे फिर से जांच को बाधित कर सकते हैं।

**युवक ने भाभी को तलवार...**
को अंजाम दिया। महिला की सास का कहना है कि तलवार से मारने पर उसकी बहू ने बचाने की गुहार लगाई। जबतक छत से नीचे आती। तब तक उपेंद्र उसकी हत्या कर फरार हो गया था। महिला पर हमला करने के बाद उपेन्द्र बच्चे पर वार कर तलवार वहीं फेंक कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उपेन्द्र सड़क पर भी लोगों को तलवार लेकर दौड़ाते देखा गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पांडू पुलिस ने हत्यारे आशीष विश्वकर्मा उर्फ उपेंद्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के परिजनों का कहना है कि आशीष विश्वकर्मा उर्फ उपेंद्र विश्वकर्मा से पूर्व से किसी प्रकार का झगड़ा नहीं था। सभी लोग आपस में भाईचारे के साथ रह रहे थे, परंतु एकाएक इतनी बड़ी घटना को क्यों अंजाम दिया। वह समझ से परे है। परिजनों ने कहा कि कुछ दिनों से उपेंद्र विश्वकर्मा की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। जिस दिन शाम में हत्या की उस दिन सुबह मंदिर में पूजा अर्चना भी किया था। नारियल फोड़ा था और सारे लोगों में बांटा था। उसने यह भी कहा था कि आज किसी की हत्या करनी है। हालांकि उसकी बात को लोगों ने हल्के में लिया। लोगों को लगा कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही है, इसलिए ऐसे ही बोल रहा होगा। मृतका रेखा देवी के पिता राजेश विश्वकर्मा व उनकी पत्नी भी अपनी बेटी की हत्या की सूचना मिलने के बाद एमएमसीएच पहुंचे। रेखा के पिता राजेश विश्वकर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक साजिश के तहत ससुरालपक्ष के लोगों ने हत्या करायी है।

**राजधानी में दिनदहाड़े डेढ़...**
जेवर लूटे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। डीएसपी पीके मिश्रा ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**हाइवा ने मोपेड सवार बुजुर्ग...**
गति से चलने के कारण दुर्घटनाएं होते रहती है। अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। पुलिस की मनमानी के खिलाफ भी बीडीओ-सीओ से शिकायत की गयी।

**पीएलएफआई के एरिया...**
पश्चिम सिंहभूम जिले के गुदड़ी थानांतर्गत ओलमोकोद गांव का रहने वाला हे। उनके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, जिसकी मैगजीन में चार कारतूस लोड था और संगठन का पर्चा बरामद किया। बाद में गिरफ्तार निमुस कंडीर उर्फ मास्टर की निशानदेही पर पुलिस ने हारता जंगल में एक पेड़ के नीचे जमीन पर गड्ढा खोदकर वहां छिपाए गए संगठन के लगभग चार सौ कारतूस, सात मोबाइल और कीपैड बरामद किया। जंगल से बरामद गोलियों में 5.56 एमएम के 383 कारतूस, और पॉइंट .315 एमएम की 15 गोलियां हैं।

**राज्य कैबिनेट में 38...**

**गाइडलाइन बनी :** उग्रवादी या आतंकवादी हिंसा पर सामान्य नागरिकों की मौत होने पर उनके आश्रितों के अनुग्रह अनुदान और अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में प्रस्तुत गाइडलाइन बनाई गई है। पुराने मामलों में भी इसके तहत निष्पादन किया जायेगा। बीआरपी और सीआरपी के संविदा कर्मियों के मासिक मानदेय के 17,500 से बढ़कर 27,500 बीआरपी के लिए किया गया। बीआरपी एंड ट्रेंड को 26 हजार, सीआरपी प्रशिक्षित को 25,500 और सीआरपी एंड ट्रेंड को 23,900 मिलेगा। मानदेय वृद्धि हर साल तीन प्रतिशत होगी।

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली के स्थान पर अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने की स्वीकृति दी गई। इसका लाभ 35 से 40 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा।अतिरिक्त प्रतिमाह वित्तीय बोझ 21.7 करोड रुपये आयेगा।

**मुख्य बातें**

-राज्य में मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन रखरखाव योजना शुरू होगी। स्वास्थ्य उपकेंद्र की रक्षों के लिए दो लाख प्रतिवर्ष प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 50 लाख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 10 लाख रुपये दिये जायेंगे। इसके अलावा जिला अस्पतालों के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया है।

-विश्वविद्यालय के छात्रों के शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए फेलोशिप दी जायेगी। पीएचडी में नामांकन लेने वाले छात्रों को प्रतिमाह 25 हजार दर से राशि दी जायेगी। रिसर्च के लिए पेपर प्रस्तुति करने के लिए प्रोत्साहन राशि सिर्फ 500 यूनिवर्सिटी के रैंकिंग के आधार पर यदि किसी विद्यार्थी का फेलोशिप प्रकाशित होता है तो एक बार विदेश जाने के लिए दो लाख रुपये दिया जायेगा। टॉप यूनिवर्सिटी में अध्ययन के लिए स्कॉलरशिप राशि 100 फीसदी ट्यूशन फीस दी जायेगी। अधिकतम छह लाख रुपये दिये जायेंगे लेकिन इसके लिए परिवार की सालाना में आठ लाख रुपये से नीचे होनी चाहिए।

-मुख्यमंत्री अस्पताल रख-रखाव योजना राशि उपलब्ध कराने के लिए झारखंड आकस्मिकता निधि से अग्रिम राशि एक अरब 16 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी।

-कैबिनेट में हरमू फ्लाईओवर की मंजूरी दी गई। लगभग 430.75 करोड़ की लागत आयेगी। कुल 3:30 किलोमीटर लंबा फोरलेन फ्लाईओवर सहजानंद चौक से शुरू होकर रातू रोड होते हुए कांके रोड के एसीबी कार्यालय तक बनेगा।

-केंद्रीय कारा हजारीबाग में हाई सिक्योरिटी जेल निर्माण के लिए 97 करोड़ दिये गये।

-लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त सुरक्षा बलों को प्रतिपूर्ति के भुगतान की मंजूरी।

-देवघर में अंतर्राज्जीय बस टर्मिनल के लिए 60 करोड़ स्वीकृत किये गये।

-झारखंड सहायक कारा पाल संवर्ग नियमावली-2024 गठित किया गया। इसके तहत पहले शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी और बाद में लिखित परीक्षा होगी। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक रखी गई है।

**महेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज...**
बायोम के कर्मचारी सिविल ड्रेस में कैंपस के चारो ओर कड़ी निगराणी करते हैं। ताकी कोई बाहरी व्यक्ति इस कैंपस में प्रवेश ना कर सके, हां सावधानी ये बरती गई है कि यहां बायोम का कोई बोर्ड नहीं है।

**प्रिंसिपल ने कहा बड़ा बाबू से लें जानकारी:** इस संबंध में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संचिता दास से जब पूछा गया तो तो उन्होंने कॉलेज के बड़ा बाबू मनोज सारी बाते करने को कहा और वह निजी तौर पर कुछ भी कहने से बचती रहीं। महाविद्यालय के बड़ा बाबू से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह कॉलेज प्राइवेट है और सरकार की और से हमें एक रुपये का भी अनुदान नहीं मिलता है। हमारा कॉलेज सिर्फ छात्राओं के फीस से ही चलता है।

**भाड़े के पैसा कॉलेज विकास में ही कर सकते हैं खर्च : डीईओ :** रांची जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने कहा कि यदि कोई संस्थान निजी है और सरकार के तरफ से उन्हें कोई अनुदान नहीं मिलता तो वह संस्थान अपने भवन को किराए पर लगा सकती है। किराए से होने वाले आमदनी को कॉलेज के विकास और शिक्षकों के वेतन में ही खर्च किया जा सकता है। इस आमदनी का निजी उपयोग नहीं कर सकते।

**कॉलेज जर्जर अवस्था में थी : पंकज सिंह :** बायोम के निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि कॉलेज जर्जर अवस्था में थी। बायोम ने काफी पैसा खर्च कर कॉलेज भवन का मरमत करवाया। कॉलेज के उपर तल्ले में बायोम का क्लास चलता है। बायोम की ओर से प्रत्येक माह कॉलेज प्रबंधन को नियमित किराया दिया जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### यौन शोषण के दोषी को मिली 10 वर्ष जेल की सजा

**रांची ।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने शुक्रवार को शादी का झांसा देकर सात साल तक यौन शौषण करने के दोषी सुनील मुंडा उर्फ सुमित कुमार पाहन को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने सुनील मुंडा पर एक लाख का जुमार्ना लगाया है। इससे पूर्व कोर्ट ने सुमित को 21 जून को दोषी करार दिया था। पीड़िता ने सुनील के खिलाफ बरियातू थाना में कांड संख्या 93/2017 दर्ज कराई थी। पीड़िता नर्स का काम करती थी। सुनील मरीज का इलाज के बहाने पीड़िता के घर आता जाता था। इसी क्रम में आरोपित ने पीड़िता से नजदीकियां बढ़ाई, जिसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में यह दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। आरोपित ने सात साल तक यौन शौषण करता रहा। पीड़िता को जब लगा कि आरोपित धोखा देकर शोषण कर रहा है, तो शादी के लिए दबाव बनाने लगी। पीड़िता के दबाव के बीच आरोपित शादी करने से मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज कराया।

### सीयूईटी यूजी परीक्षा की तैयारी के लिए पुस्तक का हुआ लोकापर्ण




**रांची ।** मिशनरी स्कूलों द्वारा सीयूईटी यूजी सिलेबस पर आधारित पुस्तक का शुक्रवार को लोकापर्ण किया गया। यह पुस्तक राज्य सहित देश भर में सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा को ध्यान में रख कर लिखी गई है। पुस्तक का लोकार्पण संत जेवियर्स कॉलेज के मुख्य सभागार में मुख्य अतिथि फादर अजीत खेस, ब्रदर हरमन लकड़ा, फादर प्रदीप कुजूर, फादर नाबोर लकड़ा ने किया। पुस्तक का रिव्यू शशि प्रभा तथा मि. रमन ने किया। यह पुस्तक संत जेवियर्स कॉलेज इंटरमीडिएट क्षेत्र के प्राचार्य फादर अजय अनिल तिर्की, संत ऑलवेज इंटरमीडिएट क्षेत्र के प्राचार्य ब्रदर क्लेमेंट कंडुलना तथा सीयूईटी यूजी के कोऑर्डिनेटर सीतांशु पाधी के सम्मिलित प्रयासों से तैयार किया गया है। इसमें इंग्लिश, एप्टीट्यूड तथा रीजनिंग पर विशेष प्रकाश डाला गया है। यह पुस्तक सीयूईटी यूजी के साथ-साथ अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सीडीएस, एसएससी, यूपीएससी, जेपीएससी आदि में मददगार साबित होगी।

# इंटर की पढ़ाई शुरू करे रांची विश्वविद्यालय : युवा आजसू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें छात्र-छात्राओं की परेशानियों से संबंधित 8 सूत्री मांगपत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कुलपति से कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए तत्काल प्रभाव से रांची विवि को इंटरमीडिएट में नामांकन प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। ताकि, राज्य के हजारों मैट्रिक पास छात्र-छात्राएं नामांकन के लिए इधर-उधर नहीं भटकें और अपनी पढ़ाई आगे सुचारू रूप से जारी रख पाएं। अभिषेक शुक्ला ने कहा, पीजी वाणिज्य विभाग के नए भवन का निर्माण होने तक उसे किसी अन्य भवन में शिफ्ट किया जाए। मोरहाबादी स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी में छात्र छात्रा के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए। लगभग 1 महीने के अंतराल हुए दो परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं को बिना परीक्षा दिलवाए ही परीक्षा केंद्र से यह बोलते हुए वापस कर दिया गया कि परीक्षा का प्रश्न पत्र नहीं छपा है। इस दोनों मामले की गंभीरता से जांच करते हुए दोषी पर कार्रवाई की जाए। लगभग 3 महीने पहले आजसू ने विश्वविद्यालय प्रशासन से पीजी के बढ़े हुए परीक्षा शुल्क को वापस लेने का आग्रह किया था। विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस पर हामी भरते हुए परीक्षा शुल्क कम करने की बात कही थी, परंतु तीन महीने बीत जाने के बाद भी विश्वविद्यालय द्वारा पीजी परीक्षा शुल्क में कमी नहीं की गई है, इसे लेकर छात्र-छात्राओं में काफी रोष है। लगभग 1 महीने पहले विश्वविद्यालय के कुलपति को आजसू ने ज्ञापन के माध्यम से यूपीआई मोड से परीक्षा शुल्क जमा करने आदि की व्यवस्था करने की बात कही थी, परंतु अभी तक विश्वविद्यालय द्वारा इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा कि अगर सोमवार तक इंटरमीडिएट समेत अन्य मामलों पर रांची विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में निर्णय नहीं लिया गया, तो युवा आजसू के सदस्य विश्वविद्यालय मे आंदोलन, धरना, प्रदर्शन एवं तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा उसे मामले को लेकर राजभवन से विचार विमर्श के बाद छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के हित में उचित निर्णय सोमवार को लिया जाएगा।

### बीआरपी सीआरपी एसएस संघ ने सरकार को दिया धन्यवाद

**रांची। बीआरपी सीआरपी एसएस संघ, झारखंड प्रदेश ने 19 वर्षो की निरंतर सेवा के उपरांत चिर प्रतिक्षित बीआरपी सीआरपी की सेवाशर्त नियमावली राज्य कैबिनेट द्वारा शुक्रवार को अनुमोदित होने पर कहा कि हम राज्य सरकार के आभारी हैं। हम सरकार को धन्यवाद देते हैं।**

# मरीज के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले अस्पताल पर हो कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




युवा आजसू ने जेनेटिक अस्पताल द्वारा सिर्फ पैसों के लिए एक मां को अपने बच्चे से दूर करने की अमानवीय घटना के विरोध में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। उपायुक्त से मिलकर युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने रांची में संचालित निजी अस्पतालों की मनमानी और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते आम लोगों को आ रही समस्यओं से अवगत कराया। ज्ञापन के माध्यम से युवा आजसू ने कहा कि निजी अस्पतालों की मनमानी से राज्य की जनता हताश है। निजी अस्पताल मनचाहा बिल बनाकर आमजनों पर जुल्म कर रहे हैं। मनमानी करने वाले निजी अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की मांग युवा आजसू ने की। इसके साथ उन्होंने सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले गरीब मरीजों को बरगला कर निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाने वाले बिचौलियों और एंबुलेंस चालकों पर भी जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की।

युवा आजसू द्वारा रिम्स समेत अन्य सरकारी अस्पतालों की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्वास्थ्य सुविधा को दुरुस्त करने और रिम्स में आने वाले मरीजों को पौष्टिक भोजन और स्ट्रेचर, एंबुलेंस जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उपायुक्त से की।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## ब्रिफ न्यूज

### ईरान में 14वें राष्ट्रपति पद के लिए मतदान शुरू




**तेहरान।** ईरान के 14वें राष्ट्रपति पद के लिए शुक्रवार को वोटिंग हो रही है। पिछले महीने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई थी जिसके बाद चुनाव आवश्यक हो गया था। गृह मंत्री अहमद वाहिदी ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा, "हम देश के 14वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू कर रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर पहला वोट डाला। इस दौरान उन्होंने ईरानी लोगों की एकता का आह्वान करते हुए एक स्पीच दी। अधिकारियों के अनुसार, 95 से अधिक राज्यों में लगभग 59 हजार मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी।

### किर्गिज राष्ट्रपति ने रेलवे परियोजना को दी मंजूरी

**बीजिंग।** किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सूचना ब्यूरो से पता चला कि किर्गिज़ राष्ट्रपति सदिर झापारोव ने चीन-किर्गिस्तान-उज़्बेकिस्तान रेलवे परियोजना पर तीन देशों के बीच अंतर-सरकारी समझौते को मंजूरी देने वाले एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे यह आधिकारिक तौर पर प्रभावी हो गया है और कानून बन गया है। बताया गया कि किर्गिज़ संसद ने 19 जून को इस विधेयक को पारित कर दिया और इस महीने 6 जून को चीन-किर्गिस्तान-उज़्बेकिस्तान रेलवे परियोजना पर तीनों देशों के बीच अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर समारोह चीन की राजधानी पेइचिंग में आयोजित किया गया।

### इजरायल पर लेबनान से दागे गए 35 रॉकेट, जनहानि नहीं



**यरूशलेम।** इजराइली सेना ने एक बयान में कहा है कि लेबनान से लगभग 35 रॉकेट और मिसाइल उत्तरी इजराइल के सफ़ेद शहर पर दागे गए, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा, "इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) की हवाई रक्षा प्रणाली ने अधिकांश मिसाइलों को सफलतापूर्वक रोक दिया। देश की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा के अनुसार, किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। मेरोम हागलिल क्षेत्रीय परिषद ने एक बयान में कहा कि एक मिसाइल एक घर पर गिरा।

### मुस्लिम समुदाय के 35 लोगों ने अपनाया सनातन धर्म

**इंदौर।** शहर में मुस्लिम समुदाय के करीब 35 लोगों ने सनातन धर्म अपना लिया है। आयोजन शुक्रवार को स्थानीय खजराना गणेश मंदिर में हुआ। इसके लिए विधि-विधान से खजराना गणेश मंदिर में पूजन-पाठ और हवन किया गया। वैदिक पद्धति से सभी का शुद्धिकरण कराया गया। सनातन धर्म से प्रभावित होकर इन लोगों ने हिंदू धर्म अपनाया है। जानकारी के अनुसार कानूनन धर्मांतरण के लिए इन लोगों ने इंदौर कलेक्टोरेट में आवेदन दिया था। इसके बाद यह आयोजन किया गया। इनकी लीगल प्रोसीडिंग करने वाले एडवोकेट अनिल नायडू और राहुल राठौर ने इसकी पुष्टि की है। इन सभी लोगों ने विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत के प्रमुख संतोष शर्मा के नेतृत्व में इस्लाम छोड़ कर हिन्दू धर्म अपनाया है।

## सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

# नीट पर चर्चा की मांग को लेकर लोकसभा में जोरदार हंगामा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य विपक्षी दलों के जोरदार हंगामे के बाद शुक्रवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो पाई। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला द्वारा बार-बार आग्रह करने और चेतावनी देने के बावजूद विपक्षी दलों का हंगामा और नारेबाजी जारी रही, जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित करना पड़ा। लोकसभा की अगली बैठक अब 1 जुलाई को सुबह 11 बजे होगी। दोपहर 12 बजे दोबारा से लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दलों ने फिर से नीट पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच एक सदस्य के शपथ ग्रहण को लेकर वे शांत हुए, जिस दौरान पश्चिम बंगाल से नवनिर्वाचित टीएमसी सांसद एसके नुरुल इस्लाम ने संसद सदस्यता की शपथ ली। इसके बाद स्पीकर ने कार्यवाही को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का नाम पुकारा लेकिन नीट पर चर्चा की मांग करते हुए विपक्षी सांसद वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही को जारी रहने देने का आग्रह करते हुए कहा कि सदन की शुरूआत में ही नियोजित तरीके से सदन को नहीं चलने देना सही नहीं है, यह लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है और सदन चलाने की जिम्मेदारी सबकी है।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी खड़े होकर कहा कि संसद के इतिहास में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान किसी अन्य विषय पर चर्चा की परंपरा नहीं है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के व्यवहार की वे निंदा करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जो भी मुद्दे उठाए जाएंगे, सरकार उन सभी मुद्दों का जवाब देने के लिए तैयार है। लेकिन विपक्षी दलों के सांसदों ने लोकसभा स्पीकर और केंद्रीय मंत्री दोनों की बातों को नजरअंदाज करते हुए हंगामा जारी रखा।





*देश के युवा धबराए है। उन्हें नहीं पता क्या होने वाला है। संसद से यह मैसेज जाना चाहए कि सरकार और विपक्ष उनकी चिंताओं को लेकर एक साथ हैं।*

***राहुल गांधी, नेता प्रितपक्ष, लोकसभा***

### उच्च स्तरीय समिति ने एनटीए में सुधार के लिए छात्रों-अभिभावकों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** केंद्र की उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार और संभावित पुनर्गठन के बारे में छात्रों और अभिभावकों से सुझाव आमंत्रित किया है। परीक्षा निकाय एनटीए पर पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं का आरोप है। शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति एक समर्पित वेबसाइट - इनोवेट इंडिया एग्जामिनेशन रिफॉर्म्स के माध्यम से फीडबैक आमंत्रित कर रही है। इस पर 7 जुलाई तक अपने सुझाव दे सकते हैं। इस पर छात्र-अभिवावक आदि परीक्षा निकाय एनटीए में सुधार के लिए अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। एनटीए देशभर में नीट, जेईई, सीयूईटी और यूजीसी-नेट जैसी प्रमुख परीक्षाएं आयोजित करता है। शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में कथित अनियमितता के आरोप के बाद 22 जून को इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था।

### तमिलनाडु विस ने सर्वसम्मति से नीट के खिलाफ पारित किया प्रस्ताव

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा (नीट) के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें केंद्र सरकार से नीट को खत्म करने और राज्य सरकारों को नीट से पहले कक्षा 12 के अंकों के आधार पर मेडिकल प्रवेश लेने की अनुमति देने का आग्रह किया गया।

### नीट मुद्दे पर रास में भारी हंगामा, खरगे वेल में पहुंचे, सभापति ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को विपक्ष ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के कथित पेपर लीक विवाद पर चर्चा की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सदन में नीट का मुद्दा उठाया और कथित पेपर लीक पर चर्चा के लिए दबाव डाला।

## लोकसभा की हलचल

### लोकसभा में फिर गूंजा 'माइक' कांग्रेस नेताओं ने उठाए सवाल

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा में राहुल गांधी का माइक बंद करने को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। गौरव गोगोई ने कहा कि जिस समय राहुल गांधी ने सदन में गुजारिश की, आज के दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर देश के युवाओं को एक संदेश दें कि नीट की इस मुश्किल घड़ी में हम उनके साथ हैं। लेकिन, उस वक्त सत्ता पक्ष ने उनका माइक बंद करके बच्चों की आवाज दबाने की कोशिश की। हम चाहते हैं कि नीट पर सकारात्मक चर्चा हो और इसलिए जब सरकार ने मना किया, तो आज हमने पार्लियामेंट के अंदर विरोध जताया। ये संसद सबका है और नीट के विषय पर सरकार की जवाबदेही होना चाहिए।

### संसदीय व्यवस्था का पालन करें राहुल गांधी : ओम बिरला

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि राष्ट्रपति



के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्थगन प्रस्ताव के नोटिस नहीं लिए जाते। उन्होंने राहुल गांधी से संसदीय व्यवस्था का पालन करने का आग्रह करते हुए कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं और इसलिए आप संसदीय व्यवस्था का पालन करेंगे, ऐसी उनकी अपेक्षा है।

### सरकार नीट पर चर्चा के लिए तैयार : धर्मेंद्र प्रधान

संसद में विपक्षी सांसदों के राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक



(नीट-यूजी) मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार नीट पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन सब कुछ परंपरा और मयार्दा के भीतर होना चाहिए। प्रधान ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब कल राष्ट्रपति ने स्वयं अपने भाषण में परीक्षा के बारे में बात की तो इससे सरकार की मंशा का पता चलता है कि हम किसी भी मुद्दे का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी देश के युवाओं और देश के छात्रों के प्रति है।

## डेंगू के मरीज बढ़ने शुरू, नवंबर तक रहें सतर्क

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बाद बारिश के कारण तापमान में कुछ गिरावट तो हुई है, लेकिन उमस बढ़ने लगी है। और जब लगातार वर्षा होने लगेगी तो जल भराव, जमाव के कारण मच्छर बढ़ने लगेंगे। तब मच्छर जनित बीमारियां बढ़ने लगेंगी। इसी के मद्देनजर कई डॉक्टर कहने लगे हैं कि डेंगू को लेकर अब मौसम अनुकूल होने जा रहा है। तापमान जब 30 डिग्री के पास हो जाएगा, जब मौसम में ना गर्मी ज्यादा है और ना ही सर्दी रहेगी तो डेंगू व मलेरिया मच्छर तेजी से पैदा होने लगेंगे। इससे बचने के लिए घर के आसपास पानी का जमाव न होने दें। मच्छर बढ़ेंगे तो डेंगू सहित कई बीमारियां भी बढ़ेंगी। वैसे दिल्ली व अन्य कई जगह अभी से डेंगू के मरीज आने शुरू हो गये। यह धीरे -धीरे बढ़ते जाएँगे। जब वर्षा का मौसम समाप्त होता है और सर्दी शुरू होने वाली रहती है उस समय डेंगू के ज्यादा मामले आते हैं। अभी से नवंबर तक लोगों में डेंगू होने की संभावना ज्यादा रहती है। डेंगू बुखार है, लेकिन डॉक्टरों के परामर्श से बिना लापरवाही उसका इलाज व मरीज की देखभाल घर पर किया जाए तो मरीज ठीक हो सकती है। लेकिन लापरवाही होने पर जानलेवा हो सकता है। बिना चिकित्सक की सलाह से दवाई लेने पर मरीज के खून में प्लेटलेट्स अचानक कम हो सकते हैं। सामान्य रूप से खाना देना जारी रखें, बुखार की हालत में शरीर को और ज्यादा पौष्टिक भोजन की जरूरत होती है। डेंगू से बचने के लिए घर के आसपास पानी को जमा नहीं होने दें। रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें. डेंगू के मच्छर दिन में अधिक काटते हैं, इसलिए दिन में विशेष तौर पर सावधान रहें। घर में कूलर के पानी को बार-बार बदलते रहें।घर के आसपास पानी जमा नहीं होने दें। डेंगू मादा एडीज इजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। एडीज इजिप्टी मच्छर बहुत ऊंचाई तक नहीं उड़ पाते हैं।इन मच्छरों के शरीर पर चीते जैसी धारियां होती हैं। ये मच्छर दिन में, विशेषकर सुबह काटते हैं। डेंगू जून-जुलाई से अक्टूबर में सबसे ज्यादा फैलता है। इस मौसम में मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां होती हैं। इसलिए ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए।




## फूलो देवी राज्यसभा में हुईं बेहोश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में एक महिला सांसद सदन में हो रही चर्चा के बीच बेहोश हो गईं। इसके बाद सभापति ने कार्यवाही को तुरंत रोक दिया। सभापति ने इस दौरान पास बैठे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी को पीड़ित सांसद की मदद के लिए कहा। राज्यसभा में बेहोश होने वाली सांसद का नाम फूलो देवी नेताम है। वह छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य हैं। राज्यसभा में मौजूद कुछ अन्य सांसदों के मुताबिक फूलो देवी नेताम का ब्लड प्रेशर बढ़ गया था, जिसके कारण वह बेहोश हो गईं। इस प्रकरण के कुछ देर बाद राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों ने सदन का बहिष्कार किया। फूलो



देवी नेताम को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इंडिया गठबंधन के विभिन्न नेता उनसे मुलाकात करने पहुंच रहे हैं।

### बेहोश हुईं सांसद,सरकार सदन चलाती रही : खरगे


कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने इस मामले को लेकर सदन की कार्यवाही रोकने के सवाल पर कहा कि इस सरकार के पास लोगों के लिए कोई दया नहीं है। वो हाउस को चलाते रहे और बोलने वाले बोलते रहे। सरकार और सदन ने आधे घंटे भी कार्यवाही रोक कर यह नहीं देखा कि आखिर क्या हुआ। उनको सिर्फ यही फ्रिक है कि किसी भी तरह से हाउस चलता रहे। हम भी यही चाहते हैं, लेकिन एक सांसद सदन में गिर गई तो ऐसे में कार्यवाही को कुछ देर के लिए रोक देना चाहिए था।

**गतिरोध** — योजनाबद्ध तरीके से संसद की कार्यवाही को चलने नहीं देना चाहता है विपक्ष

# सड़क व संसद का अंतर समझें विपक्षी दल: ओम बिरला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा के नव निर्वाचित अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित करने से पूर्व हंगामा कर रहे राजनीतिक दलों को कड़ी नसीहत दी। इसके साथ ही उन्होंने हंगामा और नारेबाजी कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में मदद करने का भी अनुरोध किया। ओम बिरला ने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, आप अपनी जो भी बात रखना चाहते हैं, उसके लिए आपको अवसर दिया जाएगा। पर यहां साफ दिख रहा है कि आप योजनाबद्ध तरीके से संसद की कार्यवाही को चलने नहीं देना चाहते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि चुनावों के बाद यह संसद का पहला सत्र है। लोग आपके कार्यकलाप देख रहे हैं। जनता ने आपको इसलिए चुनकर भेजा है ताकि आपकी उनकी बात यहां रख सकें लेकिन आप जिस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे लगता है कि आप सड़क और संसद के बीच का अंतर नहीं समझते हैं। ओम बिरला ने कहा कि संसदीय व्यवस्था और परम्परा के अनुसार राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद केवल उस पर धन्यवाद प्रस्ताव पर ही चर्चा हो सकती है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में नीट परीक्षा का मुद्दा भी उठाया था। आप चर्चा में भाग लेकर उस पर अपनी बात रख सकते हैं।



- **राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में नीट परीक्षा का मुद्दा भी उठाया था।**
- **विपक्ष अपनी बात रखने के लिए समय तो मांगते हैं लेकिन परंपरा का निर्वाह नहीं करते।**

नियम को दरकिनार कर बहस कराने की मांग करने और हंगामा करने की नीयत पर लोकसभा अध्यक्ष ने तीखा कटाक्ष भी किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसदीय परम्परा का हवाला देते हुए इसे देश के सर्वोच्च पद के प्रति असम्मान बताते हुए विपक्षी दलों से कहा कि वे धन्यवाद प्रस्ताव में बात रखते हुए किसी भी विषय पर अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। सरकार हर विषय पर जवाब देगी। पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का कहना है कि पिछली लोकसभा में उन्हें अनेक बार सत्र संचालन करने का अवसर मिलता था। उन्होंने पाया कि विपक्षी दल एक तरफ तो सदन में अपनी बात रखने के लिए समय की मांग करते हैं। इसके विपरीत जब अवसर दिया जाता है तो कोई न कोई शर्त रखकर हंगामा और नारेबाजी करने लगते हैं। कुछ सांसदों को लगता है कि गंभीर चर्चा करने की बजाय हल्ला हंगामा करने से उन्हें ज्यादा प्रसिद्धि मिलेगी।

### तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर मेघवाल को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** आपराधिक न्याय व्यवस्था से संबंधित तीनों नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (बीएनएसएस), भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023 (बीएनएस) और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) अधिनियम 2023 एक जुलाई से लागू हो रहे हैं। इन तीनों कानूनों के लागू होने के विरोध में डीएमके राज्यसभा सदस्य पी विल्सन ने शुक्रवार को कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। डीएमके सांसद ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023" के कार्यान्वयन को रोकने और इन तीनों अधिनियमों को लागू करने की आवश्यकता पर विचार करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

## भाजपा ने शराब त्रासदी पर एनएससीसी को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने तमिलनाडु के कल्लाकुरिची अवैध शराब त्रासदी मुद्दे के संबंध में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनएससीसी) के अध्यक्ष से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग की। शुक्रवार को भाजपा नेता अनिल एंटनी, अरविंद मेनन और सांसद जीके वासन ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनएससीसी) के अध्यक्ष किशोर मकवाना से मुलाकात की और कल्लाकुरिची (तमिलनाडु) अवैध शराब त्रासदी के संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के बाद भाजपा नेता अनिल एंटनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि तमिलनाडु में जहरीली शराब के सेवन से लगभग 66 लोगों की मौत हो गई है और 150 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तमिलनाडु में जहरीली शराब के सेवन से मरने वालों में से ज्यादातर अनुसूचित जाति समुदाय से हैं। उनमें से अधिकांश दैनिक वेतनभोगी हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इस तरह के हादसे कई बार होते रहे हैं लेकिन तमिलनाडु सरकार इस पर मौन है। अवैध शराब त्रासदी तमिलनाडु सरकार और शराब माफिया के बीच एक अपवित्र सांठगांठ के कारण हो रहा है। अनिल एंटनी ने आरोप लगाया इस घटना के बाद भी राज्य सरकार अपराधियों को बचाने की कोशिश कर रही है। इसलिए आयोग से शिकायत की गई है। आयोग के अध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि वे पर्याप्त कदम उठाएंगे।